

डॉलर की मजबूती से पस्त हुए चांदी सोना, 4 प्रतिशत तक गिरे दाम - 12




एलपीजी संकट के कारण केरल में 40 प्रतिशत रेस्टोरेंट बंद - 12



पूर्वोत्तर में स्थायी शांति ले आई भाजपा कांग्रेस ने स्वार्थी हितों को ऊपर रखा - 13



मसूरी में क्रिकेटर कुलदीप यादव की हल्दी की रस्म पूरी - 14


आज का मौसम
33.0° अधिकतम तापमान
19.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.23
सूर्यास्त 06.20

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष दशमी उपरांत 08:11 एकादशी विक्रम संवत 2083

शनिवार, 14 मार्च 2026, वर्ष 7, अंक 108, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## सेंसेक्स 1470, निफ्टी 488 अंक टूटा दो सप्ताह में 33.68 लाख करोड़ डूबे

मुंबई, एजेंसी

- लगातार बिकवाली से 27 फरवरी से अब तक कुल 6,723.27 अंक टूट चुका सेंसेक्स




पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 1,470 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी को 488 अंकों का नुकसान हुआ। पिछले दो हफ्तों में निवेशकों की संपत्ति 33.68 लाख करोड़ रुपये घट गई।

विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में भारी बिकवाली, विदेशी कोषों की निरंतर निकासी और रुपये की कमजोरी ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,470.50 अंक यानी 1.93 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,563.92 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,579.82 अंक यानी दो प्रतिशत गिरकर 74,454.60 अंक पर आ गया था। इसी तरह, निफ्टी 488.05 अंक यानी 2.06 प्रतिशत फिसलकर 23,151.10 अंक पर बंद हुआ। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 3,348 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई, जबकि 941 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए और 132 अन्य शेयरों के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

साप्ताहिक आधार पर देखें तो बीएसई सेंसेक्स में इस हफ्ते कुल 4,354.98 अंक यानी 5.51 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि निफ्टी 1,299.35 अंक यानी 5.31 प्रतिशत के नुकसान में रहा। सेंसेक्स 27 फरवरी से अब तक कुल 6,723.27 अंक यानी 8.27 प्रतिशत टूट चुका है।

## हिरासत से भाग रहे हत्यारोपी अजय का एनकाउंटर

### पुलिस बोली, हथियार बरामदगी के दौरान आरोपी ने की फायरिंग, नए डीजीएम दहशत से मुंबई लौटे, एसएसपी का तबादला

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) प्लांट में एक दिन पहले हुए उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता और सहायक प्रबंधक हर्षित मिश्रा हत्याकांड के आरोपी अजय सिंह ने पुलिस पर फायरिंग कर हिरासत से भागने की कोशिश की। पुलिस ने उसे दोनों पैरों में गोलियां मारकर दबोच लिया। प्लांट में दो अफसरों की हत्या के बाद भारी दहशत का माहौल है। वहीं शासन ने शुक्रवार देर रात एसएसपी का तबादला कर दिया है।

डीजीएम की कुर्सी संभालने भेजे गए लोकेश प्लांट के अंदर डबल मर्डर से आतंकित होकर मुंबई लौट गए हैं। मारे गए डीजीएम व एएम के परिवारों ने बदायूं पुलिस के साथ एचपीसीएल के एक सीनियर अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। फिलहाल प्लांट बंद और कर्मचारियों को अगली सूचना का इंतजार करने को कहा गया है। पुलिस के अनुसार, थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव सेंजनी में स्थित एचपीसीएल के प्लांट में गुरुवार में दो अफसरों की हत्या के बाद आरोपी अजय सिंह प्लांट की गाड़ी से भाग निकला था। बाद में उसने सरेंडर कर दिया था। प्लांट कर्मी जीशान अंसारी ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अजय से पूछताछ के बाद पुलिस रात में उसे लेकर घटना में इस्तेमाल हथियार बरामद करने गई थी। उसने छिपाकर रखा गया लोड तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में वह अजय घायल हो गया। एक सिपाही भी जख्मी हुआ है। दोनों अस्पताल में भर्ती हैं। शुक्रवार को मुंबई से पहुंचे एचपीसीएल के सीईओ व अन्य उच्चाधिकारियों ने प्लांट का जायजा लेकर रिपोर्ट तैयार की। बदायूं प्रशासन का कहना है कि प्लांट शनिवार से फिर शुरू हो जाएगा। लापरवाही को लेकर मूसाझाग थाना प्रभारी के निलंबन के बाद एसएसपी के पीआरओ वीरेंद्र तोमर को तैनाती दी गई है। प्लांट पर पुलिस-पीएसी तैनात है। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि हिरासत से भागने की कोशिश कर रहा आरोपी अजय पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।



एनकाउंटर के बाद घायल आरोपी को ले जाती पुलिस।

**एचपीसीएल गोलीकांड**

- एनकाउंटर में आरोपी अजय के दोनों पैर में लगी गोली
- पीड़ित परिवारों ने घटना को लेकर लगाए गंभीर आरोप
- पुलिस के साथ एचपी के एक अफसर की भूमिका सवालों में

**ब्रीफ न्यूज**

### इंडिगो 14 मार्च से घरेलू अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए ईंधन शुल्क वसूलेगी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण विमान ईंधन की कीमतों में आए तेज उछाल के बीच इंडिगो ने शुक्रवार को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ान टिकटों पर 14 मार्च से 425-2,300 रुपये तक ईंधन शुल्क वसूलने की घोषणा की। इंडिगो के इस कदम से हवाई किराये में बढ़ोतरी हो जाएगी। एयरलाइन ने कहा कि घरेलू उड़ानों और भारतीय उपमहाद्वीप के भीतर ईंधन शुल्क 425 रुपये होगा, जबकि पश्चिम एशिया की तरफ जाने वाली उड़ानों के लिए यह शुल्क 900 रुपये होगा। दक्षिण-पूर्व एशिया और चीन, अफ्रीका और प. एशिया की उड़ानों के लिए ईंधन शुल्क 1,800 होगा जबकि यूरोप की उड़ानों के लिए ईंधन शुल्क 2,300 रुपये होगा।

### बैंक धोखाधड़ी मामले में अनिल अंबानी के बेटे से पूछताछ की

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने शुक्रवार को 228 करोड़ रुपये के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया धोखाधड़ी मामले में उद्योगपति अनिल अंबानी के बेटे जय अनमोल अंबानी से पूछताछ की। जय अनमोल अंबानी को शनिवार को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है। अधिकारियों के अनुसार, एजेंसी ने बैंक धोखाधड़ी मामले में उनसे पूछताछ की, जिसमें उन पर रिलायंस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पूर्व सीईओ तथा पूर्व पूर्णकालिक निदेशक रवींद्र सुधाकर समेत अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

## भारत को मिली बड़ी राहत, ईरान होर्मुज में जहाजों को सुरक्षित रास्ता देने को तैयार

### फंसे भारतीय ध्वज वाले 28 जहाजों में से एक रवाना, ओमान में दो भारतीयों की मौत

- विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष से बात की
- ईरान के हमले से अमेरिकी विमान क्रैश, छह सदस्यों की मौत

नई दिल्ली/दुबई, एजेंसी

भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने कहा है कि ईरान भारत को सुरक्षित रास्ता देने के लिए तैयार है। भारत और ईरान के बीच दोस्ताना संबंध हैं। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत के दौरान फतहाली ने कहा, आप जल्द ऐसा होते देखेंगे। इसी बीच होर्मुज में फंसे भारतीय ध्वज वाले 28 जहाजों में से एक जहाज सुरक्षित रूप से रवाना हो गया।

जहाजरानी मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि ओमान से अफ्रीका के लिए गैसोलीन ले जा रहा भारतीय ध्वज वाला तेल टैंकर 'जग प्रकाश' होर्मुज जलडमरूमध्य के पूर्व से रवाना हो गया है। वहीं, ओमान के सोहर प्रांत में ड्रोन गिरने से दो भारतीय कामगारों की मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक सुरक्षा बलों ने एक ड्रोन को मार गिराया था, जिसके बाद उसका मलबा गिरने से यह हादसा हुआ। शुक्रवार को ईरान की राजधानी तेहरान में एक चौक पर शुक्रवार को भीषण विस्फोट हुआ, जहां बड़ी संख्या में लोग फिलिस्तीनियों के समर्थन में तथा इजराइल के खात्मे के आह्वान पर सरकार द्वारा आयोजित वार्षिक कुद्स दिवस पर इकट्ठा हुए थे। इससे पहले इजराइल ने चेतावनी दी थी कि वह मध्य तेहरान के इस इलाके को निशाना बनाएगा।

वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार रात टेलीफोन पर अपने ईरानी समकक्ष सैयद अब्बास अराघची से बात की। दोनों नेताओं के बीच यह चौथी बातचीत है, जो ऐसे समय हुई है जब भारत होर्मुज के दोनों ओर खड़े 28 व्यापारिक जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने के प्रयासों को तेज कर रहा है। वहीं ईरान के हमले में अमेरिकी सेना का ईंधन भरने वाला विमान क्रैश हो गया। जिसमें सभी छह वायुसैनिकों की मौत हो गई है। सेना ने कहा कि घटना की परिस्थितियों की जांच की जा रही है। ईरान ने खाड़ी देशों पर शुक्रवार तड़के कई हमले किए, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने उसे बड़े जवाबी हमले की चेतावनी दी।



तेहरान में हुए हमले के बाद मलबे में फंसे जीवित लोगों की तलाश करते बचावकर्मी।

### अमेरिकी रक्षा मंत्री बोले- मोजतबा खामेनेई घायल, उनका शरीर विकृत

**दुबई।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि ईरान के नए सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई घायल हैं और संभवत: उनका शरीर विकृत हो गया है। हेगसेथ का यह बयान ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के उस बयान के एक दिन बाद शुक्रवार को आया, जिसमें उन्होंने एक लिखित बयान जारी करके युद्ध जारी रखने का संकल्प लिया था।

### मोजतबा को नहीं बख्शेंगे : नेतन्याहू

**यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान के नव निर्वाचित सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई को भी बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा, मैं किसी भी आतंकी संगठन के नेता को नहीं बख्शूंगा। ईरान में सत्ता को उखाड़ फेंकने के विषय पर इजराइल के प्रधानमंत्री ने कहा कि अमेरिका और इजराइल ईरान के लोगों के लिए ऐसी परिस्थितियां बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं जिससे कि वे अत्याचारी शासन को उखाड़ फेंक सकें।

### अन्य देशों को रूसी तेल खरीद की छूट

**वॉशिंगटन।** तेल की बढ़ती कीमतों के बीच, राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रशासन ने अन्य देशों को इस समय समुद्र में फंसे रूसी तेल की खरीद की अस्थायी अनुमति दिए जाने की घोषणा की है। ईरान के खिलाफ अमेरिका एवं इजराइल के युद्ध के जल्द समाप्त होने के तत्काल कोई संकेत नहीं मिलने के बीच यह घोषणा की गई है। अमेरिका ने इससे पहले भारत को इसी तरह की छूट दी थी ताकि वह रूसी तेल खरीद सके।

## रसोई गैस पर हंगामा, कार्यवाही 3 बार स्थगित, सीईसी के खिलाफ नोटिस



- सदन की कार्यवाही के दौरान विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष से आठ विपक्षी सांसदों का निलंबन रद्द करने का किया आग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्षी दलों ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पक्षपात व भेदभाव करने सहित अन्य आरोपों को लेकर पद से हटाने का प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस संसद के दोनों सदनों में सौंप दिए। सूत्रों ने कहा, हस्ताक्षरकर्ताओं में इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों के सदस्य शामिल हैं।

वहीं, रसोई गैस की किल्लत को लेकर हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही शुक्रवार को तीन बार स्थगित करनी पड़ी। ईरान युद्ध के कारण देश में रसोई गैस की हो रही किल्लत को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण कार्यवाही पहली बार पूर्वाह्न 11 बजे स्थगित की गई। सदन के दोपहर 12 बजे समवेत होते ही विपक्षी सदस्य फिर हंगामा करने लगे जिस पर कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। अपराह्न दो बजे कार्यवाही फिर शुरू होने पर विपक्षी सदस्यों ने इसी मुद्दे पर फिर हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे के बीच ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025-26 की अतिरिक्त अनुदान मांगों पर हुई चर्चा का जवाब दिया। इसके बाद अतिरिक्त अनुदान मांगे पारित की गयीं और इससे जुड़ा विनियोग विधेयक 2026 भी पारित किया। इसके बाद भी विपक्षी सदस्यों का हंगामा जारी रहा, जिस पर पीठासीन कृष्ण प्रसाद तेन्नेटी ने कार्यवाही सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। सदन की कार्रवाई के दौरान विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष से आग्रह किया है कि आठ विपक्षी सांसदों का निलंबन रद्द किया जाए।

### आर्थिक स्थिरीकरण कोष की मदद से वैश्विक चुनौतियों से निपटेगी सरकार : सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि एक लाख करोड़ रुपये का आर्थिक स्थिरीकरण कोष (इकोनॉमिक स्टेबिलाइजेशन फंड) सरकारी योजनाओं को पटरी से उतारे बिना पश्चिम एशिया संकट जैसी स्थिति में देश को आर्थिक झटकों को सहन करने में मदद करेगा। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुदान की अनुपूरक मांगों के दूसरे बैच पर लोकसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि यह कोष पश्चिम एशिया में मौजूदा संकट जैसी आकस्मिक वैश्विक चुनौतियों से लगने वाले झटकों को झेलने के लिए एक 'बफर' के तौर पर काम करेगा। वित्त मंत्री ने देश में एलपीजी की कथित कमी को लेकर सदन में शोरगुल कर रहे विपक्षी सदस्यों पर प्रहार करते हुए कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब मैं अप्रत्याशित वैश्विक स्थिति, आपूर्ति श्रृंखला और एलपीजी (संकट) पर बात कर रही हूं तो वे जवाब सुनने को तैयार नहीं हैं। इसके बजाय वे अपना एजेंडा चला रहे हैं। विपक्ष आसन के करीब आकर हंगामा कर रहा है, यह देश का दुर्भाग्य है।

## ग्रीन कॉरिडोर के बाद अब मेट्रो ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर : योगी

- राजनाथ सिंह और सीएम योगी ने 1,519 करोड़ की ग्रीन कॉरिडोर परियोजना का किया लोकार्पण
- फेज-2 का उद्घाटन, फेज-3 व 4 का शिलान्यास, योगी ने कहा-मजबूत होगी कनेक्टिविटी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजधानी लखनऊ को आधुनिक कनेक्टिविटी और तेज यातायात व्यवस्था की बड़ी सौगात देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार को 1,519 करोड़ रुपये की लागत से बने ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के दूसरे चरण का लोकार्पण किया। साथ ही परियोजना के तीसरे और चौथे चरण का शिलान्यास भी किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि ग्रीन कॉरिडोर के बाद अब लखनऊ में मेट्रो ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर को भी मंजूरी मिल गई है, जिससे शहर की कनेक्टिविटी और मजबूत होगी।

झूलेलाल वाटिका में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ तेजी से आधुनिक राजधानी के रूप में विकसित हो रहा है और अब यह वास्तव में मुस्कुराइए कि आप लखनऊ में हैं की पहचान को साकार कर रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य की राजधानी ऐसी होनी चाहिए जहां नागरिकों का जीवन सुगम हो और लोग कम समय में अपने गंतव्य तक पहुंच सकें। ग्रीन कॉरिडोर परियोजना करीब 28 किमी लंबी है। इस परियोजना के पूरा होने से जिन मार्गों पर पहले 45 मिनट से एक घंटे तक का समय लगता था, अब वही दूरी मात्र 10 से 15 मिनट में तय की जा सकेगी। इससे शहर में जाम की समस्या भी काफी हद तक कम होगी। योगी ने बताया कि इस परियोजना के लिए राज्य सरकार ने अलग से बजट नहीं दिया। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शहर की सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कर उसका उपयोग करते हुए करीब 1,519 करोड़ रुपये की लागत से यह परियोजना तैयार की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ केवल इंफ्रास्ट्रक्चर में ही नहीं, बल्कि रक्षा उत्पादन, टेक्नोलॉजी और निवेश के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। ब्रह्मोस मिसाइल परियोजना सहित कई रक्षा परियोजनाओं से प्रदेश के युवाओं को नए रोजगार अवसर मिल रहे हैं।



लखनऊ में ग्रीन कॉरिडोर परियोजना का लोकार्पण करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक। ● अमृत विचार

### विकास के लिए जमीन तैयार करता है बुलडोजर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि लोग योगी को बुलडोजर बाबा के नाम से जानते हैं, लेकिन बुलडोजर केवल तोड़ने का काम नहीं करता बल्कि विकास के लिए जमीन भी तैयार करता है। माफियाओं से मुक्त कराई गई जमीन पर विकास कार्य किए जा रहे हैं, जिससे नई परियोजनाओं को गति मिली है। लखनऊ अब केवल इंफ्रास्ट्रक्चर में ही नहीं, बल्कि रक्षा उत्पादन और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## सरकार की एलपीजी जमाखोरों को चेतावनी, पीएनजी अपनाने का आग्रह

- पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता ने कहा एलपीजी उत्पादन 30% बढ़ाया गया

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट से ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने के बीच सरकार ने शुक्रवार को कहा कि घरों के लिए एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की गई है और गैस सिलेंडर के लिए घबराहट में बुकिंग करने की कोई जरूरत नहीं है। इसके साथ ही सरकार ने पीएनजी नेटवर्क के करीब रहने वाले लगभग 60 लाख परिवारों से इस सुविधा को अपनाने का अनुरोध किया है। सरकार ने जमाखोरों व कालाबाजारी करने वालों को चेतावनी दी है कि अगर वे पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण पैदा हुए संकट का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पेट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि पांच मार्च से अब तक घरेलू एलपीजी उत्पादन में 30 प्रतिशत की वृद्धि की जा चुकी है।

## अब वेतन पर आधारित होगा एच-1बी वीजा, सैलरी के आधार पर होगा चयन

- अमेरिका ने 1 अप्रैल से नया फार्म आई-129 लागू किया

**न्यूयार्क।** अमेरिका ने एच-1बी वीजा प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। अब लाभार्थियों का चयन रैंडम के बजाय वेतन के आधार पर होगा। इसके लिए अमेरिका ने फॉर्म आई-129 का नया सिस्टम बनाया है, जिसे 1 अप्रैल 2026 से अनिवार्य कर दिया जाएगा।

कंपनियों को विदेशी कर्मचारियों के लिए दाखिल याचिका में नौकरी से जुड़ी जानकारी देनी होगी। इससे पहले की तुलना में ज्यादा अनुभवी और हाई सैलरी पाने वाले प्रोफेशनल्स को वीजा मिलने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। नए सिस्टम में आवेदकों को चार वेतन स्तरों में बांटा जाएगा। जिस पद का वेतन स्तर जितना ऊंचा होगा, चयन प्रक्रिया में उसे उतने अधिक मौके मिलेंगे। मसलन, लेवल-4 के उम्मीदवार को चार मौके मिलेंगे, जबकि लेवल-1 को सिर्फ एक मौका मिलेगा। फॉर्म आई-129 का उपयोग अस्थायी कामगारों को अमेरिका बुलाने के लिए किया जाता है। अमेरिका का श्रम विभाग हर पेशे और शहर के लिए एक मानक वेतन तय करता है। उसी के आधार पर नौकरी को लेवल-1 से लेवल-4 में रखा जाता है।




**सुप्रीम टिप्पणी** शीर्ष कोर्ट ने देश में मासिक धर्म अवकाश नीति लागू करने संबंधी जनहित याचिका पर सुनवाई से किया इनकार

## पीरियड लीव दी तो महिलाओं को कोई नौकरी नहीं देगा

- अगर ऐसा किया तो महिलाओं का करियर खत्म हो जाएगा : सीजेआई

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष कोर्ट ने कामकाजी महिलाओं को मासिक धर्म अवकाश देने संबंधी राष्ट्रव्यापी नीति निर्माण का अनुरोध करने वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। कहा कि ऐसी स्थिति में कोई महिलाओं को नौकरी नहीं देगा। ऐसा प्रावधान लैंगिक रूढ़ियों को अनजाने में और मजबूत करेगा।

शीर्ष अदालत ने हालांकि कहा कि सक्षम प्राधिकारी इस संबंध में दिए गए अभ्यावेदन पर विचार कर सकते हैं और सभी संबंधित पक्षों से परामर्श के बाद मासिक धर्म अवकाश पर नीति बनाने की संभावना की समीक्षा कर सकते हैं। कोर्ट ने जनहित याचिका का निपटारा करते हुए प्राधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अभ्यावेदन पर उचित निर्णय लें। भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा, ऐसी याचिकाएं डर पैदा करने के लिए दायर की जाती हैं, ये महिलाओं को हीन बताने के लिए, यह कहने के लिए दायर की जाती हैं कि मासिक धर्म उनके साथ होने वाली कोई बुरी चीज है, लेकिन उस नियोक्ता के बारे में सोचिए, जिसे सवेतन अवकाश देना होगा। पीठ ने शैलेंद्र मणि त्रिपाठी द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। सीजेआई ने मासिक धर्म अवकाश को कानून के जरिए अनिवार्य किए जाने के संभावित सामाजिक परिणामों को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि ऐसी याचिकाएं महिलाओं के बारे में रूढ़ीवादी धारणाओं को अनजाने में और मजबूत कर सकती हैं। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एमआर शमशाद ने कहा कि कुछ राज्यों और संस्थानों ने मासिक धर्म अवकाश के अनुरूप पहले ही कदम उठाए हैं।

उन्होंने केरल का उदाहरण दिया, जहां विद्यालयों में इस संबंध में छूट दी गई है। उन्होंने कहा कि कई निजी कंपनियों ने भी कर्मचारियों को स्वेच्छा से इस प्रकार का अवकाश दिया है। सीजआई ने कहा कि स्वैच्छिक नीतियां स्वागतयोग्य हैं लेकिन उन्होंने ऐसे प्रावधानों को कानून के जरिये अनिवार्य बनाए जाने के प्रति आगाह किया।



### स्वेच्छा से अवकाश दिया जाना बहुत अच्छी बात

उन्होंने कहा, स्वेच्छा से अवकाश दिया जाना बहुत अच्छी बात है लेकिन जैसे ही आप कहेंगे कि यह कानून के तहत अनिवार्य है तो कोई उन्हें नौकरी नहीं देगा। उन्हें न्यायपालिका या सरकारी नौकरियों में कोई नहीं लेगा<bha>;</bha> उनका करियर खत्म हो जाएगा। पीठ ने ऐसी व्यवस्थाओं के कार्यस्थल पर प्रभाव और महिलाओं की पेशेवर प्रगति पर पड़ने वाले संभावित असर को भी रेखांकित किया। पीठ ने याचिकाकर्ता की दलीलों पर गौर करते हुए कहा कि याचिका दायर करने वाला व्यक्ति संबंधित प्राधिकारियों को पहले ही अभ्यावेदन दे चुका है।

अमृत विचार

बरेली, शनिवार,14 मार्च 2026

पीलीभीत

## न्यूज ब्रीफ

### योगाभ्यास कराया बताए फायदे

**ललौरीखेड़ा, अमृत विचार :** सशस्त्र सीमा बल 49वीं वाहिनी द्वारा शुक्रवार को योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता शेर सिंह चौधरी ने की। बताया कि योग करने से शरीर निरोग रहता है। योग शारीरिक और मानसिक अनुशासन का एक संतुलन बनाता है। उन्होंने सभी जवानों को प्रत्येक दिन योग करने के लिए प्रेरित किया और योग से होने वाले लाभ बताए। इस मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी दीपक शाही, उपकमांडेंट किशोर कुमार पाठक, कुलदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

### फर्जीवाड़ा कर चयन कराने का आरोप

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम अजान निवासी प्रेमवती पत्नी सुरेश कुमार ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने वर्ष 2025 में आंगनवाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन किया था। आरोप है कि गांव के ही एक व्यक्ति ने अपनी पुत्री का चयन फर्जी तरीके से करा लिया। आरोप है कि जियका चयन हुआ है उसके पिता आर्थिक रूप से संपन्न परिवार से हैं। 15 बीघा जमीन, कपड़ों का व्यापार है। दो बच्चे भी सरकारी नौकरी में हैं। आरोप है कि इसके बावजूद फर्जी आय प्रमाण पत्र और अन्य दस्तावेजों के आधार पर चयन किया गया। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

### विवाहिता पर किया हमला, एफआईआर

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव मचवाखेड़ा की निर्मला देवी पत्नी अमित कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने मायके में रह रही है। पति दिल्ली में काम करते हैं। बूढ़ी मां जयंती देवी भी साथ रहती हैं। 11 मार्च को उसके नौ वर्षीय पुत्र आदर्श ने कॉल करके बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाली रीना देवी पत्नी तेजपाल उसके साथ गाली गलौज कर रही है। उसने घर पहुंच कर रीना देवी से सवाल किए तो आरोप है कि रीना देवी व उसका पति तेजपाल ने पिटाई कर दी। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

### जिला अस्पताल से बाइक चोरी, रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम सहगवां नगरिया निवासी विशाल मौर्य पुत्र मुन्ना लाल ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसकी बहन जिला अस्पताल में भर्ती है। 11 मार्च को सुबह 11 बजे वह अपनी बाइक से जिला अस्पताल में बहन को खाना पहुंचाने आया था। अस्पताल के बाहर उसने बाइक खड़ी कर दी थी। पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है।

# ऑपरेशन मोतियाबिंद के फर्जी बिल से निकाला दूसरी बीमारी का भुगतान

## आयुष्मान योजना से मिलने वाले लाभ में अस्पताल संचालक पर दो करोड़ के गबन का आरोप

- **पूरनपुर के सिद्धि आई हॉस्पिटल का मामला, डॉक्टर की मुहर भी फर्जी बनाई**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



पूरनपुर के इसी अस्पताल के संचालक की हुई है शिकायत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गरीब मरीजों को मुफ्त इलाज के लिए शुरू की गई आयुष्मान योजना में बड़े गबन का मामला उजागार होने की आशंका ने स्वास्थ्य विभाग में खलबली मचा दी है। इस गबन का आरोप किसी और ने ही बल्कि अस्पताल में ऑपरेशन करने वाले चिकित्सक ने लगाया है। आरोप है कि मरीजों के मोतियाबिंद के साधारण ऑपरेशन किए गए, लेकिन योजना से भुगतान महंगी और गंभीर बीमारियों के पैकेज दिखाकर निकाला गया। एक नेत्र सर्जन के नाम की फर्जी मुहर और हस्ताक्षर का इस्तेमाल कर क्लेम लगाने की बात कही गई है। दो करोड़ से अधिक की का गोलमाल करने का आरोप लगाते हुए सीएमओ से शिकायत की गई। अब मामला वायरल होने के बाद उसकी जांच शुरू कर दी गई है।

बता दें कि शहर के चिकित्सक डॉ. विकास अग्रवाल ने सीएमओ को शिकायती पत्र दिया। इसमें बताया कि वह नेत्र सर्जन हैं। उन्हें पूरनपुर में स्थित सिद्धि आई हॉस्पिटल के संचालक रोहित शर्मा ने फरवरी 2025 में पहली बार ऑपरेशन करने के लिए बुलाया था। यहां उनका प्रति केस के हिसाब से भुगतान तय हुआ था। फरवरी 2025 से नवंबर 2025 तक अस्पताल में करीब 800 ऑपरेशन कराए गए थे। इनमें 95 फीसदी मोतियाबिंद के थे। पांच फीसदी अन्य बीमारियों के ऑपरेशन कराए गए थे। आरोप है कि नवंबर आखिर माह में संज्ञान में आया कि अस्पताल संचालक रोहित शर्मा ने मरीजों के ऑपरेशन के नाम पर आयुष्मान लाभार्थियों के कार्ड से करोड़ों रुपये का गबन किया है। उन्होंने बताया कि अस्पताल संचालक ने मोतियाबिंद का ऑपरेशन करने के बाद भी फर्जी बीएचटी,अभिलेख के अलावा आयुष्मान पैकेज में ग्लूकोमा, एसएफआईओएल दर्शाकर अधिक रुपये निकाल लिए। हर माह सात से 10 केस में फर्जी पैकेज लगाकर भुगतान निकाला जाता है। जब जानकारी हुई तो वहां फर्जी कार्य करने से मना कर दिया। जिसके बाद अब अस्पताल संचालक अन्य डॉक्टर से गलत तरीके से ऑपरेशन करा रहा है। आरोप है कि डॉ. विकास अग्रवाल की फर्जी मुहर भी बना रखी है। जिसका वह दुरुप्रयोग कर रहे हैं। पत्र मिलने के बाद सीएमओ डॉ. आलोक कुमार की ओर से आयुष्मान योजना में हुए घोटाले की जांच करने के निर्देश दिए गए। अब तक की प्रारंभिक जांच में मामला सही पाया गया। बताते हैं कि अस्पताल संचालक से मरीजों की बीएचटी मांगी गई थी। जोकि उनके द्वारा टीम को फर्जी और सादा बीएचटी उपलब्ध कराई है, जो सीधे तौर पर घोटाले की ओर इशारा कर रही है। फिलहाल मामला शासन तक पहुंचने से खलबली मची है।

### डिग्री ऑप्टोमेट्रिस्ट की, बोर्ड पर खुद को लिख रहे डॉक्टर

शिकायतकर्ता का आरोप है कि सिद्धि आई हॉस्पिटल के संचालक रोहित शर्मा ने ऑप्टोमेट्रिस्ट की डिग्री हासिल की है। मगर वह अपने अस्पताल के बाहर लगे बोर्ड पर खुद को डॉ. रोहित शर्मा लिख रहे हैं। जबकि वह खुद को डॉक्टर नहीं लिख सकते हैं। उनकी योग्यता सिर्फ आंखों की जांच, चश्मे कॉटेक्ट लैंस आदि के नंबर और जांच का ज्ञान है। इस बिंदु पर भी जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

> नेत्र सर्जन डॉ. विकास अग्रवाल ने जो शिकायत की है उसकी जांच सीएमओ कार्यालय से चल रही है। वह केस करने के लिए आते थे। मेरे ऊपर लगाए गए सारे आरोप निराधार हैं। जिसका जवाब भी विभाग को दे चुका हूं।
> **–रोहित शर्मा**, अस्पताल संचालक

> सिद्धि आई हॉस्पिटल में काम कर चुके नेत्र सर्जन ने आयुष्मान में गड़बडी की शिकायत दर्ज कराई गई है। जांच टीम मामले की विस्तृत जांच कर रही है। इसकी जांच रिपोर्ट सांची संस्था को भेजी जाएगी। **– डॉ. आलोक कुमार**, सीएमओ

# दो चरणों में चलाया जाएगा स्कूल चलो अभियान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **छह वर्ष के बच्चों का कक्षा एक में कराया जाएगा प्रवेश, 31 तक पूरी होंगी तैयारियां**

**अमृत विचार :** जिले में नए शैक्षिक सत्र से पहले स्कूल चलो अभियान को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। शासन के निर्देश पर इस बार अभियान को अधिक सुनियोजित और व्यापक रूप से चलाया जाएगा, ताकि छह से 14 वर्ष तक का कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर न रह सके।

शासन की ओर से स्कूल चलो अभियान को लेकर दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इसके तहत जिले में अभियान दो चरणों में चलाया जाएगा। बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह ने बताया कि पहला चरण एक अप्रैल से 15 अप्रैल और दूसरा चरण एक जुलाई से 15 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य तीन वर्ष की आयु के बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन आंगनबाड़ी केंद्रों में और छह वर्ष की आयु के बच्चों का कक्षा एक में प्रवेश सुनिश्चित करना है। इसके साथ ही कक्षा पांच, आठ और दस उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों का अगली कक्षाओं में शत-प्रतिशत प्रवेश भी कराया जाएगा। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि नामांकन के समय किसी भी बच्चे को जन्म प्रमाण-पत्र या आधार कार्ड के अभाव में प्रवेश से वंचित न किया जाए। अभिभावकों की ओर से दी गई जानकारी के आधार पर भी बच्चों का दाखिला किया जाएगा। अभियान के दौरान बालिकाओं, दिव्यांग बच्चों तथा ईंट-भट्टों या झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले कामकाजी बच्चों के चिन्हांकन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए जिला स्तर पर कार्ययोजना तैयार की जाएगी और इसमें सांसद, विधायक, ग्राम प्रधानों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। जागरूकता के लिए स्कूलों की ओर से रैलियां निकाली जाएंगी और सोशल मीडिया के माध्यम से भी लोगों को अभियान से जोड़ा जाएगा। इसके लिए शासन की ओर से जिले को पांच लाख रुपये की धनराशि दी गई है, जबकि प्रत्येक ब्लॉक को 10 हजार और प्रत्येक विद्यालय को 2500 रुपये उपलब्ध कराए जाएंगे। बीएसए ने बताया कि सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि 31 मार्च तक अभियान से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं, ताकि नए सत्र के पहले दिन बच्चों का स्कूलों में स्वागत किया जा सके।

# जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक



शिविर में विद्यार्थियों संग प्राचार्य व अन्य प्रवक्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **ग्राम रम्पुरा में चलाया जागरुकता अभियान**

**अमृत विचार :** गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय पूरनपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में ग्राम रम्पुरा में जल संरक्षण जागरुकता अभियान चलाया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीणों को जल के महत्व और उसके संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा।

प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा ने कहा कि जल जीवन का आधार है और इसके संरक्षण के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि वे जल बचाने के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं। डा. अरविंद कुमार दीक्षित ने कहा कि वर्तमान में जल संकट एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है। यदि समय रहते जल संरक्षण के उपाय नहीं अपनाए गए तो भविष्य में इसके दुष्परिणाम गंभीर हो सकते हैं। कार्यक्रम अधिकारी डा. मृदुला शर्मा ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से विद्यार्थियों को समाज सेवा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरूक किया जाता है। स्वयंसेवियों द्वारा गांव में रैली निकालकर और डोर-टू-डोर संपर्क कर ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

# फील्ड ट्रेनरों के दूसरे बैच का प्रशिक्षण शुरू

**जनगणना 2027**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



प्रशिक्षण में डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, एडीएम प्रसून द्विवेदी, बीएसए रोशनी सिंह व अन्य।

- **तीन दिवसीय प्रशिक्षण में 36 फील्ड ट्रेनर किए जा रहे प्रशिक्षित**

**अमृत विचार :** जनगणना-2027 को लेकर दूसरे बैच के फील्ड ट्रेनरों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण की शुक्रवार से शुरुआत हो गई। बेनहर गुरुकुल में डीएम ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया और फील्ड ट्रेनरों को जनगणना की उपयोगिता आदि के बारे में विस्तार से बताया।

जिला प्रशासन की ओर से जनगणना-2027 को लेकर बेनहर गुरुकुल विद्यालय में 72 फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण शुरू किया गया है। दो बैचों में 36-36 फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण किया जाना है। इसमें प्रथम बैच के 36 फील्ड ट्रेनरों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। इधर शुक्रवार को दूसरे बैच के 36 फील्ड ट्रेनरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हो गया है। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने दीप प्रज्जवलन कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना के बारे में विस्तार से जानकारी दी जायेगी। उन्होंने जनगणना की उपयोगिता पर चर्चा करते हुए बताया कि जनगणना के प्रथम चरण में मकानों का सूचीकरण होगा, इसके बाद जनगणना के आंकड़ों पर कल्याणकारी योजनाओं का वितरण, संसाधनों के वितरण के अलावा जनगणना निर्वाचन क्षेत्र में बहुत महत्व रखती है। जनगणना के आंकड़ों को आधार बनाकर परिसीमन भी होता है। जिसमें विधानसभा एवं संसदीय क्षेत्र की जनसंख्या निकलकर सामने आती है, इसके लिए जनगणना काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जनगणना से ही पता चलता है कि समाज के कितने लोगों गरीबी रेखा से नीचे और कितने लोगों गरीब रेखा से ऊपर जीवन यापन करते हैं। जनगणना के आधार पर ही पता चलता है कि समाज में कमजोर वर्ग के लोगों की संख्या कितनी है। कहा कि जनगणना के दौरान 33 पैरामीटर पर सर्वे किया जाएगा। जिसके आधार पर लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलता है।

उन्होंने सभी फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण के दौरान जनगणना कार्य की बताई जाने वाली बारीकियों को भलीभांति सीखने और समझने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण के दौरान एडीएम वित्त प्रसून द्विवेदी, बीएसए रोशनी सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाना ही हमारी प्राथमिकता

- **अमरिया ब्लॉक सभागार में संपन्न हुई उन्मुखीकरण कार्यशाला, कई पुरस्कृत**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



पुरस्कृत किए गए छात्रों के साथ अतिथि व अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** ब्लॉक स्तरीय ग्राम प्रधान व परिषदीय विद्यालय के प्रधानाध्यापकों की उन्मुखीकरण कार्यशाला अमरिया ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को हुई। इसकी शुरुआत ब्लॉक प्रमुख निशांत सिंह उर्फ श्याम सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन करके कराई।

ब्लाक प्रमुख ने कहा कि विद्यालयों में जिस प्रकार शिक्षण कार्य अध्यापकों द्वारा किया जा रहा है। उससे बच्चों में सीखने की रुचि बढ़ी है, बच्चे विभिन्न प्रकार के तरीकों से पढ़ना लिखना सीख रहे हैं। विद्यालयों का कायाकल्प किया जा रहा है बहुत सारे विद्यालय ऐसे हैं जो प्राइवेट स्कूल से भी अच्छे हैं। बीडीओ तिथि दिनेश सिंह ने कहा कि डीएम के निर्देश पर समस्त स्कूलों में फर्नीचर मुहैया कराया गया है। कायाकल्प के अंतर्गत जिन विद्यालयों में कार्य अधूरा है उनको भी पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है। ग्राम कैमा के प्रधान जरनैल सिंह ने कहा कि हमारी प्राथमिकता बच्चों की शिक्षा होनी चाहिए। खंड शिक्षाधिकारी उमेंद्र दत्त त्रिपाठी ने कहा कि विभाग लगातार प्रयासरत है कि स्कूली बच्चा बुनियादी शिक्षा से वंचित न रहे। इंस्पायर अवार्ड विजेता सुशांत, प्रवेश कुमारी,राजवती,राधा देवी, कृष्ण पाल शर्मा, योगेश,नोमान रजा,अंशिका सहित आठ बच्चों सम्मानित किया गया। वहीं, प्रधानाध्यापक महनाज बी , राजेश कुमार मिश्रा,सौरभ गुप्ता,सुरेंद्र कुमार,फिरोज आलम,मोहम्मद शहरोज, छत्रपाल आर्य, मोहम्मद अथर,प्रेम सिंह, मलकीत सिंह भी सम्मानित किए गए। संचालन प्रवीन कुमार शुक्ला व खेमपाल सिंह ने किया।

# पीड़ित परिवार से मिले अलंकार, घटना पर उठाए सवाल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



पूरनपुर मृतक हर्षित मिश्रा के घर पहुंचे अलंकार अग्निहोत्री। ● अमृत विचार

- **अधिवक्ता के जरिए एफआईआर में बरती गई खामियों को गिनाया**
- **भागने वाले अन्य अधिकारियों पर भी कार्रवाई की मांग**

**अमृत विचार :** दातागंज (बदायूं) क्षेत्र के गांव सैजनी स्थित एचपीसीएल प्लांट में उप प्रबंधक पद पर तैनात पूरनपुर निवासी हर्षित मिश्रा (32) समेत दो अधिकारियों की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या करने के मामले में दूसरे दिन तूल पकड़ता दिखा। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने के लिए आवाजाही रही। इसी बीच इस्तीफा देकर सुर्खियों में आए बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट रहे अलंकार अग्निहोत्री भी पूरनपुर में हर्षित मिश्रा के घर पहुंचे। इस दौरान एफआईआर से लेकर कंपनी के अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाए। यह तक कहा कि आरोपी को बचाने की कोशिश की गई है।

बता दें कि बदायूं में गुरुवार को हुए डबल मर्डर में पूरनपुर के मोहल्ला साहूकारा निवासी एचपीसीएल प्लांट में उप प्रबंधक हर्षित मिश्रा की जान चली गई थी। सूचना मिलते ही परिजन बदायूं रवाना हो गए थे। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो कोहराम मचा रहा। परिजन का रोकर बुरा हाल था। पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान समेत कई नेताओं और अन्य परिचित परिवार को ढांढस बंधाने पहुंचे थे। देर शाम इस्तीफा देकर अपनी पार्टी बना चुके बरेली के सिटी मैजिस्ट्रेट रहे अलंकार अग्निहोत्री भी मृतक हर्षित के परिवार से मिलने पहुंचे। इस दौरान अधिवक्ता के जरिए उन्होंने दर्ज कराई गई एफआईआर की कमियों को उजागर किया। परिवार को ढांढस बंधाया गया। कहा कि जिस वक्त हत्या हुई, कुल पांच अफसर मीटिंग कर रहे थे , लेकिन रिपोर्ट ऐसे कर्मचारी के स्तर से दर्ज कराई गई, जोकि मौके पर ही नहीं था। दो हत्या होने के बाद अन्य तीन अधिकारी भाग कर बरेली के एक होटल गए और फ्लाइट पकड़कर भाग गए। उन पर भी हत्या का केस होना चाहिए था। इसे आरोपी को बचाने का प्रयास करार दिया। इस दौरान सरकार और स्थानीय जा प्रतिनिधियों पर भी निशाना साधा गया। उनका साफ कहना था कि प्लांट के अन्य अफसरों ने गंभीर घटना के बाद भी अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई। उन पर भी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# जिला जज ने प्रचार वाहन कराया रवाना, लोक अदालत आज



प्रचार वाहन को रवाना कराते जिला जज रविंद्र कुमार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** चौदह मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए तैयारियां की जा चुकी है। एक दिन पूर्व प्रचार वाहन को रवाना कराया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव सतीश कुमार ने बताया कि शनिवार को सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक दीवानी न्यायालय परिसर पीलीभीत, ब्राहय न्यायालय पूरनपुर और बीसलपुर में लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियां कर ली गई है। शुक्रवार को प्राधिकरण के अध्यक्ष/जिला जज रविंद्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को रवाना कराया। ये प्रचार वाहन समस्त तहसील स्तर पर पहुंचा और लोगों को राष्ट्रीय लोग अदालत के बारे में जानकारी दी गई।

# कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश

- **सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन एवं प्रवर्तन कार्यवाही की हुई समीक्षा**
- **जिला पर्यावरण एवं जिला गंगा समिति की बैठक संपन्न**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



गांधी सभागार में बैठक के दौरान समीक्षा करते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** डीएम की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक हुई। इस दौरान उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन, प्रवर्तन कार्यवाही एवं जैव चिकित्सा अपशिष्ट निस्तारण की स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को ससमय कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

गांधी सभागार में गुरुवार देर शाम डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में उन्होंने जिला गंगा कार्य योजना के सदस्यों को निर्देश दिये कि तय समय सीमा के अंदर गंगा कार्य योजना तैयार करें, ताकि ससमय उच्चस्तर को प्रेषित किया जा सके। बैठक में वन एवं वन्यजीव प्रभाग के डीएफओ ने बताया कि छोटी एवं सहायक नदियों का पुनरोद्वार एवं कायाकल्प के लिए कटना नदी का चयन किया जा चुका है। नदी क्षेत्र में आने वाली ग्राम पंचायतों की सूची तैयार कर ली गई। डीएम ने अधिशासी अभियंता सिंचाई को डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोगों को नदी-नालों एवं जलाशयों में पूजा सामग्री एवं कूड़ा न डालने के प्रति जागरुक करने के निर्देश दिए। साथ ही लोगों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करने को कहा। इस दौरान उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन, प्रवर्तन कार्यवाही एवं जैव चिकित्सा अपशिष्ट निस्तारण की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने आरआरसी सेंटरों की समीक्षा करते हुए सभी का संचालन शुरू कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ भरत कुमार डीके, सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, एडीएम वित्त प्रसून द्विवेदी, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी राजेश चौधरी, डीपीआरओ रोहित भारती आदि मौजूद रहे।

# कार्यक्रम में अधिकारों की दी जानकारी

**अमरिया, अमृत विचार :** सुचेतना समाजसेवा संस्था के दाह फार्म सेंटर की ओर से अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की उड़ान परियोजना के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान दिव्या रहीं। इसकी शुरुआत अतिथियों ने पौधरोपण करके कराई। सिस्टर कमला ने महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिसमें समानता का अधिकार, समान वेतन का अधिकार और सुरक्षा के अधिकार शामिल थे। इस अवसर पर सुचेतना के निदेशक फादर पायस, फादर अरीश, फादर फ्रांसिस पिंटो, प्रोग्राम ऑफिसर राजीव रंधावा, आंगनबाड़ी आशा वर्मा, परियोजना फैसिलिटेटर सिस्टर ललिता, सिस्टर जैनट, सुम्मेरलाल, दीनदयाल, नीलेश कुमार, रूबी सहित 15 गांवों की करीब 200 महिलाओं ने भाग लिया।

# तीन दिवसीय आउट ऑफ स्कूल प्रशिक्षण का किया समापन



प्रशिक्षण में मौजूद शिक्षक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **ब्लॉक संसाधन केंद्र बिलसंडा के सभागार में हुआ समापन**

**अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र बिलसंडा के सभागार में क्षेत्र के स्कूलों के नोडल अध्यापकों को दिए जा रहे तीन दिवसीय आउट ऑफ स्कूल प्रशिक्षण का शुक्रवार को समापन हो गया।

खंड शिक्षाधिकारी शिव शंकर मौर्य ने कहा कि प्रशिक्षण में आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लर्निंग गैप के बारे में विस्तार से बताया गया है। शिक्षक अपने दायित्व का भलीभांति निर्वहन करें। प्रशिक्षण में दी गई जानकारी को धरातल पर उतारें। तभी प्रशिक्षण की सार्थकता साबित होगी। इस मौके पर राजकुमार, मोहन स्वरूप, शिवप्रकाश मिश्रा, नीरज त्रिपाठी, मुन्ना, सोमपाल राठौर, शैलेन्द्र आदि प्रशिक्षक मौजूद रहे।



**इफ्तार** शनिवार
सुन्नी: 6:22
शिया: 6:31

**सहरी** रविवार
सुन्नी: 4:59
शिया: 4:50

## शहर में आज

- बेनहर गुरुकुल में जनगणना को लेकर दूसरे बैच का प्रशिक्षण सुबह 10 बजे से।
- जिले के समस्त थानों में समाधान दिवस का आयोजन सुबह 10 बजे से।
- ड्रमंड कॉलेज समेत छह केंद्रों पर पुलिस भर्ती परीक्षा सुबह 10 बजे से।
- श्रीबालाजी नींव करौरी धाम काशीराम कॉलोनी ईदगाह में में हवन दोपहर 12 बजे।

## न्यूज ब्रीफ

### विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम चककटिया निवासी नजमा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी 10 वर्ष पूर्व गांव के नाजिम पुत्र छोटे से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से पति नाजिम, ससुर छोटे, सास चंदा, देवर शब्बू दहेज में 50 हजार रुपये की मांग करने लगे। उसके मना करने पर ससुराल पक्ष के लोग आए दिन मारपीट करते थे। छह मार्च को ससुराल वालों ने मारपीट कर ससुराल से निकाल दिया। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

### घर में घुसकर की छेड़छाड़, धमकाया भी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना गजरौला में दी गई तहरीर में क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि छह मार्च को उसका पति उसके मायके में गमी की होली मिलने गया था। वह घर पर अकेली थी। उसका 14 साल का पुत्र घर के अंदर सो रहा था। तभी गांव का ही अरविंद पुत्र तिलकराम शाम चार बजे नशे में उसके घर में घुस आया। आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। 11 मार्च की सुबह साढ़े छह बजे आरोपी अरविंद अपने भाई वीरेंद्र, त्रिभुवन और धन देवी के साथ उसके घर पर आया और मारपीट करने लगा। जब उसकी पुत्री ने बचाने का प्रयास किया तो सभी आरोपियों ने उनकी भी पिटाई कर दी। आसपास के लोगों के एकत्र हो जाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच हुई अलविदा की नमाज

## जामा मस्जिद के बाहर डीएम-एसपी ने संभाली कमान, मिश्रित आबादी क्षेत्रों पर भी नजर

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार :** अकीदत व एहतराम के साथ नमाजियों ने अलविदा की नमाज अदा की। मस्जिदें नमाजियों से भरी रहीं। नमाज के बाद दुआ के लिए रोजेदारों के हाथ उठे। रब से मुल्क में अमन चैन और तरक्की की दुआएं मांगी गईं। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। डीएम-एसपी ने शाही जामा मस्जिद पहुंचकर व्यवस्थाओं को परखा और खुद कमान संभाली। थाना और चौकी स्तर पर पुलिस की टीमें भ्रमण कर हालात पर परखने में जुटी रहीं।

जनपद में अलविदा की नमाज शुक्रवार को अकीदत के साथ अदा की गई। शाही जामा मस्जिद समेत समस्त मस्जिदों में सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए। सुबह से ही पुलिस बल की तैनाती कर दी गई। मिश्रित आबादी क्षेत्रों पर विशेष निगरानी की गई। रोजेदारों ने अलविदा की नमाज अदा की। नमाज के लिए आम दिनों की अपेक्षा नमाजियों की संख्या ज्यादा रही। नमाज के दौरान देश में अमन, शांति और खुशहाली की दुआ की गई। शाही जामा मस्जिद में नमाज अदा करने वाले रोजेदारों के आने का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया। नमाजियों ने मस्जिद में पहुंचने के बाद वजू किया। इस दौरान काफी संख्या में पुलिस, पीएसी के जवान तैनात रहे। मुख्य चौराहों पर भी पुलिस बल तैनात रहा। चौकी प्रभारी गश्त करते रहे। अल्लाह की इबादत में हजारों अकीदतमंदों के हाथ उठे। इस दौरान तकरीर में उलेमाओं ने रमजान की फजीलत बयान की। शाहजी मोहम्मद शेर मियां मस्जिद, अल्लाहू मियां मस्जिद, मोटा पाकड़, कुरैशियान, डालचंद, बेनी चौधरी आदि समस्त मस्जिदों में नमाज को सकुशल संपन्न कराकर पुलिस ने राहत महसूस की। अलविदा की नमाज को लेकर जामा मस्जिद के बाहर खिलौने आदि के अलावा पकवान की दुकानें सजी रही। जहां नमाज अदा करने के बाद निकले अकीकतमंदों ने अपने बच्चों के साथ जमकर खरीदारी की। बच्चों ने जमकर खरीदारी की। बच्चों ने भी अलविदा का रोजा रखा।



अमरिया की एक मस्जिद में नमाज को पहुंचे रोजेदार। ● अमृत विचार

- **शुक्रवार को सुबह से ही पुलिस प्रशासन रहा अलर्ट टीमें भ्रमण कर परखती रही हालात**



जामा मस्जिद के बाहर फोर्स के साथ गश्त करते डीएम, एसपी व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

### बड़े वाहनों की बंद रही एंट्री

जामा मस्जिद रोड पर अलविदा की नमाज को लेकर पुलिस सख्त रही। आयुर्वेदिक कॉलेज रोड से बड़े वाहनों को रोका गया। इसके अलावा प्रत्येक चौराहे पर पुलिस बल और ट्रैफिक पुलिस तैनात रहा। मस्जिदों के बाहर भी पुलिस बल रहा। अलविदा जुमा की नमाज को लेकर डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, एसपी सुकीर्ति माधव, एएसपी विक्रम दहिया, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी ने जामा मस्जिद पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। ड्रोन के माध्यम से मस्जिद एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखी गई। संबंधित अधिकारियों को क्षेत्र में शांति, कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए।

# तनाव के बीच जतीपुर में शांति, सीओ ने फोर्स संग निकाला मार्च



जतीपुर गांव में पुलिस बल के साथ गश्त करती सीओ सदर नताशा गोयल।

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

- **दूसरे समुदाय के कुछ लोगों के हमले के बाद सांप्रदायिक रंग देने की हुई थी कोशिश**
- **घायल के रिश्तेदार ने जहानाबाद थाने में दर्ज कराई एफआईआर एक आरोपी हिरासत में**

**अमृत विचार :** एक दिन पूर्व जतीपुर गांव में अलग-अलग समुदाय के दो पक्षों के बीच हुए मारपीट के मामले के बाद गांव में सुरक्षा बंदोबस्त सख्त रहे। घटना के बाद उपजे तनाव और अलविदा को देखते हुए भारी पुलिस बल की तैनाती रही। सीओ ने फोर्स के साथ गांव में पैदल मार्च निकाला। ग्रामीणों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। फिलहाल घायल के रिश्तेदार की ओर से एफआईआर दर्ज कर पुलिस कार्रवाई में जुटी है।

घटना गुरुवार को जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम जतीपुर में हुई थी। गांव के ही रहने वाले महेंद्रपाल को दूसरे समुदाय के कुछ लोगों ने हमला कर घायल कर दिया था। जिसके बाद तनाव के हालात बन गए थे। हनुमान दल समेत अन्य संगठनों के कार्यकर्ता भी जिला अस्पताल पहुंचे थे और कार्रवाई की मांग को लेकर देर रात तक हंगााम चलता रहा था। अधिकारियों ने किसी तरह कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला शांत कराया था। इस मामले में देर रात बरेली जनपद के थाना क्योलड़िया क्षेत्र के ग्राम ठिरिया बन्नो जान के रहने वाले राजेश पुत्र गोविंदराम ने जहानाबाद थाने में तहरीर दी। जिसमें बताया कि12 मार्च की शाम चार बजे उनके साले जतीपुर गांव निवासी महेंद्रपाल पुत्र बालकराम घर से निकले और तभी दूसरे पक्ष के असलम, हनीफ, उसमान, गांधी ने अज्ञात साथियों संग हमला कर दिया। जिसमें महेंद्रपाल गंभीर रुप से घायल हो गए। उसे जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। पुलिस ने चार नामजद और अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। मामला दो समुदाय से जुड़ा होने पर अलविदा से एक दिन पूर्व हुई घटना को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की जा रही थी। ऐसे में पुलिस प्रशासन शुक्रवार को खासा अलर्ट रहा। सुबह से ही पुलिस बल निगरानी में जुटा रहा।

सीओ सदर नताशा गोयल भी गांव पहुंची और गांव की गलियों में पैदल मार्च निकाला। बेवजह भीड़ लगाने वालों को हटाया गया। लोगों से संवाद कर सख्त कार्रवाई का आश्वासन देते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। इंस्पेक्टर जहानाबाद प्रदीप कुमार बिश्नोई ने बताया कि घायल के बहनोई की ओर से रिपोर्ट दर्ज की गई है। एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# स्थानांतरण आदेश को हवा में उड़ाया, दो सफाई कर्मचारियों को किया निलंबित

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

- **नोटिस जारी करने के बाद भी सफाई कर्मियों ने नहीं दिया जवाब**

**अमृत विचार:** अधिकारियों द्वारा किए गए स्थानांतरण आदेश को दो सफाई कर्मियों ने हवा में उड़ा दिया। इसको लेकर दोनों सफाईकर्मियों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किए गए, मगर दोनों ने जारी नोटिस का जवाब देना भी उचित नहीं समझा। उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना करने पर दोनों सफाई कर्मियों को निलंबित कर दिया गया।

बरखेड़ा ब्लाक की ग्राम पंचायत खरदाई में सुरेश कुमार बतौर सफाईकर्मी तैनात है। वहीं बीसलपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत परेवा ताल्लुके किशनी में सफाईकर्मी दिनेश कुमार तैनात है। बीते वर्ष 15 मई को सुरेश कुमार का स्थानांतरण दूसरी ग्राम पंचायत में किया गया था। इसको लेकर एडीओ पंचायत ने सुरेश कुमार को कार्यमुक्त कर नवीन तैनाती की ग्राम पंचायत में योगदान करने के आदेश दिया था।

इसी तरह 31 जनवरी को सफाईकर्मी दिनेश कुमार का स्थानांतरण राजस्व ग्राम पटनियां से परेवा ताल्लुके किशनी में किया गया था। बताते हैं कि एक माह बीतने के बाद भी सफाईकर्मी दिनेश कुमार नवीन तैनाती वाली में ग्राम पंचायत में योगदान न कर पूर्व तैनाती की ग्राम पंचायत में ही कार्य करते रहे। मामला संज्ञान में आने पर डीपीआरओ रोहित भारती की ओर से दोनों सफाईकर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। मगर, दोनों कर्मचारियों ने कारण बताओ नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया। इधर डीपीआरओ रोहित भारती ने उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने एवं पदीय दायित्वों एवं कर्तव्यों का निर्वहन न करने पर सफाई कर्मी सुरेश कुमार एवं दिनेश कुमार को तत्काल प्रभाग से निलंबित कर दिया। निलंबित सफाई कर्मी दिनेश कुमार को एडीओ पंचायत बिलसंडा कार्यालय से सम्बद्ध किया गया है, जबकि सफाईकर्मी सुरेश कुमार को मरौरी ब्लाक से सम्बद्ध किया गया है। डीपीआरओ रोहित भारती ने बताया कि आदेशों की अवहेलना करने पर दो सफाईकर्मियों के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की गई है।

# किशोरी को ले गया शाहजहांपुर का युवक, एफआईआर दर्ज

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार :** थाना गजरौला क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके साले की 15 वर्षीय पुत्री उसके घर पर रहती थी। साले का दामाद और उसका भाई घर पर मेहमानी में 16 जनवरी को आए थे। रात करीब 11 बजे वह लोग उसके साले की छोटी पुत्री को बहलाफुसलाकर ले गए। काफी समय तक किशोरी की तलाश की जाती रही लेकिन पता नहीं चल सका। एसओ गजरौला ब्रजवीर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। वहीं, थाना जहानाबाद में क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 11 मार्च को वह अपनी पत्नी के साथ रिश्तेदारी में होली मिलने गए हुए थे। 20 वर्षीय पुत्री घर पर अकेली थी। इसी बीच थाना माधोटांडा क्षेत्र का रहने वाला उसके साले का पुत्र पुत्री को बहलाफुसला कर ले गया। इस मामले में जहानाबाद पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

# ऑटो लिफ्टर गिरफ्तार, बाइकें बरामद

- **पूछताछ के बाद पुलिस ने बरामद की बाइकें**
- **बिलसंडा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को भेजा जेल**

**संवाददाता, बिलसंडा**

**अमृत विचार:** चोरी की बाइक बेचने के लिए शाहजहांपुर जाने को निकला ऑटो लिफ्टर बिलसंडा पुलिस के हत्थे चढ़ गया। उसके पास से चोरी की बाइक मिलने पर सख्ती से पूछताछ की गई। जिसके बाद चार अन्य चोरी की बाइक भी अलग-अलग स्थानों से बरामद कर ली गई। कुल पांच बाइक बरामद कर पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

एसओ सिद्धांत शर्मा ने बताया कि थाने पर तैनात दरोगा विपुल कुमार, हरनाम सिंह टीम के साथ शुक्रवार सुबह वीरसिंहपुर गांव में नहर किनारे बाजार से आगे कच्चे रास्ते पर चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान एक बाइक सवार को रोक चेक किया तो उसके पास से चोरी की बाइक बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम ग्राम आजमपुर बरखेड़ा निवासी अभिषेक पुत्र रामनाथ बताया। उसे हिरासत में लेकर थाने लाए। यहां सख्ती से पूछताछ की गई तो आरोपी की निशानदेई पर अलग-अलग स्थानों से चार अन्य चोरी की गई यानि कुल पांच बाइक बरामद हो गई। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह बाजार समेत अन्य व्यस्ततम इलाकों से बाइक चोरी करके छिपा करता था। इसके बाद ग्राहक मिलने पर औने-पौने दाम पर बेच दिया करता था। चोरी की बाइक बेचने के लिए शाहजहांपुर जाने की फिराक में था। बाइक की नंबर प्लेट भी बदल दी गई थी, लेकिन पुलिस के हत्थे चढ़ गया। आरोपी को चालान कर कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी और बरामद बाइक। ● अमृत विचार

### घर में घुसकर की मारपीट और छेड़छाड़

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र की एक विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 12 मार्च को उसके पुत्र का जन्मदिन था। उसी उपलक्ष में वह अपने परिवार के साथ घर में जन्मदिन मना रहे थे।

आरोप है कि उसी दौरान उसके पड़ोस का एक व्यक्ति नशे में घर में घुस आया। घर की महिलाओं के साथ जबरदस्ती डांस करते हुए उनके साथ छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने दस बारह लोगों के साथ तोड़फोड़ और मारपीट की। घटना की वीडियो बना ली गई। इंस्पेक्टर प्रमेंद्र कुमार ने बताया कि मामला छेड़छाड़ का नहीं है दोनों पक्षों में विवाद हुआ है। दोनों पक्षों के पांच लोगों को गिरफ्तार कर शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया है।

### बाइक टकराने के बाद हुई मारपीट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मदीना शाह निवासी मोहम्मद नजम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 11 मार्च को वह लाल लोड पर पहुंचे। तभी बाइक पर सवार होकर सलमान निवासी मोहल्ला मोहम्मद फारूक वहां आया और उसके साथ मारपीट करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने कॉल करके अपने तीन साथियों को बुला लिया। सभी ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। कोतवाली पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले गई थी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है। वहीं, थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम मीरपुर निवासी राजू राठौर ने थाना सुनगढ़ी में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें बताया कि वह अपना ट्रैक्टर लेकर शुगर फैक्ट्री आए थे।शुगर फैक्ट्री के बाहर अज्ञात युवक ने उसके ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। विरोध करने पर मारपीट की गई। सुनगढ़ी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कोर्ट के आदेशों के पालन की समीक्षा की

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

- **सीईसी सदस्य पहुंचे पीटीआर चेनलिंक फेसिंग और प्रतिबंधित क्षेत्र में बने नए रिसॉर्ट की देखी जमीनी हकीकत**

**अमृत विचार:** सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी (सीईसी) के सदस्य सुनील लिमये से पीलीभीत टाइगर रिजर्व पहुंचकर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के पालन की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने चेनलिंक फेसिंग की उपयोगिता परखने के साथ जंगल से सटे ग्रामीणों से भी बातचीत की। वहीं उन्होंने टाइगर रिजर्व के इको सेंसटिव जोन में बने नए रिसॉर्ट-होटलों की स्थिति भी देखी। इस मामले में उन्होंने डीएम को विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। साथ ही जंगल मार्गों पर रात्रि के दौरान वाहनों पर प्रतिबंध मामले को लेकर भी वन अफसरों से जानकारी ली।

सीईसी सदस्य सुनील लिमये बीते गुरुवार को पीलीभीत टाइगर रिजर्व पहुंचे। यहां उन्होंने टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर पीपी सिंह एवं डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुपालन के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने टाइगर रिजर्व की जंगल सीमा में बनी चेनलिंक फेंसिंग की जमीनी हकीकत को परखा। इस दौरान उन्होंने माला एवं महोफ रेंज के जंगल किनारे बसे ग्रामीणों से भी चेनलिंग फेसिंग उपयोगी है अथवा नहीं, आदि को लेकर बातचीत की। इसके साथ ही उन्होंने टाइगर रिजर्व के इको सेंसटिव जोन में बने नए रिसॉर्ट-होटलों की स्थिति को भी देखने के साथ वन अफसरों से इसके बारे में जानकारी ली। इस पर वन अफसरों ने बताया कि टाइगर रिज़र्व के आसपास प्रतिबंधित ज़ोन में 50 से ज़्यादा रिसॉर्ट-होटल बनाए गए हैं। उस दौरान इन सभी को पूर्व में निर्माण कार्य रोकने के नोटिस जारी किए गए थे। इस पर सीईसी सदस्य ने डीएम से प्रतिबंधित क्षेत्र में बने रिसॉर्ट एवं होटलों से संबंधी विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

**जंगल मार्गों पर प्रतिबंध के संबंध में ली जानकारी:** सीईसी सदस्य सुनील लिमये ने गत वर्ष नवंबर में सुप्रीम कोर्ट द्वारा कोर फॉरेस्ट एरिया और टाइगर हैबिटेट से गुजरने वाले जंगल मार्गों पर रात्रि के दौरान वाहनों की आवाजाही पर लगाए गए प्रतिबंध के बारे में वन अफसरों से जानकारी ली। इस पर वन अफसरों ने मौजूदा स्थिति के बारे में बताया। सीईसी सदस्य ने वन अफसरों को कोर फारेस्ट के हिस्सों से गुजरने वाले जंगल मार्गों पर स्पीड रडार सेंसर लगाने के मुद्दे पर चर्चा की। वन अफसरों ने बताया कि सीईसी सदस्य अपनी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी को सौंपेंगे।





बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर

डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक
सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर से पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754



ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana
Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली


# रेलवे स्टेशन पर नहीं मिल पा रहा गर्म भोजन

## गैस संकट : पूर्णागिरि मेले में जाने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ी समस्या, होटल पर दिख रहा असर

- कमर्शियल ठप होने से कालाबाजारी भी बढ़ी, घरेलू की भी बढ़ी डिमांड

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** एलपीजी गैस की किल्लत के शोर के बीच प्रशासनिक दावों और सख्ती के बाद जनजीवन पर असर दिखाई देने लगा है। एक तरफ रसोई गैस की बुकिंग को लेकर घरेलू उपभोक्ता परेशान होकर एजेंसियों के चक्कर लगा रहे हैं। वहीं, इन दिनों चल रहे पूर्णागिरि मेले के चलते दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं पर भी इसका असर पड़ा है। होटल-ढाबों पर सिलेंडर की कमी के चलते व्यवस्था बिगड़ती दिख रही है। मेले में जाने वाले श्रद्धालुओं को रेलवे स्टेशन और आसपास के इलाकों में भोजन की व्यवस्था प्रभावित सी है। कई वेंडर स्टेशन परिसर में खाना तैयार नहीं कर पा रहे हैं, जिससे यात्रियों को भोजन के लिए भटकना पड़ रहा है। कुछ वेंडर घरों से खाना बनवाकर ला रहे हैं, लेकिन इससे मांग के मुकाबले आपूर्ति पूरी नहीं हो पा रही।

बता दें कि पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के चलते अब कुकिंग गैस के रुप में समस्या बनती दिख रही है। हालांकि एजेंसी संचालक और प्रशासन गैस की पर्याप्त आपूर्ति की बात कहते हुए लोगों को लगातार आश्वस्त कर रहे हैं। कर्मशियल सिलेंडर की आपूर्ति बंद हुए चार दिन से अधिक समय बीत चुका है। जिले में संचाालित हो रही 38 गैस एजेसियों के पास कर्मशियल का अधिक स्टाक नहीं बचा है। जितना भी स्टॉक है वह भी अपने पंजीकृत कर्मशियल ग्राहकों को ही उपलब्ध कर रहे हैं। ऐसे में अन्य होटल, रेस्टोरेंट और ढाबे वाले अधिक परेशान है। इन दिनों मां पूर्णागिरि का मेला चल रहा है। ट्रेन और बसों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। ऐसे में स्टेशन और आसपास में संचालित हो रहे ढाबे और रेस्टोरेंट डिमांड के सापेक्ष खाने की पूर्ति नहीं हो पा रही है। आलम ये है कि स्टेशन पर तीन से अधिक ठेले संचालित होते थे।

जहां यात्रियों को खाने आदि का सामान आसानी से उपलब्ध हो जाता था। मगर सिलेंडर की किल्लत के चलते वहां भी समस्या बनी हुई है। वेंडर घरों से खस्ता, पूड़ी आदि तैयार करके स्टेशन पर ला रहे हैं। बार=बार गर्म भोजन नहीं मिल पा रहा है। श्रद्धालुओं को समस्या हो रही हैं। ऐसे में कई श्रद्धालु अपना भोजन साथ में लेकर चल रहे हैं। कुछ स्वयं ही लकड़ी आदि पर भोजन तैयार कर रहे हैं। शहर की बात करें तो होटल, रेस्टोरेंट, ढाबे मिलाकर करीब 250 से अधिक संख्या है। जहां प्रतिदिन करीब 50 से अधिक सिलेंडर की खपत होती थी। मगर गैस उपलब्ध न होने से उनके आगे समस्या पैदा हो गई। सीजन के दिनों में ग्राहक को वह जल्दी भोजन उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। गैस न मिलने से ढाबे और अन्य ठेले इत्यादि भट्टी आदि का इस्तेमाल कर रहे हैं। जिस पर भोजन तैयार करने में अधिक समय लग रहा है। मजबूरी के चलते कुछ लोगों ने दुकान तक बंद कर दी है।


गैस की किल्लत से कारोबार पर असर पड़ रहा है। मिठाई समेत अन्य सामान तैयार करने में गैस की आवश्यकता पड़ रही है। मेन बाजार में बैठे हैं। ऐसे में लकड़ी या भट्टी का भी प्रयोग करना मुश्किल हो रहा है। क्योंकि अधिकतर लोग रेस्टोरेंट और ढाबों पर ही निर्भर होते है। **-राहुल जायसवाल**, मिठाई कारोबारी


कर्मशियल सिलेंडर की आपूर्ति ठप कर दी गई है। घरेल सिलेंडर का प्रयोग करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी जा रही है। ढाबे से ही परिवार का जीवन यापन हो रहा है। गैस् के चलते कोयला, लकड़ी भी महंगी कर दी गई है। इन पर भोजन तैयार करने में भी समय लग रहा है। इस तनाव ने पूरा रोजगार प्रभावित किया हुआ है। **-संजय**, ढाबा कारोबारी


एक तरफ गैस की आर्पूर्ति पूरी होने की बात कही जा रही है। मगर कर्मशियल सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं। अगले माह शादी सीजन शुरु हो जाएगा। ऐसे में कारोबार पूरी तरह प्रभावित होगा। प्रशासन को इसका समाधान करना चाहिए। **-राजीव यादव**, कैटर्स

# सहकारी समितियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़


किसानों को खाद का भ्रमण कराते विधायक विवेक वर्मा व अन्य अधिकारी।

संवाददाता, बीसलपुर

- विधायक ने कराई नवीन भवन की शुरुआत, बांटी खाद

**अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम गुलैंदा गोटिया में नवनिर्मित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति परिसर में गोष्ठी आयोजित की गई। किसानों को सरकार द्वारा समितियों पर चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई।

नाबार्ड के डीडीएम प्रकाश त्रिवेदी ने बताया कि सहकारी समितियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। समितियां किसानों को उर्वरक, बीज, खाद और ॠण उपलब्ध कराने के साथ-साथ अब जन औषधि केंद्र, पेट्रोल पंप और एलपीजी वितरक के रूप में भी कार्य कर रही हैं। किसानों को समय पर खाद और ॠण प्रदान करना समितियों का मुख्य कार्य है। अध्यक्षता करते हुए विधायक विवेक वर्मा ने कहा कि सहकारी समितियां किसानों के लिए सबसे बड़ी मददगार हैं। समितियों को सशक्त बनाने के लिए कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है ताकि कामकाज पारदर्शी और डिजिटल हो सके।

इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख अशोक शर्मा, नामित सभापति प्रेम सागर पटेल, सचिव मुन्नालाल, मुख्य परिवर्तक लाल बहादुर, अखिल भारत हिंदू महासभा के महामंत्री अवनीश रतन, जिला सहकारी बैंक केउप महा प्रबंधक विजय सिंह, शाखा प्रबंधक शशि मंगल द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# छह केंद्रों पर आज होगी पुलिस परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- बंद रहेंगी केंद्र के आसपास की दुकानें, रूट होगा डायवर्ट
- दो दिन चार पालियों में संपन्न कराई जाएगी परीक्षा

**अमृत विचार :** उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से उपनिरीक्षक (दरोगा) भर्ती की लिखित परीक्षा शनिवार से जिले के छह केंद्रों पर कड़ी निगरानी के बीच शुरू होगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण और नकलविहीन कराने के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा और निगरानी के व्यापक इंतजाम किए हैं। केंद्रों के आसपास की दुकानों को बंद रखने और यातायात का रूट डायवर्ट भी किया गया है। परीक्षा से एक दिन पहले डीएम-एसपी ने सभी केंद्रों पर पहुंचकर निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को परखा।

उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ के निर्देश पर जिले में शनिवार और रविवार को उपनिरीक्षक भर्ती की लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो दिन में चार पालियों में संपन्न कराई जाएगी। इसके लिए जिले में ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सनातन धर्म बांके बिहारी राम इंटर कॉलेज, उपाधि महाविद्यालय, राजकीय पॉलिटेक्निक और एसएन इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्रत्येक केंद्र पर एक पाली में 240 अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। इस प्रकार छह केंद्रों पर एक पाली में कुल 1440 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा की पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगी, जबकि दूसरी पाली दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक चलेगी। अभ्यर्थियों को निर्धारित समय से पहले ही परीक्षा केंद्र पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पहचान सत्यापन और प्रवेश प्रक्रिया समय से पूरी हो सके। परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शी और नकलविहीन बनाने के लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही प्रत्येक केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक के साथ स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती भी की गई है। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर परीक्षा केंद्रों के आसपास पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। प्रवेश पत्र के साथ परीक्षा प्रारंभ होने से 02 घंटा पूर्व प्रवेश पत्र, आधार कार्ड / पहचान पत्र (डीएल, पासपोर्ट), काला/नीला बाल प्वाइंट पेन के साथ उपस्थित हो। परीक्षा प्रारंभ होने से 30 मिनट पूर्व प्रवेश द्वार बंद कर दिया जाएगा और इसके बाद किसी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा के दौरान भीड़भाड़ और अव्यवस्था से बचने के लिए केंद्रों के आसपास की दुकानों को बंद रखने और यातायात मार्गों में आंशिक बदलाव करने के निर्देश दिए गए हैं। नई बस्ती चौराहा और डिग्री कॉलेज से बड़े वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। यहां ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है। देर शाम अभ्यर्थी जिले में पहुंचना शुरु हो गए। ऐसे में पुलिस अफसर होटल आदि स्थान चेक करते दिखे। ताकि अभ्यर्थियों को परेशानी न हो। परीक्षा वाले दिन केंद्रों के आसपास फोटोकॉपी की दुकानों, साइबर कैफे, प्रिंटिंग सेंटर सहित अन्य संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, एसपी सुकीर्ति माधव, एडीएम न्यायिक रोशनी यादव, एएसपी विक्रम दहिया, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी ने परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाएं परखी और मातहतों को निर्देशित किया।

**यह सामान नहीं लाएं साथ :** परीक्षा केंद्रों पर पाठ्य सामग्री (मुद्रित या लिखित), कागज के ज्यामितीय-पेंसिल बाक्स, प्लास्टिक पाउच, किसी भी प्रकार का कैल्कुलेटर, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, स्केल, कॉपी, पेन ड्राइव, इरेजर, लॉग टेबुल/ इलेक्ट्रानिक पेन/ स्कैनर, डिजिटल पेन, इलेक्ट्रानिक गैजेट जैसे मोबाइल फोन, चाभी, किसी प्रकार की घड़ी, ज्वैलरी, स्मार्ट वाच, ब्लूटूथ डिवाइस, इयरफोन, पेजर, हेल्थ बैण्ड, बटुआ/ पर्स, काला चश्मा, हैण्डबैग, टोपी, खाने का सामान, सिगरेट पूर्ण रूप से वर्जित है।


Lifelines MEDICAL OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777


डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
- प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348


## न्यूज डायरी



### बीसलपुर में भी रहे सुरक्षा के सख्त इंतजाम

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण माहौल में अलविदा की नमाज संपन्न हुई। नगर सहित समूचे क्षेत्र में अलविदा की नमाज के लिए पुलिस की विशेष व्यवस्था की गई थी। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने पुलिस बल के साथ भ्रमणशील रहकर व्यवस्था का जायजा लिया। नगर में अलग-अलग मोहल्ले में स्थित 10 मस्जिदों में लोगों ने पहुंचकर नमाज पढ़ी। इसके अलावा क्षेत्र के गांव मीरपुर वाहनपुर, रसिया खानपुर, महादेवा, मुसेली, चुर्रा, जल्लापुर, सायर, रिछोला, रिछुलिया सहित अन्य ग्रामों में स्थित 32 मस्जिदों में अलविदा की नमाज अदा की गई।



### समर्थकों ने पूर्व सांसद वरुण गांधी का मनाया जन्मदिन

**बीसलपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला दुबे में समर्थकों ने पूर्व सांसद वरुण गांधी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। व्यापार फैंस क्लब कार्यालय पर केक काटा गया और वरुण गांधी की दीघार्यु की कामना की गई। इस मौके पर व्यापार फैंस क्लब के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार गुप्ता, सभासद संजीव गंगवार, निलेश पवार, रविता गुप्ता, सजल गुप्ता, सार्थक गुप्ता, विनय गुप्ता, विमलेश गुप्ता, सुषमा कश्यप, रामवती मिश्रा, स्नेह लता शर्मा, सुनैना, मोना, रामपाल गुप्ता, शिवेंद्र नाथ शुक्ला, वीरपाल गंगवार, कमल गंगवार, डॉक्टर कुलदीप गौतम, विकास राजपूत आदि मौजूद रहे।



### बीसलपुर की गैस एजेंसियों पर भी लगी भीड़

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कुकिंग गैस की सप्लाई पाने के लिए क्षेत्रभर में खलबली मची हुई है। शुक्रवार को रसोई गैस सिलेंडर लेने के लिए बड़ी संख्या में उपभोक्ता एजेंसी पर पहुंचे और भीड़ जुटी रही। व्यावसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति न होने से रेस्टोरेंट, होटल आदि प्रतिष्ठान स्वामी परेशान रहे। रम्पुरा मार्ग स्थित गैस एजेंसी पर सिलेंडर की बुकिंग कराने के लिए उपभोक्ता पहुंचे लेकिन सर्वर की दिक्कत बनी रही। एजेंसी के प्रबंधक सुनीता कुमारी ने बताया कि कंपनी द्वारा व्यवसायिक सिलेंडर अभी उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। प्रबंधक विपुल अग्रवाल ने बताया कि उनकी एजेंसी पर व्यवसायिक सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो सके हैं। घरेलू उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी की जा रही है।



### संतूर की धुन पर आनंदित हो उठे स्कूली बच्चे

**बिलसंडा, अमृत विचार :** सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में संस्था स्पीक मैके द्वारा संतूर वादन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध संतूर वादक उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार विजेता पंडित अभय रुस्तम सोपोरी ने संतूर वादन कर मधुर धुनों का बच्चों को श्रवण कराया। मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी। बच्चे संतूर ध्वनि को सुन आनंदित हो उठे। प्रधानाचार्य रामरतन शर्मा, डॉ. अनुपम जायसवाल, सुरेश चंद्र गुप्ता, गयाप्रसाद, विपिन कुमार आदि का सहयोग रहा।

# अकीदत के साथ अदा की गई अलविदा की नमाज

## डीएम और एसपी की अगुवाई में शहर और खीरी टाउन में की गई पेट्रोलिंग, मस्जिदों पर तैनात रहा पुलिस बल



**इफ्तार** शुक्रवार
सुन्नी : 6:17
शिया : 6:19

**सहरी** शनिवार
सुन्नी : 4:51
शिया : 4:53

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिलेभर में अलविदा जुमे की नमाज शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जिला प्रशासन ने इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए थे और पूरी तरह अलर्ट पर था। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एसपी डॉ. ख्याति गर्ग समेत अन्य अधिकारियों के साथ शहर और खीरी टाउन में पेट्रोलिंग की। प्रमुख मस्जिदों सहित सभी नमाज स्थलों पर पुलिस बल तैनात किया गया।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह और सीओ विवेक तिवारी के साथ पुलिस बल सहित शहर और खीरी टाउन में पेट्रोलिंग कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। प्रशासन की ओर से प्रमुख मस्जिदों के आसपास चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया था। साथ ही ट्रैफिक और भीड़ नियंत्रण के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए।

अलविदा जुमे को देखते हुए जिले की सभी तहसीलों में एसडीएम और सीओ अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहे और लगातार पेट्रोलिंग करते रहे। प्रशासन की मुस्तैदी के चलते जिलेभर में नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

फूलबेहड़। कोतवाली फूलबेहड़ क्षेत्र के हजरतपुर गांव में नमाज अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई। नूरी मस्जिद में दोपहर 12 बजे से ही नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। नमाज के बाद मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली और भाईचारे की दुआ मांगी गई। मस्जिद के इमाम मौलाना मोहम्मद तौफीक रजा ने कहा कि रमजान इस्लामिक कैलेंडर का सबसे मुकद्दस महीना होता है, जिसमें रोजा, नमाज और इबादत का खास महत्व होता है। इस दौरान सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम रहे।

मितौली। कस्बे की जामा मस्जिद में हाफिज जलीस अकरम ने नमाज अदा कराई। वहीं, नूरी जामा मस्जिद में मौलाना इरफान उल हक और कादरी मस्जिद में हाफिज मोहसिन रजा ने अलविदा की नमाज संपन्न कराई। सुबह से ही मस्जिदों के आसपास काफी चहल-पहल और उत्साह का माहौल देखा गया। त्योहार की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। एसडीएम मधुसूदन गुप्ता, क्षेत्राधिकारी यादवेन्द्र यादव और थाना प्रभारी मितौली महेश पाठक ने भारी पुलिस बल के साथ कस्बे का भ्रमण किया। अधिकारियों ने स्वयं विभिन्न मस्जिदों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस की कड़ी निगरानी और मुस्तैदी के चलते नमाज पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

पलिया कलां। नगर के प्रमुख मोहल्ला पठान स्थित जामा मस्जिद, नूरी मस्जिद, मोहल्ला माहीगिरान में स्थित मस्जिद एवं मोहल्ला बरबंडा में स्थित मदीना मस्जिद सहित सभी मस्जिदों में अलविदा की नमाज पढ़ी गई। मदीना मस्जिद में मौलाना मुफ्ती अब्दुल गफ्फार ने रोजेदारों को नमाज पढ़ाई। पलिया के अतिरिक्त ग्राम अतरिया, नगला, तिरकौलिया, पतवारा आदि से भी शांतिपूर्ण माहौल में नमाज अदा की गई। कई रोजेदारों ने मस्जिदों की मरम्मत आदि के लिए धनराशि प्रदान की। कई लोगों ने मस्जिदों के बाहर मौजूद गरीबों, यतीमों को भी कुछ रुपए प्रदान किए। सुरक्षा की दृष्टि से नगर के चमन चौराहे, मोहल्ला माहीगिरान तिराहा सहित मस्जिदों के आसपास पुलिस की मौजूदगी रही।

बरवर। जामा मस्जिद में ईदगाह पेश इमाम मौलाना अनीस अहमद ने नमाज अदा कराई। मरकज में हाफिज वसीक अहमद, मस्जिद उमर काजी में अब्दुल हक, मस्जिद रिफाकत वाली में सवाले जमाल, मस्जिद करीम बख्श में हाफिज काशिफ, अबू हुरैरा मस्जिद में कारी जमाल अहमद, मदीना मस्जिद में मौलाना कादिर तथा हकीम जी वाली मस्जिद में हाफिज शाहीद ने नमाज अदा कराई। नमाज के बाद लोगों ने मुल्क में अमन-शांति और खुशहाली की दुआ की।



खीरी टाउन में फोर्स के साथ पेट्रोलिंग करती डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी डॉ. ख्याति गर्ग। ● अमृत विचार



बरवर में नमाज अदा करते अकीदतमंद। ● अमृत विचार



मितौली में मस्जिद के बाहर मौजूद एसडीएम मधुसूदन गुप्ता व सीओ यादवेन्द्र यादव।

### अकीदत के साथ रमजान माह के आखरी जुमे की हुई नमाज

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार :** पाक रमजान माह के आखिरी शुक्रवार को अलविदा जुमा मुसलमानों के लिए यह बहुत खास और भावुक दिन होता है। रमजान का पाक महीना अलविदा कह रहा होता है। नगर की सभी मस्जिदों पर अकीदत के साथ नमाज पढ़ी गई। रमजान माह में पड़ने वाले आखिरी शुक्रवार (जुमा) को गोला क्षेत्र की सभी मस्जिदों में व गोला नगर में जामा मस्जिद, नीची भूड़, ऊंची भूड़, गढ़ी मस्जिद, अर्जुन नगर कॉलोनी मस्जिद, केडिया फॉर्म मस्जिद, हफीजपुर मस्जिद में अकीदत के साथ अता की गई। अलविदा जुमा की नमाज़ मेंदेश में अमन, चैन व खुशहाली और तरक्की के लिए दुआएं मांगी गई। नगर में मोहम्मदी रोड स्थित जामा मस्जिद में मौलाना ताहिर ने नमाज पढ़ाई। मौलाना अफसर राजा मस्जिद केडिया फॉर्म, मौलाना हसीब मस्जिद नीची भूड़, मौलाना आसिफ ऊंची भूड़, मौलाना अहसान अर्जुन नगर कॉलोनी मस्जिद, मौलाना रफीक लक्ष्मणजती मस्जिद, हाफिज सिराज रजा मस्जिद मंडी समिति पीछे, मौलाना अब्दुल वाहिद मस्जिद गढ़ी मोहल्ला, पेश इमाम नजमुल आरफीन मोहल्ला ईदगाह मस्जिद, हाफिज इरशाद मदीना मस्जिदं में नमाज पढ़ाई। नमाज में मस्जिदों से देश की तरक्की और खुशहाली अमन और शांति के लिए दुआएं की गई। अलविदा की नमाज में शांति और सुरक्षा के लिये एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी, सीओ रमेश कुमार तिवारी, नायब तहसीलदार भानु प्रताप सिंह, कोतवाल अम्बर सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर सन्तोष कुमार सिंह, एसएसआई देवेंद्र सिंह, लेखपाल रमेश कुमार एवं चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। केशवापुर। कस्बे के निकटवर्ती गांव भल्लिया बुजुर्ग, खम्हौल, घुग्घुलपुर, कोटवारा, जलालपुर गांव में शुक्रवार को मस्जिदों में सुकून से अलविदा की नमाज अदा की गई। काफी संख्या में मस्जिदों में रोजेदारो ने पहुंचकर अलविदा की नमाज अदा कर मुल्क की सलामती, अमन-चैन व सुकून की दुआएं मांगी। इस मौके पर खम्हौल गांव में कमेटी के सदस्य की मौजूदगी में हाफिज जमील अख्तर ने नमाज अदा कराई। इस मौके पर पुलिस प्रशासन ने मस्जिद के बाहर रहकर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखी।



जामा मस्जिद के बाहर सुरक्षा की दृष्टि से खड़े एसडीएम और सीओ। ● अमृत विचार

### ईद-उल-अजहा की नमाज को लेकर अंजुमन कमेटी की बैठक

**सिंगाही, अमृत विचार :** कस्बे के मदरसा अंजुमन इस्लामिया में ईद-उल-अजहा की नमाज को लेकर अंजुमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। अंजुमन कमेटी के सचिव जैनुल हसन ने बताया कि चांद दिखाई देने के बाद सुबह 9 बजे ईदगाह में जामा मस्जिद के इमाम मौलाना शोएब ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कराएंगे। जामा मस्जिद में सुबह 8 बजे हाफिज अल्वी और भरौड़ा की नूरी मस्जिद में सुबह 8 :30 बजे हाफिज फारुख खान नमाज अदा कराएंगे। कमेटी के अध्यक्ष तजम्मुल खान ने लोगों से अपील की कि ईद का त्योहार भाईचारे और शांति के साथ मनाएं तथा सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से बचें। बैठक में मौलाना इरफान, मौलाना इमामत हुसैन, मोहम्मद तौहीद, मोहम्मद सफीक, मोहम्मद राशिद और मोहम्मद शरीफ सहित कई लोग मौजूद रहे।

**न्यूज ब्रीफ**

### महिला से गाली-गलौज और मारपीट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना खीरी के गांव लोनियनपुरवा निवासी मंशा देवी ने बताया कि गांव के ही विजयी, प्रताप, परिंद्र और लीलावती पत्नी ज्यावन उसके घर के पास आ गए और गाली-गलौज करने लगे। गाली देने का विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी, जिससे उसे चोटें आई हैं। जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई मोहम्मद कलाम खान को सौंपी है।

### गर्भवती के साथ मारपीट का आरोप

**धौरहरा, अमृत विचार :** कस्बा धौरहरा के पठान वार्ड निवासी समीना ने बताया कि दोपहर करीब तीन बजे उसकी जेठानी महनाज, उसके भाई तालिब और आलिम तथा बहनोई रिजवान ने उसकी सास फातिमा से मारपीट की। आरोप है कि बीच-बचाव करने पर आरोपियों ने उसे गाली-गलौज करते हुए पीटा, जबकि वह गर्भवती है। बचाने आए उसके पति इरशाद अहमद के साथ भी मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### श्री सचखंड साहिब का आरंभ 14 मार्च से

**भीरा, अमृत विचार :** मनमीत नगर डिग्री कॉलेज के कैंपस में नवनिर्मित गुरुद्वारा श्री सचखंड साहिब का शुभारंभ 14 मार्च को होगा। इसके बाद यह श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए सुलभ हो जाएगा। कॉलेज संस्थापक सेवादार सरदार पवनदीप सिंह ने बताया कि जनपद के विभिन्न गुरुद्वारों के कथावाचक व संत शब्द कीर्तन करेंगे। अखंड पाठ का समापन 14 मार्च को होगा।

### फसल की जुताई के दौरान किया हमला

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना खमरिया के गांव महरिया निवासी कमलेश कुमार ने बताया कि उसके खेत में केले की फसल है। आरोप है कि उसका पुत्र जयप्रकाश वर्मा और भतीजा प्रेमप्रकाश वर्मा खेत की जुताई करा रहे थे। तभी गांव के अच्छेलाल ने अपनी पत्नी रामकली और बहुएं मोहिनी व सावित्री को मौके पर भेजा। आरोप है कि तीनों महिलाओं ने गाली-गलौज करते हुए डंडों से मारपीट की और रामकली ने बगौड़ी से हमला करने की कोशिश की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एसपी स्टेनो प्रकरण में सीओ को सौंपी जांच

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- आरोपों के बाद स्टेनों को छुट्टी पर भेजा, पीड़िता ने लगाए गंभीर आरोप

**अमृत विचार:** एसपी कार्यालय में तैनात स्टेनो गौरव शर्मा के मामले में नया मोड़ सामने आया है। पहले इस मामले की जांच सीओ गोला रमेश कुमार तिवारी को सौंपी गई थी और स्टेनो को मूल पद पर गोला वापस भेजने का आदेश भी जारी किया गया था। बताया जा रहा है कि जांचकर्ता और आरोपी एक ही थाने में होने से जांच प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए जांच बदलकर सीओ धौरहरा शमशेर बहादुर सिंह को सौंप दी गई है। पुलिस के सूत्रों के मुताबिक फिलहाल स्टेनो को छुट्टी पर घर भेज दिया गया है।

मामले में सहारनपुर जिले की रहने वाली निदा मलिक ने स्टेनो गौरव शर्मा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का कहना है कि गौरव शर्मा ने करीब नौ साल पहले झांसे में लेकर उससे शादी की थी। आरोप है कि शादी के समय उसने अपनी पहली शादी और दो बच्चों की बात छिपाई थी। दूसरी शादी के बाद पीड़िता को एक बच्चा भी हुआ। बाद में दोनों के बीच विवाद होने पर पीड़िता ने एसपी डॉ. ख्याति गर्ग को रजिस्ट्री भेजकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

> गोला में मूल पद पर वापसी के बाद जांच प्रभावित न हो, इसे देखते हुए मामले की जांच सीओ धौरहरा को सौंपी गई है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।
> -डॉ. ख्याति गर्ग, एसपी

सूत्रों के अनुसार कुछ समय तक यह रजिस्ट्री अधिकारियों से छिपाकर भी रखी गई थी। मामला एसपी के संज्ञान में आने के बाद पहले इसकी जांच सीओ गोला को दी गई थी, लेकिन मामला मीडिया में आने के बाद एसपी ने जांच बदलते हुए सीओ धौरहरा को सौंप दी है। सीओ धौरहरा शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि उन्हें अभी तक लिखित आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। आदेश मिलने के बाद ही जांच शुरू की जाएगी।

# नव नियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष का पालिका में अभिनंदन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता के स्वागत का दौर जिले भर में जारी
- भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य शरद वाजपेयी भी रहे मौजूद

**अमृत विचार:** नव नियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता के स्वागत का दौर जिले भर में जारी हैं। वहीं नगर पालिका परिषद लखीमपुर में अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने समारोह पूर्वक नव नियुक्त जिलाध्यक्ष का अभिनंदन किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य शरद वाजपेयी मौजूद रहे। यहां जिलाध्यक्ष ने कहा कि उन्हें यहां आकर विशेष खुशी हो रही है, क्योंकि वे इसी नगर पालिका में पांच बार सभासद रह चुके हैं। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि उनके हितों के लिए वे लगातार संघर्ष करते रहेंगे।



नगर पालिका परिषद, लखीमपुर में अभिनंदन के दौरान जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता।

इसी तरह खमरिया पंडित में आयोजित समारोह में पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री एवं पूर्व सांसद अजय मिश्र टेनी, विधायक विनोद शंकर अवस्थी, उमाशंकर मिश्रा, शैलेश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे। जिला सहकारी बैंक सभागार में भी अभिनंदन समारोह में अध्यक्ष विनीत मनार ने अरविंद गुप्ता का स्वागत किया।

कार्यक्रम में लखीमपुर के सहायक निबंधक रजनीश प्रताप सिंह, डायरेक्टर गंगाराम राजपूत, संतोष अवस्थी, राजेश सिंह, पराग दुग्ध संघ के डायरेक्टर रमेश चंद्र मिश्रा, नगर अध्यक्ष देवदत्त चड्ढा आदि मौजूद रहे। संचालन के. पाठक ने किया। वहीं वैश्य समाज की ओर से ईशान गुप्ता के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में अरविंद गुप्ता का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया।

# गैस की जमाखोरी-कालाबाजारी पर डीएम की सख्त चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर जिला प्रशासन अब पूरी तरह एक्शन मोड में है। शुक्रवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने गैस एजेंसी संचालकों, ऑयल कंपनियों के सेल्स ऑफिसरों, पेट्रोल पंप मालिकों और रेस्टोरेंट कारोबारियों के साथ बैठक कर व्यवस्था को पारदर्शी रखने के लिए सख्त निर्देश दिए। संचालन डीएसओ अंजनी कुमार सिंह ने किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि उपभोक्ताओं को नियमानुसार घरेलू सिलेंडर उपलब्ध कराना प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है। जिले में गैस, डीजल-पेट्रोल की कोई कमी नहीं है। यदि कहीं भी जमाखोरी या कालाबाजारी की शिकायत मिली तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गैस एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए कि तय बुकिंग सिस्टम का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए और उपभोक्ताओं को उनकी बुकिंग के अनुसार ही सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएं। कहा कि सभी एजेंसियां अपने प्रतिष्ठान और गोदाम पर स्पष्ट नोटिस चस्पा करें, जिसमें लिखा हो कि हमारे पास पर्याप्त गैस उपलब्ध है और उपभोक्ताओं को नियमानुसार गैस उपलब्ध कराई जाएगी। हेल्पलाइन नंबर हर समय सक्रिय रखें और आने वाली कॉल्स को अटेंड कर उपभोक्ताओं को जरूरी जानकारी व सहायता उपलब्ध कराएं। साथ ही एजेंसियों की नियमित जांच कर यह सुनिश्चित करें कि भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन हो रहा है। एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने गैस एजेंसियों के संचालकों को स्पष्ट कहा कि सिलेंडर का वितरण फर्स्ट कम, फर्स्ट सर्व के आधार पर ही किया जाए और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं होगी।

### ऑनलाइन बुकिंग ठप, एजेंसियों के चक्कर लगा रहे उपभोक्ता

**लखीमपुर खीरी।** जिले में गैस बुकिंग को लेकर कॉल ही नहीं हो रही है। हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपी) के गैस उपभोक्ताओं की बुकिंग दो दिन से नहीं हो पा रही है। उपभोक्ता कॉल कर रहे हैं, लेकिन सर्वर ठप होने से बुकिंग नहीं हो पा रही है। बताते हैं कि कॉल करने पर रिंग नहीं जाती और स्वतः कट जाती है। वहीं, भारत और इंडेन में भी कॉल नहीं हो पा रही है। इससे उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। पश्चिम एशिया में जुड़े युद्ध का असर लगातार चौथे दिन जिले में भी नजर आया। व्यवसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति प्रभावित होने से होटल रेस्टोरेंट के सामने संकट खड़ा हो गया है। गैस बुकिंग और वितरण संबंधी नियम बनाए जाने से सबसे ज्यादा परेशानी होटल, ढाबा और हलवाई का काम करने वाले लोगों को हो रही है। उन्हें मजबूरी में महंगे दामों पर सिलेंडर खरीदने पड़ रहे हैं। कई संचालकों का कहना है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उन्हें अपने होटल और ढाबे बंद करने पड़ सकते हैं। वहीं, शहर में शुक्रवार को एजेंसी संचालकों ने अलग अलग स्थानों पर वाहन खड़े करके बुकिंग करने वाले उपभोक्ताओं को सिलेंडर उपलब्ध कराए।

### गड़बड़ी पर तुरंत की जाएगी कार्रवाई

गैस वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अहम कदम उठाया है। उन्होंने विभिन्न गैस एजेंसियों पर लेखपालों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए हैं। लेखपाल अपनी निगरानी में उपभोक्ताओं को पारदर्शी तरीके से सिलेंडर वितरण कराएंगे और पूरी व्यवस्था पर नजर रखेंगे। वितरण प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, जमाखोरी या कालाबाजारी की शिकायत मिलने पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासनिक निगरानी के बीच गैस एजेंसियों को नियमों का कड़ाई से पालन करना होगा।

# मकान के छज्जे को लेकर मारपीट

**सिंगाही, अमृत विचार:** कस्बा के वार्ड नंबर 9 मोहल्ला बाजार निवासी उमंग ने बताया कि वह अपनी आवासीय भूमि पर पक्का निर्माण करा रहा था और मकान से करीब दो फुट का छज्जा निकाल रहा था। इसको लेकर विपक्षी शिवलाल, रजत व छोटकू, रामप्रताप ने मारपीट कर उसके सिर में गंभीर चोट पहुंचाई और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं और उनसे लगातार खतरा बना हुआ है। प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर घायल का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। प्रकरण की जांच एसआई आशुतोष कुमार सिंह को सौंपी गई है।

# सीओ ने गैस एजेंसियों और रेस्टोरेंट का किया निरीक्षण

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- उपभोक्ताओं को समझाया धैर्य बनाए रखें, आपूर्ति सामान्य

**अमृत विचार:** गैस वितरण को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी ने गैस एजेंसी का जायजा लिया। मौजूद लोगों से कहा कि धैर्य बनाए रखें, आपूर्ति सामान्य है। उन्होंने नगर में संचालित विभिन्न होटलों, रेस्टोरेंट का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

गैस की किल्लत की अफवाह पर सीओ रमेश कुमार तिवारी, कोतवाल अंबर सिंह, नानक पुलिस चौकी इंचार्ज योगेश कुमार के साथ नगर की बादल नगर स्थित गोला गैस एजेंसी पहुंचे, जहां एजेंसी के बाहर खड़े उपभोक्ताओं को समझाया कि गैस वितरण प्रक्रिया सामान्य है, घबराने की जरूरत नहीं है। धैर्य बनाए रखें और अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें। एजेंसी प्रबंधन ने बताया कि आपूर्ति सामान्य है और उपभोक्ताओं को समय पर गैस मिलेगी। एजेंसी पर आने की जरूरत नहीं है, ऑनलाइन पोर्टल के माध्यमों से गैस बुक कर सकते हैं और ऑनलाइन पेमेंट भी कर सकते हैं। किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने पुलिस टीम के साथ होटल, रेस्टोरेंट का निरीक्षण कर निर्देश दिए।

# हैदराबाद फीडर में 33 केवी ब्रेकर फटा

- क्षेत्र में 20 घंटे से अधिक बिजली गुल, जनजीवन अस्त-व्यस्त

संवाददाता, केशवापुर

**अमृत विचार:** हैदराबाद गांव में स्थित विद्युत उपकेंद्र में गुरुवार रात करीब 9 बजे एक तकनीकी खराबी आने से पूरे इलाके में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। अत्यधिक लोड के कारण उपकेंद्र में स्थित 33 केवी का ब्रेकर अचानक ब्लास्ट हो गया, जिससे क्षेत्रवासियों को अंधेरे में रहने के साथ परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

20 घंटे से ज्यादा बीत जाने के बाद भी बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है, जिससे आम जनजीवन और व्यापारिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। इस मामले में जेई अर्जुन से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन नहीं उठा, जिससे बिजली बहाली की स्थिति और संभावित समय के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है। क्षेत्र के उपभोक्ता बिजली विभाग से जल्द ही आपूर्ति बहाल करने की मांग कर रहे हैं, ताकि वे सामान्य जीवन में लौट सकें।



हैदराबाद फीडर पर ब्रेकर ठीक करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

# रेडियो खीरी के कैंप में फाइलेरिया की दवा खिलाई

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** रेडियो खीरी के प्रयास और जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से गांव पिपरा करमचंद स्थित रेडियो प्रसारण केंद्र परिसर में फाइलेरिया रोग से बचाव के लिए दवाओं का विशेष कैंप लगाया गया। मलेरिया निरीक्षक विकास मिश्रा व सौरभ शुक्ला ने लोगों को उम्र व लंबाई के अनुसार आईवरमेक्टिन, डीसी व एल्बेंडाजोल दवाएं खिलाईं। कैंप में आशा कार्यकर्ता किरण वर्मा ने भी सहयोग किया। इस दौरान 20 लोगों 11 महिलाएं व 9 पुरुष ने दवा का सेवन किया, जिनमें दो स्कूली बच्चे भी शामिल रहे।




फाइलेरिया की दवा देती टीम। ● अमृत विचार

# कांग्रेसियों ने बलराम के आवास पर जताया शोक

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार:** पलिया शहर निवासी कांग्रेस के प्रदेश सचिव बलराम गुप्ता के आवास पर गुरुवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने पहुंचकर उनके परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, कांग्रेस विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल, जिला उपाध्यक्ष केके मिश्रा, डॉ. बीआर अंबेडकर सेवा संस्थान गोला के अध्यक्ष शिव भगवान, लखीमपुर शहर अध्यक्ष रियाज अहमद मोनू समेत कई नेताओं ने बलराम गुप्ता के आवास पहुंचकर उनकी बड़ी मां स्व. पुष्पा गुप्ता एवं पिता स्व. ओम प्रकाश गुप्ता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। नेताओं ने परिजनों को ढांढस बंधाया और ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना की। इस दौरान नेताओं ने परिवार के नवविवाहित जोड़े को भी आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा। संविधान संवाद एवं कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद सभी नेता बलराम गुप्ता के आवास पहुंचे और शोक संवेदना प्रकट की।

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश शर्मा, नगर अध्यक्ष अजय दरोगा, जिला प्रवक्ता दिनेश जिंदल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी मोइन अहमद जावेदी, जिला महासचिव दिनेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष राजू कश्यप, संजय, रमेश, जिला उपाध्यक्ष जीत सिंह, मोहम्मद अख्तर गुड्डू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।



राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व अन्य।

# अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ. आर.एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic



★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।

**चिकित्सा जानकारी**
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

**किसी भी प्रकार का नशा जैसे**
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

**स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं**
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना



वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
22 मार्च 2026, रविवार
5 अप्रैल 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# नगर पालिका ने की कार्रवाई, पक्ष-विपक्ष के होर्डिंग उखाड़े, गरमाई सियासत

## इंदिरा पार्क के आसपास लगे थे अवैध होर्डिंग्स, सोमवार से चलाया जाएगा विशेष अभियान

- निर्धारित शुल्क जमा कर ही लगा सकेंगे होर्डिंग्स

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** नवनियुक्त ईओ आईएएस मनीषा धार्वे के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद ने गुरुवार शाम अशोक चौराहा स्थित इंदिरा पार्क के आसपास लगी अवैध होर्डिंग्स को जेसीबी की मदद से हटवा दिया। इसमें पक्ष-विपक्ष के अलावा नव नियुक्त जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता के स्वागत वाली होर्डिंग हटाए जाने से सियासत गर्म हो गई है। सोशल मीडिया पर जहां चर्चाओं का दौर है, वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष ने ईओ और एडीएम से भी होर्डिंग मामले की जानकारी ली है।

जिले की प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे ने नौ मार्च को नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी का कार्यभार ग्रहण किया। इसके बाद उन्होंने शहर में लगी अवैध होर्डिंग्स को हटाए जाने का आदेश दिया। जिसके बाद पालिका की जेसीबी अशोक चौराहा स्थित इंदिरा पार्क के आसपास विभिन्न राजनीतिक दलों की होर्डिंग्स को उखाड़ना शुरू कर दिया। इसमें सपा, कांग्रेस सहित भाजपा नेताओं और नव नियुक्त जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता की भी होर्डिंग लगी थी, जिसे में भी पालिका की जेसीबी ने उखाड़ फेंका। इसके बाद होर्डिंग उखाड़ते फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगे। लोगों ने पालिकाध्यक्ष सहित प्रशासन पर भी टिप्पणियां की हैं। सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष ने इस बाबत ईओ और एडीएम से जानकारी ली है।



होर्डिंग हटने के बाद दिखती इंदिरा जी की प्रतिमा। • अमृत विचार

उधर, प्रभारी अधिशासी अधिकारी ने स्पष्ट किया कि अब नगर में निर्धारित शुल्क जमा करने के बाद ही होर्डिंग्स लगाने की अनुमति दी जाएगी। प्रभारी ईओ ने बताया कि तीन दिन की लगातार छुट्टी के बाद सोमवार से नगर पालिका पूरे नगर क्षेत्र में अभियान चलाकर अवैध होर्डिंग्स हटवाएगी। नगर पालिका के बायलॉज के अनुसार एक रुपये प्रति वर्ग फीट साप्ताहिक शुल्क निर्धारित है।

उन्होंने बताया कि अशोक चौराहे के पास लगे डिजिटल डिस्प्ले और क्रॉस रोड इंटरनेशनल स्कूल की ओर से नियमों का पालन करते हुए निर्धारित शुल्क जमा किया गया है। नगर में लगी अन्य होर्डिंग्स के संबंध में संबंधित लोगों को शुल्क जमा करने के लिए कहा जाएगा। यदि शुल्क जमा नहीं किया गया तो होर्डिंग्स हटवा दी जाएंगी। अभियान की शुरुआत बड़े होर्डिंग्स को हटाने से की जाएगी और सभी पर समान रूप से नियम लागू होंगे।

### भाजपा जिलाध्यक्ष बोले, होर्डिंग हटवाया जाना अच्छा नहीं लगा

भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने बताया कि गोला में उनके स्वागत वाली होर्डिंग को हटाए जाने की जानकारी मिली। उन्होंने इस बाबत ईओ और एडीएम से पूछा, लेकिन उन्होंने अनभिज्ञता जताई। इस बाबत कुछ कह नहीं सकते पर होर्डिंग हटाया जाना अच्छा नहीं लगा। उन्होंने इस बाबत डीएम से भी शिकायत की है और जांच कर दोषी पर कार्रवाई को कहा है।

### बिना सूचना दिए होर्डिंग हटवाना गलत

पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने कहा है कि पालिका प्रशासन ने पार्क के चारों ओर लगी होर्डिंग को हटवाया, जिसकी जानकारी उन्हें नहीं दी गई। सोशल मीडिया से उन्हें होर्डिंग हटाए जाने की जानकारी लगी। पालिका प्रशासन को होर्डिंग से संबंधित राजनीतिक दलों के लोगों को पहले सूचना देना चाहिए। साथ ही हटवाने के लिए समय भी देना चाहिए था। बिना सूचना दिए होर्डिंग हटवाना गलत है।

# अग्नि सुरक्षा के विभिन्न उपायों की दी जानकारी

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर में स्वयंसेवकों ने ग्रामीण क्षेत्र में किसानों, बच्चों और विद्यालय में रसोइयों को अग्नि सुरक्षा के विभिन्न उपायों की जानकारी देते हुए हीट वेव और संचारी रोगों से बचने के तरीके बताए। नियमित व्यायाम और योग के महत्व को समझाया।

गादित गांव रामपुर जंगल में लगे शिविर में स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत, व्यायाम एवं योगाभ्यास के साथ शुक्रवार को कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान स्वयंसेवकों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने तथा नियमित व्यायाम और योग के महत्व के बारे में बताया गया। कैंपस से एक क्विंटल प्लास्टिक इकट्ठा किया गया। अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण में फायर स्टेशन के एफएसएसओ अंकित कुमार एवं उनकी टीम द्वारा विद्यार्थियों, ग्रामीणों तथा स्वयंसेवकों को अग्नि सुरक्षा के विभिन्न उपायों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान आग लगने की स्थिति में बचाव के उपाय, प्राथमिक सुरक्षा तकनीकों तथा अग्निशमन उपकरणों के उपयोग के बारे में बताया गया। गांव की महिलाओं, प्राथमिक विद्यालय की रसोइयों, स्वयंसेवकों को आपातकाल में आग लगने पर आग बुझाने का प्रशिक्षण भी दिया गया। डॉ. देवराज सिंह ने संचारी, गैर संचारी रोगो, हीट वेव से बचने के बारे में बताया। सहप्राध्यापक डॉ. आनंद कुमार पांडेय ने मधुमक्खी पालन के महत्व की जानकारी दी। डॉ. हिमांशु मिश्रा ने नर्सरी प्रबंधन, पौध तैयार करने की विधियां बताई। डॉ. सतेंद्र कुमार ने श्वेत क्रान्ति और दुग्ध उत्पादन के माध्यम से ग्रामीण आर्थिक सुदृढ़ीकरण पर जानकारी साझा की। अधिष्ठाता डॉ. अनिल कुमार सिंह, डॉ. अनूप कुमार, प्रधानाध्यापिका रीना गिरि आदि मौजूद रहे।



गोला के शिविर में आग बुझाने के तरीके बताते अग्निशमन अधिकारी।

- शिविर में संचारी रोगों, हीट वेव से बचाव के भी बताए उपाय

# भजन संध्या के साथ खेली फूलों की होली

- शैवाचार्य प्रशांत प्रभु महाराज के सानिध्य में किया गया आयोजन

संवाददाता, पसगवां

**अमृत विचार:** जंगबहादुरगंज में श्री आदिगुरु वैदिक सेवा सनातन ट्रस्ट के बैनर तले शैवाचार्य प्रशांत प्रभु महाराज के सानिध्य में भजन संध्या के साथ होली महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के सदस्यों, महिलाओं और क्षेत्र के सम्भ्रांत नागरिकों ने भाग लेकर फूलों और गुलाल की होली खेली तथा आपसी प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत शैवाचार्य प्रशांत प्रभु महाराज द्वारा राधा-कृष्ण के पूजन-अर्चन से की गई। इसके बाद भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालु भजनों की धुन पर झूमते नजर आए। इस अवसर पर प्रशांत प्रभु महाराज ने कहा कि हमारे त्यौहार ही भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा को जीवित रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के अनुयायियों को अपने त्यौहार परंपरागत और सात्विक तरीके से मनाने की जरूरत है। रंगों के नाम पर होने वाली असभ्यता पर उन्होंने प्रहार करते हुए कहा कि होली मातृशक्ति के साथ सम्मान और सादगी के साथ खेलनी चाहिए।



फूलों की होली खेलतीं महिलाएं। • अमृत विचार

उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि त्यौहार के नाम पर मांस और मदिरा का सेवन न करें। सनातन त्यौहार हमें सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं और समाज में प्रेम, भाईचारे तथा आपसी सद्भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और पुरुषों ने गुलाल और फूलों की होली खेलकर होली महोत्सव का आनंद उठाया। पूरे कार्यक्रम में भक्तिमय माहौल बना रहा और लोगों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं।

# नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष का किया स्वागत

- संगठन मजबूती, कार्यकर्ताओं का उत्साह पार्टी की बड़ी ताकत
- विभिन्न क्षेत्रों की तमाम प्रतिभाएं सम्मानित

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** विधायक अमन गिरि द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता का कार्यकर्ताओं ने स्वागत, सम्मान किया गया। फूलों की होली खेलकर एक दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए जिलाध्यक्ष का स्वागत किया और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

नगर की अलीगंज रोड स्थित एक बारात घर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने होली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं का उत्साह ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। समर्पित कार्यकर्ताओं का स्नेह, सम्मान और सहयोग सदैव ऊर्जा व प्रेरणा प्रदान करता है। विधायक अमन गिरि ने कहा कि होली मिलन आपसी मतभेदों को दूर करने और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने का अवसर देता है। उन्होंने अरविंद गिरि फाउंडेशन द्वारा नगर में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले साहित्यकार, पत्रकार, सामाजिक संस्थाओं के लोगों को छोटी काशी गौरव सम्मान देकर सम्मानित किया। संचालन केके शुक्ला ने किया।



गोला में भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत करते विधायक अमन गिरि व अन्य। • अमृत विचार

समारोह में मोहम्मदी नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मल्होत्रा, पलिया नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि इ. वरुण गुप्ता, नकहा ब्लाक प्रमुख पवन गुप्ता, कुम्भी ब्लाक प्रमुख विमल वर्मा, जिला महामंत्री आशू मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार, सुरजन लाल वर्मा, लाल्हापुर प्रधान जनार्दन गिरि, भाजपा युवा नेता धर्मेंद्र गिरि मोंटी, अजय गिरि, शरद मिश्रा, अवधेश मिश्रा, रामगुलाम पांडेय, आशीष सिंह डब्बू, सुरेंद्र शर्मा, सुधीर सक्सेना एडवोकेट, सचिन सिंह, आयुष शुक्ला, अजीत पांडे, कपिल भारती आदि मौजूद रहे।

# पेट्रोल पंप, गैस एजेंसियों व रेस्टोरेंटों का किया निरीक्षण

- तहसीलदार ने दी घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग पर हिदायत
- उपभोक्ताओं के लिए छांव की व्यवस्था के दिए निर्देश

संवाददाता, मैगलगंज

**अमृत विचार:** कस्बा मैगलगंज में मितौली तहसीलदार दिनेश कुमार और क्षेत्रीय लेखपाल सौरभ राय ने क्षेत्र के पेट्रोल पंप, गैस एजेंसियों तथा रेस्टोरेंटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने गैस की उपलब्धता, आपूर्ति व्यवस्था और उपभोक्ताओं को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी लेकर निर्देश दिए।

तहसीलदार दिनेश कुमार ने गैस एजेंसी संचालकों से कहा कि ऑनलाइन बुकिंग कराने वाले उपभोक्ताओं के घरों तक अधिक से अधिक गैस सिलेंडरों की डिलीवरी सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को एजेंसी तक आने की आवश्यकता न पड़े और व्यवस्था सुचारु बनी रहे। एजेंसी परिसर में धूप में खड़े उपभोक्ताओं को देखकर तहसीलदार ने संचालकों को तुरंत छांव की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए, जिससे गैस लेने आए लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा तहसीलदार ने कस्बे के कुछ होटलों और रेस्टोरेंटों का भी निरीक्षण किया और यह जांच की कि कहीं घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग व्यावसायिक कार्यों में तो नहीं किया जा रहा है।



कस्बे के एक रेस्टोरेंट का निरीक्षण करते तहसीलदार दिनेश कुमार। • अमृत विचार

उन्होंने संचालकों को सख्त हिदायत दी कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में केवल कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों का ही प्रयोग किया जाए, अन्यथा नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार दिनेश कुमार ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। क्षेत्र की गैस एजेंसियों में गैस की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य रूप से जारी है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह चौहान भी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

- विद्यार्थियों ने सीखी वैज्ञानिक क्रियाएं

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** जिला विज्ञान क्लब लखीमपुर खीरी के तत्वावधान में यूपी बोर्ड, सीबीएसई व आईसीएसई बोर्ड के 18 विद्यालयों के 100 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों व शिक्षकों की दो बसों को जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर लखनऊ रवाना किया।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को बताया कि दैनिक जीवन में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से विद्यार्थियों को वैज्ञानिक भ्रमण कराया जाता है। शोध प्रयोगशालाओं के माध्यम से विद्यार्थी शुद्ध विज्ञान में शोध हेतु प्रेरित होंगे। जिला समन्वयक सुनील कुमार मिश्र ने बताया कि भारतीय विष विज्ञान संस्थान लखनऊ पर्यावरण और विष विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान करता है। संस्थान मानव स्वास्थ्य और पारिस्थितिकी तंत्र पर औद्योगिक और पर्यावरणीय रसायनों के प्रभाव का अध्ययन करता है। साथ ही वायु, जल, और मिट्टी में प्रदूषकों की पर्यावरणीय निगरानी भी करता है।



लखनऊ में विद्यार्थियों को विज्ञान की बारीकियां समझाते वैज्ञानिक। • अमृत विचार

प्रतिभागी विद्यार्थियों ने विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान में सर्वप्रथम अनुसंधान संस्थान की डॉक्यूमेंट्री देखी। विद्यार्थियों ने चार प्रयोगशालाओं का वैज्ञानिक अध्ययन किया, जिनमे स्कैनिंग इलेक्ट्रान, माइक्रोस्कोप एवं ट्रांसमिशन, इलेक्ट्रान माइक्रोस्कोप, फ्लो साइटोमीटरी, विश्लेषणात्मक रसायन प्रयोगशाला, पर्यावरण निगरानी प्रयोगशाला एवं थ्री डी बायो प्रिंटर को करके देखा और समझा। कार्यक्रम में डॉ अविशा सोनी, दिनेश श्रीवास्तव, याचना वर्मा, आशीष वाजपयी का अमूल्य योगदान रहा।

# पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने दीं आहुति

- बुढ़वा बाबा शिव मंदिर पर हो किया जा रहा आयोजन
- कार्यक्रम का आरंभ देवपूजन के साथ किया गया

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरोठा स्थित बुढ़वा बाबा शिव मंदिर पर आयोजित पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञ देव को प्रसन्न करने के लिए आहुति दीं। कार्यक्रम का आरंभ देवपूजन के साथ हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

शांतिकुंज हरिद्वार की प्रशिक्षित सह टोली नायक बृजेन्द्र त्रिपाठी ने सहयोगी आचार्य जगदम्बा प्रसाद पांडेय, रामसंजीवन और जय सिंह के साथ यज्ञ संपन्न कराया। यज्ञ में मुख्य यजमान नेकीराम शुक्ला, चुन्ने लाल कश्यप, राकेश जायसवाल, राजेश चक्रवर्ती, रमेशानंद, पवन कश्यप और डॉ. सुरेश त्रिपाठी सहित अन्य श्रद्धालु शामिल रहे। इस दौरान यज्ञाचार्य बृजेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने यज्ञ की महिमा का वर्णन करते हुए बताया है कि समस्त प्राणी अन्न से उत्पन्न होते हैं, अन्न वर्षा से और वर्षा यज्ञ से होती है। उन्होंने कहा कि यज्ञ मानव जीवन को शुद्ध और श्रेष्ठ बनाने का माध्यम है। महायज्ञ में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर यज्ञ में आहुति दी और क्षेत्र की सुख-समृद्धि व शांति की कामना की।

# 16 केंद्रों पर आज से होगी पुलिस भर्ती परीक्षा

- डीएम-एसपी ने बैठक कर दिए जरूरी दिशा-निर्देश
- अफसरों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर देखी तैयारियां

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसी क्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा-निर्देश दिए। बैठक का संचालन एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने किया।

बैठक में बताया गया कि जिले के 16 परीक्षा केंद्रों पर 14 और 15 मार्च को दो-दो पालियों में परीक्षा आयोजित होगी। पहली पाली सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक चलेगी। प्रत्येक पाली में 4800 परीक्षार्थी शामिल होंगे। डीएम ने नोडल अधिकारियों, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और नकल विहीन ढंग से संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी बोर्ड के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें।



बैठक को संबोधित करतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल। • अमृत विचार

एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी और सोशल मीडिया पर भी भ्रामक खबरों पर नजर रखी जाएगी। एएसपी पवन गौतम ने परीक्षा से संबंधित जरूरी जानकारी देते हुए अधिकारियों की शंकाओं का समाधान किया। बैठक में सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, वरिष्ठ कोषाधिकारी, केंद्र प्रभारी पुलिस, कंट्रोल रूम प्रभारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया और व्यवस्थाएं देखीं।

# बाला जी मंदिर धाम में दो दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा तय

- श्री बालाजी जन्मोत्सव को लेकर बैठक का आयोजन

संवाददाता, संपूर्णानगर

**अमृत विचार:** सिंगाही खुर्द स्थित श्री बाला जी मंदिर धाम परिसर में गुरुवार देर शाम मंदिर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अप्रैल में होने वाले श्री बाला जी जन्मोत्सव कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। इसमें कस्बे और गांव के संभ्रांत लोग व व्यापारी मौजूद रहे।

श्री बाला जी मंदिर सेवा ट्रस्ट और श्री बाला जी धाम सुंदर मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी जन्मोत्सव कार्यक्रम धूमधाम और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। सभी की सहमति से इस बार दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के तहत 1 अप्रैल को सुबह 9 बजे सिंगाही खुर्द स्थित श्री बाला जी मंदिर धाम से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर भ्रमण करते हुए कस्बे के विभिन्न मंदिरों में पूजन-अर्चन कर सुंदर झांकियों के साथ पुनः मंदिर परिसर में पहुंचेगी। वहीं 2 अप्रैल को मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ, 108 हनुमान चालीसा जाप और दोपहर 2 बजे से भंडारा व प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसके अलावा श्री दुर्गा मंदिर में भी श्री बाला जी जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

बैठक में मंदिर अध्यक्ष राजेश भास्कर, पुजारी सर्वेश व विवेक मिश्र, कार्यक्रम अध्यक्ष ओम प्रकाश मद्देशिया, राम निवास मित्तल, पप्पू सोनार, मनोज गुप्ता, देवशरण गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह, संजीव जायसवाल, मोनू गुप्ता, आलोक सिंह, राम सिंह, पवन वर्मा, आलोक वर्मा आदि मौजूद रहे।

## बच्चों के विवाद में घर में घुसकर मारपीट

**मोहम्मदी, अमृत विचार:** कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के मुजफ्फरपुर रसूलपुर निवासी सफी अहमद ने बताया कि गुरुवार की शाम करीब 5:25 बजे बच्चों के बीच विवाद हो गया। इससे नाराज होकर गांव के ही नवी मोहम्मद उर्फ गुड्डू पुत्र नासिर अली, पेश मोहम्मद पुत्र नवी मोहम्मद, अशफाक पुत्र नासिर अली और तसलीम पुत्र नजर मोहम्मद लाठी-डंडे लेकर उसके घर पर आ गए। आरोप है कि आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर सभी ने सफी अहमद को लाठी-डंडों से जमकर पीटा, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आ गई। बचाने आई उसकी पत्नी मायशा खातून और पुत्री नरबीन को भी आरोपियों ने पीट दिया, जिससे वह भी घायल हो गईं। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रकरण की जांच एसआई महेंद्र सिंह यादव को सौंपी गई है।

# हादसे में किशोर एवं चालक की मौत

## भट्ठे से ईंट लेकर जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली खाई में पलटी, वाहन ने साइड से मारी टक्कर

संवाददाता, पसगवां



हादसे के बाद मौके पर लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

- ग्राम बद्दापुर के टंडन ब्रिक फील्ड से आ रही थी ट्रैक्टर-ट्रॉली

**बाल श्रम पर उठे सवाल**

हादसे में घायल 13 वर्षीय मोनू के ट्रैक्टर पर मजदूरी करने की बात सामने आने से ईंट भट्ठों पर बाल श्रमिकों के काम करने को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। यदि कम उम्र के बच्चे भट्ठों पर मजदूरी कर रहे हैं तो यह बाल श्रम निषेध कानून का उल्लंघन माना जाएगा।

**अमृत विचार:** जंगबहादुरगंज और नेशनल हाईवे के पनई बाईपास के बीच भट्ठे से ईंटें लेकर जा रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने साइड से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर करीब 10 फीट गहरी खाई में पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक और एक किशोर श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को उपचार के लिए शाहजहांपुर रेफर किया गया है, जहां उपचार के दौरान किशोर श्रमिक की मौत हो गई। चौलक की लखनऊ ले जाते समय मौत हो गई।

हादसा शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे हुआ। पसगवां थाना क्षेत्र के जंगबहादुरगंज के पास ग्राम बद्दापुर स्थित टंडन ब्रिक फील्ड से ईंटें भरकर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली शाहजहांपुर की ओर जा रही थी। जंगबहादुरगंज से करीब दो किलोमीटर दूर बाईपास के पश्चिमी छोर से पहले पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क किनारे लगभग 10 फीट गहरी खाई में जा गिरी। ट्रॉली पर चालक समेत तीन मजदूर सवार थे।

हादसे में चालक अबीर (25) पुत्र कल्लू निवासी ग्राम भारतपुरवा और श्रमिक मोनू (13) पुत्र नरवीर निवासी बद्दापुर ट्रॉली के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस व ग्रामीणों की मदद से काफी प्रयास के बाद दोनों घायलों को बाहर निकाला गया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पसगवां भेजा गया।

हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने दोनों को शाहजहांपुर रेफर कर दिया, जहां श्रमिक मोनू की मौत हो गई। यहां से चालकअबीर को लखनऊ रेफर किया गया, जिसकी रास्ते में मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया।

## सौतेले भाइयों ने कुल्हाड़ी से किया हमला

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- ग्राम चंदपुरा में जमीन की रंजिश को लेकर हुआ विवाद

**अमृत विचार:** कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम चंदपुरा में जमीन की रंजिश को लेकर एक युवक का उसके सौतेले भाईयों से विवाद हो गया। आरोप है कि आरोपियों ने कुल्हाड़ी के उल्टे हिस्से से प्रहार कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है।

गांव चंदपुरा निवासी पुरुषोत्तम ने बताया कि वह अपने पुस्तैनी घर किसी घरेलू कार्य से गया था। इस दौरान पुरानी जमीन को लेकर रंजिश के चलते उसके सौतेले भाई बाबूराम और अरविंद कुमार ने अरविंद कुमार की पत्नी के उकसाने पर कुल्हाड़ी के उल्टे हिस्से से उसकी पीठ पर हमला कर दिया। इससे उसकी पीठ में गंभीर चोटें आई हैं।

घटना के बाद उसने चौकी एलआरपी पुलिस को तहरीर दी, लेकिन आरोपी बुलाने के बावजूद भी चौकी पर नहीं पहुंचे। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसे घर में जाने पर जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई बृजमोहन सैनी को सौंपी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


### कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
### बदायूँ/पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक 1445/76सी0(ए0)(ई–टेण्डर)–08/2025–26 दिनांक 05.03.2026

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

1. महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बदायूँ/पीलीभीत वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, पीलीभीत के क्षेत्र में निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार प्रतिषत दरों पर ऑन लाइन ई–निविदा दिनांक 16.03.2026 से दिनांक 24.03.2026 की अपरान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 24.03.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑनलाइन खोला जाना प्रस्तावित किया गया है–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराषि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क+स्टेष्नरी+जी0एस0टी0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) | फर्म/ठेकेदारों की आवष्यक पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | विशिष्ट महानुभावों के सम्भावित आगमन/कार्यक्रमों हेतु जनपद पीलीभीत के विधानसभा 129–पूररनपुर के तहसील पूरनपुर में स्थित गन्ना कृषक स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में हैलीपेड एवं पहुँच मार्ग निर्माण का कार्य। | प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 पीलीभीत | 73.00 | 5.65 | 2714.00 | 04 Month | समान स्तर के कार्य को कम से कम तीन बार आयोजन कराने का अनुभव होना चाहिए |

2. निविदा दस्तावेज एंव निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु बेवसाईट http;//etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

UP - 247977 दिनांक: 12/03/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(राजेष चौधरी) अधिषासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, पीलीभीत

(के0के0सिंह) अधीक्षण अभियन्ता बदायूँ/पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0,बरेली


## ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, युवक की दबकर मौत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- पिता बाल-बाल बचे, पुलिया के पास स्टेयरिंग हुआ था फेल

**अमृत विचार:** फूलबेहड़ थाना क्षेत्र में शुक्रवार को गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से एक युवक की दबकर मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से युवक को बाहर निकलवाकर जिला अस्पताल भिजवाया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के गांव हजरतपुर निवासी नियाज मोहम्मद अपने 25 वर्षीय पुत्र रकीब के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली में गन्ना भरकर पास के क्रय केंद्र पर बेचने जा रहे थे। बताया जाता है कि गांव के बाहर एक पुलिया के पास अचानक ट्रैक्टर का स्टेयरिंग फेल हो गया। स्टेयरिंग फेल होते ही ट्रैक्टर चालक का संतुलन बिगड़ गया और ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में जा पलटी। हादसे में ट्रैक्टर चला रहे नियाज मोहम्मद किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाने में सफल रहे, लेकिन ट्रॉली पर बैठा उनका बेटा रकीब गन्ने के बोझ के नीचे दब गया।

पिता के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर दौड़ पड़े। देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद ट्रॉली में भरे गन्ने को हटाकर रकीब को बाहर निकालने का प्रयास किया। इसी बीच किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी। सूचना पाकर फूलबेहड़ थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस और ग्रामीणों की मदद से गन्ने के नीचे दबे रकीब को बाहर निकाला गया। उस समय उसकी हालत बेहद गंभीर थी।

पुलिस ने तत्काल उसे जिला अस्पताल भिजवाया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते ट्रैक्टर का संतुलन बन जाता तो शायद यह हादसा टल सकता था।

## ओवरलोड भरा गन्ना ट्रक पलटा, बाल-बाल बचा ड्राइवर

संवाददाता, संपूर्णानगर

**अमृत विचार:** ओवरलोड गन्ना भरा ट्रक चीनी मिल गेट के पास पलट गया। लोगों ने ट्रक का शीशा तोड़कर चालको सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हालांकि चालक को चोटें आई हैं। शुक्रवार को ओवरलोड गन्ना भरा एक ट्रक बमनगर की साइड से संपूर्णानगर किसान सहकारी चीनी मिल जा रहा था।

बताते हैं कि ट्रक एक साइड को झुका हुआ चल रहा था। रास्ते में लोग उसके पलटने की आशंका में ट्रक से दूर हो जा रहे थे। ट्रक किसी तरह कस्बे से निकलता हुआ चीनी मिल तक पहुंच गया और गेट पर पहुंच कर आखिर पलट ही गया। ट्रक चालक केबिन के बीच में फंस गया। आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंच आगे का शीशा तोड़कर चालक को बाहर निकाला गया।

## गोमती के जल का सैंपल लेकर निकाला कचरा



गोमती नदी से निकाला कचरा। ● अमृत विचार

संवाददाता, पसगवां

- उद्गम स्थल से विभिन्न घाटों का निरीक्षण करते हुए इमलिया घाट पर अभियान का समापन

**अमृत विचार:** अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही आदि गंगा गोमती की सुध लेने के लिए नदी जल एवं पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. वेंकटेश दत्ता अपनी टीम के साथ मैदान में उतरे और नदी संरक्षण को लेकर उम्मीद जगाई। उन्होंने गोमती नदी के जल की सैंपलिंग और सर्वेक्षण के लिए महिला शोधार्थियों के साथ पीलीभीत स्थित गोमती उद्गम स्थल से विभिन्न घाटों का निरीक्षण करते हुए मोहम्मदी के पास इमलिया घाट पर अभियान का समापन किया।

इस दौरान उनके साथ दक्षिण खीरी वन प्रभाग से जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सरोज भार्गव और डॉ. भानु प्रताप भी मौजूद रहे। टीम ने गोमती नदी में उतरकर नदी तट पर फैला कचरा भी बाहर निकाला। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ के नदी जल एवं पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. वेंकटेश दत्ता ने उद्गम स्थल से लेकर कई घाटों का निरीक्षण किया, जल के नमूने लिए और आसपास के गोमती मित्रों से बातचीत भी की। मोहम्मदी के निकट इमलिया घाट पर गोमती सेवा समाज मोहम्मदी के गोमती मित्रों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान गोमती नदी की वर्तमान स्थिति, उसके सुधार और वैज्ञानिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

डॉ. वेंकटेश दत्ता ने इस अवसर पर स्ट्रॉन्ग ड्रीम, स्ट्रॉन्ग स्ट्रीम का नारा भी दिया। उनके निर्देशन में मौजूद लोगों ने नदी तट पर फेंकी गई थर्माकोल और प्लास्टिक के कचरे को एकत्र कर उसका निस्तारण किया। इसके बाद गोमती नदी के जल की जांच के दौरान पीएच मान, जल प्रवाह की गति, जल की गहराई और विस्तार आदि का विभिन्न यंत्रों से परीक्षण कर नमूने लिए गए।

डॉ. दत्ता ने बताया कि इस घाट पर जल की गुणवत्ता अन्य घाटों की तुलना में संतोषजनक पाई गई। इस मौके पर गोमती मित्र हरेंद्र वर्मा, मनदीप सिंह, बख्शीश सिंह, देवेश बाजपेई, राघव शुक्ल समेत कई लोग मौजूद रहे। सभी ने गोमती नदी की धारा में मानव श्रृंखला बनाकर उसे सदानीरा, स्वच्छ, स्वस्थ और निर्मल बनाए रखने का संकल्प लिया।

## लाठी-डंडों से हमला, तीन घायल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** थाना ईसानगर के गांव हटवा निवासी जलील ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 12 मार्च की शाम करीब चार बजे गांव के ही कमलकांत पुत्र रामदुलारे, अतुल व अनूप पुत्र कैलाश और प्रमोद पुत्र दुलारे ने उसे लाठी-डंडों से पीट दिया। शोर मचाने पर मजनू और अलीमुन बीच-बचाव के लिए पहुंचे तो आरोपियों ने उन्हें भी पीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।


अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**

मैं, निर्दोष कुमारी पत्नी स्व.विजय सिंह, नि. वार्ड नं. 4 कस्बा व पो. उसावां, जिला बदायूँ अपने पुत्र अजीत प्रताप सिंह व पुत्रवधू को गलत संगत में पड़ जाने के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। इनके किसी कृत्यों, लेनदेन के लिए मैं और मेरा शेष परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**वैधानिक सूचना** :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।



### कार्यालय नगर पंचायत रूदायन (बदायूं)

संख्या : 237(2)/न.पं.रू./2025-26 दिनांक : 09.03.2026

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंजीकृत अर्ह ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना की प्राप्त धनराशि से कार्यों को कराये जाने हेतु पंचायत ई निविदायें (टेक्नीकल/फाईनेन्शियल बिड) दिनांक 12.3.2026 से 19.3.2026 प्रात: 10 बजे तक ई निविदायें वेबसाइट कार्यालय नगर पंचायत रूदायन (बदायूं) पर आमंत्रित की जाती है। निविदायें दिनांक 20.3.2026 को प्रात: 11 बजे से खोली जायेगी।

| | |
|---|---|
| E-Tender Reference | 237/न.पं.रू. |
| Date of online public Date time for Ref. | 12.3.2026 से 19.03.2026 तक |
| Last date and time for submission of abid | 19.03.2026 upto 10 AM |
| E-Tender Opening Date | 20.03.2026 from 11 AM |
| Place of Opening of bid | Nagar Panchayat Rudain |
| E-Tender Document Processing | टेन्डर हेतु आवश्यक प्रपत्रों हेतु अपलोड निविदा में देखें |
| E-Tender Tender Fee | टेन्डर मूल्य/शुल्क हेतु अपलोड निविदा में देखें |
| E-Tender Security | 10 प्रतिशत |

नोट : सम्बन्धित निविदा शर्तें व विस्तृत विवरण एवं समस्त कार्यवाही ई-टेन्डर वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखें।

अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत रूदायन — अध्यक्ष नगर पंचायत रूदायन

### कार्यालय नगर पंचायत रूदायन (बदायूं)

संख्या : 237(3)/न.पं.रू./2025-26 दिनांक : 09.03.2026

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंजीकृत अर्ह ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पेयजल हेतु व्यवस्था योजना की प्राप्त धनराशि से कार्यों को कराये जाने हेतु पंचायत ई निविदायें (टेक्नीकल/फाईनेन्शियल बिड) दिनांक 12.3.2026 से 19.3.2026 प्रात: 10 बजे तक ई निविदायें वेबसाइट कार्यालय नगर पंचायत रूदायन (बदायूं) पर आमंत्रित की जाती है। निविदायें दिनांक 20.3.2026 को प्रात: 11 बजे से खोली जायेगी।

| | |
|---|---|
| E-Tender Reference | 237/न.पं.रू. |
| Date of online public Date time for Ref. | 12.3.2026 से 19.03.2026 तक |
| Last date and time for submission of abid | 19.03.2026 upto 10:00 AM |
| E-Tender Opening Date | 20.03.2026 from 11 AM |
| Place of Opening of bid | Nagar Panchayat Rudain |
| E-Tender Document Processing | टेन्डर हेतु आवश्यक प्रपत्रों हेतु अपलोड निविदा में देखें |
| E-Tender Tender Fee | टेन्डर मूल्य/शुल्क हेतु अपलोड निविदा में देखें |
| E-Tender Security | 10 प्रतिशत |

नोट : सम्बन्धित निविदा शर्तें व विस्तृत विवरण एवं समस्त कार्यवाही ई-टेन्डर वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखें।

अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत रूदायन — अध्यक्ष नगर पंचायत रूदायन



### कार्यालय नगर पालिका परिषद, बीसलपुर-पीलीभीत

पत्रांक : 740/न.पा.परि.बी./2025-26 दिनांक : 12.3.26

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद बीसलपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15वां वित्त (टाइड ग्रांट) के अन्तर्गत निर्माण कार्य की लागत के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य विवरण निम्नवत् :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित (लाख रू.में) | बिड सिक्योरिटी 2 प्रतिशत पूर्णांक में | निविदा मूल्य + 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वरूण जायसवाल के प्लाट से पुलिया तक आर.सी.सी. कवर्ड नाला निर्माण कार्य | 3738090.00 | 63400.00 | 4450.00 | 6 माह |
| 2. | अक्शा पब्लिक स्कूल से फूलबाबू आफिस के आगे तक कवर्ड आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य | 3798050.00 | 64400.00 | 4500.00 | 6 माह |
| 3. | कादरी ऑटो के सामने से साबरी फेब्रीकेशन के सामने तक आर.सी.सी. कवर्ड नाला निर्माण कार्य | 3988383.00 | 68000.00 | 4750.00 | 6 माह |
| 4. | इण्डियन पेट्रोल पम्प से दुर्गा किराना स्टोर की रस फैक्ट्री तक आर.सी.सी. कवर्ड नाला निर्माण कार्य | 3891801.00 | 66000.00 | 4600.00 | 6 माह |
| 5. | गोवल वाली पुलिया से कपिल अग्रवाल के खेत तक आर.सी.सी. कवर्ड नाला निर्माण कार्य | 3513023.00 | 59600.00 | 4150.00 | 6 माह |

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 13.3.2026 को प्रात: 11:00 बजे से।
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा अपलोड के लिए अन्तिम तिथि/समय 02.4.2026 को अपरान्ह 5:00 बजे तक।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 03.4.2026 प्रात: 10:00 बजे से।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
5. निविदा प्रपत्र शुल्क और 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि (जी.एस.टी. सहित) पालिका के आई.सी.आई.सी.आई. में खाता सं. 321005500073 IFSC-ICIC0003210 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. द्वारा हस्तान्तरित कर पावती की मूल प्रति स्कैन करके ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगी।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइड http://etender.up.nic.in पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को अपलोड करें।
7. टेण्डर स्वीकृति होने के उपरान्त शेष 8 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगर पालिका परिषद बीसलपुर के उपरोक्त खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के द्वारा अथवा नियमानुसार एफ.डी.आर./एन.एस.सी. द्वारा जमा कर मूल प्रति जमा कर निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त तीन दिवस के अन्दर नगर पालिका परिषद बीसलपुर के कार्यालय में हार्डकापी के साथ जमा करनी होगी।

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, बीसलपुर पीलीभीत — अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, बीसलपुर पीलीभीत

### कार्यालय नगर पालिका परिषद, बीसलपुर-पीलीभीत

पत्रांक : 741/न.पा.परि.बी./2025-26 दिनांक : 12.3.26

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद बीसलपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15वां वित्त (टाइड ग्रांट) के अन्तर्गत निर्माण कार्य की लागत के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य विवरण निम्नवत् :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित (लाख रू.में) | बिड सिक्योरिटी 2 प्रतिशत पूर्णांक में | निविदा मूल्य + 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आशुतोष पत्रकार के मकान से मैकूलाल एवं गुड्डू होटल तक सी.सी. सड़क का निर्माण कार्य वार्ड नं. 08 | 1046263.00 | 17750.00 | 1250.00 | 4 माह |
| 2. | एम.आर.एफ. सेंटर से सूरज प्रकाश गुप्ता वकील तक एवं गुड्डू शर्मा के मकान तक एवं गुड्डू शर्मा के मकान से आशीष एवं सलीम के मकान से निजामुद्दीन के मकान तक सी.सी. सड़क का निर्माण कार्य वार्ड नं. 13 | 3357998.00 | 57000.00 | 4000.00 | 4 माह |
| 3. | रीतराम के प्लाट सं अनिल श्रीवास्तव से राजपाल एवं शिशपाल यादव के मकान से रामनरेश के मकान तक सी.सी. सड़क का निर्माणस कार्य वार्ड नं. 13 | 3411553.00 | 57850.00 | 4050.00 | 4 माह |
| 4. | गप्पू डेरी से आरिफ चक्की तक सी.सी. सड़क का निर्माण कार्य वार्ड नं. 10 | 1747122.00 | 29650.00 | 2100.00 | 4 माह |
| 5. | शिवशक्ति किराना स्टोर (विक्रम शॉप) से किशोर सिंह के मकान तक सी.सी. सड़क का निर्माण कार्य वार्ड नं. 10 | 3045406.00 | 51650.00 | 3600.00 | 4 माह |

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 13.3.2026 को प्रात: 11:00 बजे से।
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा अपलोड के लिए अन्तिम तिथि/समय 02.4.2026 को अपरान्ह 5:00 बजे तक।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 03.4.2026 प्रात: 10:00 बजे से।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
5. निविदा प्रपत्र शुल्क और 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि (जी.एस.टी. सहित) पालिका के आई.सी.आई.सी.आई. में खाता सं. 321005500073 IFSC-ICIC0003210 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. द्वारा हस्तान्तरित कर पावती की मूल प्रति स्कैन करके ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगी।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइड http://etender.up.nic.in पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को अपलोड करें।
7. टेण्डर स्वीकृति होने के उपरान्त शेष 8 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगर पालिका परिषद बीसलपुर के उपरोक्त खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के द्वारा अथवा नियमानुसार एफ.डी.आर./एन.एस.सी. द्वारा जमा कर मूल प्रति जमा कर निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त तीन दिवस के अन्दर नगर पालिका परिषद बीसलपुर के कार्यालय में हार्डकापी के साथ जमा करनी होगी।

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, बीसलपुर पीलीभीत — अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, बीसलपुर पीलीभीत


## चीनी मिल बंदी का अंतिम नोटिस

**पलियाकलां, अमृत विचार:** स्थानीय बजाज चीनी मिल ने पेराई के लिए पर्याप्त गन्ना न मिलने पर चीनी मिल बंदी की अंतिम तिथि 15 मार्च तय की है। इसकी सूचना भी संबंधित गन्ना समितियों को भेज दी है।

यूनिट हेड ओपी चौहान ने बताया कि हमारे क्षेत्र के कृषकों के पास चीनी मिल को आपूर्ति योग्य गन्ना समाप्त हो गया है ,जिस कारण चीनी मिल को मांग के अनुसार गन्ना उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आये दिन मिल नो केन में बंद हो रही है। 15 मार्च तक चीनी मिल को अपना आपूर्ति योग्य गन्ना अनिवार्य रूप से आपूर्ति कर देवें। इसके पश्चात चीनी मिल पेराई सत्र 2025-26 के लिए अंतिम रूप से बंद कर दी जाएगी।

# 11000 उपभोक्ताओं को गैस रिफिल की डिलीवरी

## गैस की किसी भी प्रकार की किल्लत नहीं होने का दावा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** गैस की भारी किल्लत की अफवाहों को लेकर जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा ने बताया कि जनपद की समस्त गैस एजेन्सियों पर गैस सिलेण्डरों का पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध है। गैस की किसी भी प्रकार की किल्लत नहीं है। ऑयल कम्पनियों द्वारा पूर्व में प्रति वित्तीय वर्ष में 15 गैस रिफिल बुकिंग को अनुमन्य किया गया था, जिसे उपभोक्ता वित्तीय वर्ष में कभी भी ले सकता था।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में शहरी क्षेत्र में पूर्वगामी गैस बुकिंग के 25 दिवस पश्चात् एवं ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिन पश्चात् ही गैस बुकिंग करने की अनुमति प्रदान की गयी है। जिससे उपभोक्ता एक वित्तीय वर्ष में पूर्व की भांति कुल सिलेण्डर रिफिल प्राप्त कर सकता है। उन्होंने जनपदवासियों को अवगत कराते हुए बताया कि वह नियमानुसार अपनी ईकेवाईसी कराकर गैस की ऑनलाइन बुकिंग कर गैस रिफिल प्राप्त कर सकते हैं। जनपद में संचालित इण्डेन गैस एजेन्सियों के 5000 उपभोक्ताओं के द्वारा आज बुकिंग करायी गयी, 5000 उपभोक्ताओं को गैस की रिफिल डिलीवर की गयी, बीपीसी कम्पनी की गैस एजेन्सी पर 4000 उपभोक्ताओं द्वारा आज गैस बुकिंग करायी गयी। 3700 उपभोक्ताओं को गैस रिफिल डिलीवर की गयी व एचपी गैस कम्पनी के 1122 उपभोक्ताओं द्वारा गैस बुकिंग की गयी, 2322 उपभोक्तओं को गैस रिफिल डिलीवर की गयी। जनपद में आज कुल 10122 उपभोक्ताओं के द्वारा गैस रिफिल प्राप्त किये जाने हेतु बुकिंग करायी गयी व 11000 उपभोक्ताओं को गैस रिफिल की डिलीवरी की गयी। जनपद में गैस बुकिंग एवं अन्य समस्याओं के दृष्टिगत जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कन्ट्रोल रूम की स्थापना की। जिससे कन्ट्रोल रूम से ही गैस के स्टॉक एवं आमद के सम्बन्ध में निगरानी की जा सकेगी। शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी ने प्रत्येक गैस एजेन्सी पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया है, जिससे गैस एजेन्सी पर किसी भी प्रकार की असुविधा उत्पन्न नहीं होगी। जनपद में संचालित इण्डेन गैस एजेन्सी, एचपी गैस एजेन्सी व बीपीसी गैस एजेन्सियों के बिक्री प्रबन्धकों को दूरभाष नम्बर सार्वजनिक किये गए हैं। जिससे जनमानस किसी भी प्रकार की बुकिंग एवं डिलीवरी आदि प्रकार की समस्या होने पर दूरभाष नम्बर पर वार्ता कर अपनी समस्या का समाधान कर सकते हैं।

### बिक्री प्रबंधकों के नाम और मोबाइल नंबर

- अमित कुमार, बिक्री प्रबन्धक इण्डेन गैस मोबाइल नं. 7388880580
- सौरभ शुक्ला, बिक्री प्रबन्धक एचपी गैस मोबाइल नं -8655436282
- सुदीप कुमार, बिक्री प्रबन्धक बीपीसी गैस मोबाइल नं. -8949987830

# 16 को होगी पंचायत

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की पंचायत दौलतपुर पट्टी में प्रभारी सुरेंद्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता में 16 मार्च को होगी। क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर चर्चा की जाएगी। एसडीएम को ज्ञापन सौपा जाएगा। मंडलीय सचिव मुरलीधर कश्यप ने कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है।

# पति समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चुर्रासकतपुर निवासी छविनाथ सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री नीतू सिंह की शादी शाहजहांपुर के थाना जैतीपुर के ग्राम गौरा बकैनिया निवासी अनुज प्रताप सिंह से हुई थी। पति, सास, ससुर पुत्रियों के जन्म के बाद से प्रताड़ित करने लगे। 10 फरवरी को नीतू अपनी शादी की सालगिरह ससुराल में मनाने में व्यस्त थी। इस दौरान पति अनुज प्रताप सिंह, दुर्वेश सिंह और सास सुनीता देवी ने आरोप है कि जहर देकर मारने की कोशिश की। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# शिक्षकों के नंबर पर जालसाजों की कॉल, रहें सावधान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** साइबर ठगों ने अब शिक्षकों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। ठग बेसिक शिक्षा विभाग का नाम लेकर शिक्षकों को कॉल कर रहे हैं और विभागीय प्रक्रिया या सत्यापन का झांसा देकर मोबाइल में कुछ विशेष नंबर डायल कराने की कोशिश की जा रही है। गातार ऐसे कॉल आने से शिक्षकों में चिंता बढ़ गई है।

बता दें कि बीसलपुर, पूरनपुर, अमरिया, ललौरीखेड़ा, मरौरी और बरखेड़ा सहित लगभग सभी ब्लॉकों के शिक्षकों के पास इस तरह के संदिग्ध कॉल आ रहे हैं। फोन करने वाले व्यक्ति शिक्षकों से कहते हैं कि किसी विभागीय प्रक्रिया को पूरा करने के लिए उन्हें अपने मोबाइल पर कुछ विशेष अंक या कोड डायल करना होगा। शिक्षकों का कहना है कि यह सिम स्वैपिंग या फोन हैक करने की साजिश हो सकती है। यदि कोई व्यक्ति ऐसे कोड डायल कर देता है तो उसका मोबाइल नंबर हैक हो सकता है और उससे जुड़े बैंक खातों से रकम निकाली जा सकती है। मामले की जानकारी मिलने पर बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह ने शिक्षकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभाग की ओर से कभी भी फोन पर किसी प्रकार की गोपनीय जानकारी नहीं मांगी जाती और न ही किसी को कोड डायल करने के निर्देश दिए जाते हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों से अपील की है कि यदि इस तरह का कोई संदिग्ध कॉल आए तो उसे नजरअंदाज करें और किसी भी अज्ञात व्यक्ति के कहने पर मोबाइल में कोई बटन या कोड न दबाएं।

# 10.10 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**पलिया कलां, अमृत विचार:** एसओ पंकज त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस ने मोहल्ला किसान द्वितीय निवासी विशाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 10.10 ग्राम स्मैक बरामद होने का दावा किया है। एसओ ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान भेजा गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें मारपीट, चोरी, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट के मामले शामिल हैं।

# कुमार कोल्ड स्टोर का किया औचक निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात दिनेश प्रताप सिंह ने जनपद के कुमार कोल्ड स्टोर तिलहर का औचक निरीक्षण किया। राज्यमंत्री ने कोल्ड स्टोर में आलू के भण्डारण, सुविधाओं व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर उपस्थित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि आलू किसानों को भंडारण में किसी भी प्रकार की समस्या आनी नहीं चाहिये।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसी भी दशा में आलू किसानों का अहित नहीं होने देगी व जिम्मेदारी के साथ उनके आलू को भंडारित करेगी। यदि आलू का उत्पादन अधिक होता है तो आसपास के जनपदों में भी आलू भंडारित करवाया जाएगा।

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बदायूँ/पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक 1536/7निविदा(पी0डी0)(ई-टेण्डर)-08/2025-26 दिनांक 10.03.2026

निविदा निरस्तीकरण सूचना

इस कार्यालय के अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-764/7निविदा (पी0डी0)-8/25-26 दिनांक 31.01.2026 द्वारा जनपद बदायूँ में प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बदायूँ के अधीन 07 कार्यों के नवीनीकरण हेतु निविदायें आमंत्रित की गयी हैं। उक्त आमंत्रित निविदाओं में से क्रमांक-6 पर अंकित जनपद बदायूँ में शेखूपुर विधानसभा के अंतर्गत उझानी खिरिया बाकरपुर ककोड़ा कादरचौक मार्ग के किमी0 1(850), 8 से 14, 15(900), 16, 17 एवं 18(600) में नवीनीकरण का कार्य की निविदा अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है।

(नरेष कुमार) अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बदायूँ

(के0 के0 सिंह) अधीक्षण अभियन्ता बदायूँ-पीलीभीत वृत, लो0नि0वि0, बरेली

UP - 248026 दिनांक: 12/03/2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, शाहजहॉपुर

पत्रांक : 588/ई0-टेण्डर/4ए दिनांक: 06.03.2026

ऑन-लाइन अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, शाहजहॉपुर के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन लाइन ई-निविदा (स्वीकृति की प्रत्याशा में) दिनांक 16.03.2026 से दिनांक 23.03.2026 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 23.03.2026 को ही अपरान्ह 12:30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:-

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | निविदा की जमानत धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (टेण्डर फीस + स्टेशनरी चार्ज+जी0एस0टी0 | कार्य पूर्ण करने का समय | फर्म/ठेकेदारों का आवश्यक पंजीकरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | कटरा सिउरा जैतीपुर गोहापुर खेड़ा बझेड़ा मार्ग (अन्य जिला मार्ग) पर पड़ने वाले 2 टी-जंक्शन (चैनेज-0.000, 8.537) पर सड़क सुरक्षा का कार्य। | 5.15 | 0.52 | 856.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (रोड सेफ्टी कार्य हेतु) |
| 2 | फतेहगंज दातागंज मार्ग से मढ़ई मार्ग (अन्य जिला मार्ग) पर पड़ने वाले 2 टी-जंक्शन (चैनेज-0.000, 12.800) पर सड़क सुरक्षा का कार्य। | 5.10 | 0.51 | 856.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (रोड सेफ्टी कार्य हेतु) |
| 3 | जलालाबाद बरूआ मार्ग (अन्य जिला मार्ग) पर पड़ने वाले 04 टी-जंक्शन (चै0 0.975, 4.985, 7.985, 8.985) पर सड़क सुरक्षा का कार्य। | 9.20 | 0.92 | 856.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (रोड सेफ्टी कार्य हेतु) |
| 4 | जलालाबाद बुधवाना मार्ग (अन्य जिला मार्ग) पर पड़ने वाले 4 टी-जंक्शन (चैनेज-6.000, 6.975, 13.975, 15.975) पर सड़क सुरक्षा का कार्य। | 8.90 | 0.89 | 856.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (रोड सेफ्टी कार्य हेतु) |
| 5 | जनपद शाहजहॉपुर में नि0ख0-1 के अन्तर्गत बिलग्राम साण्डी अल्लागंज मार्ग (राज्य मार्ग सं0-138) पर सड़क सुरक्षा का कार्य। | 26.75 | 2.68 | 944.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (रोड सेफ्टी कार्य हेतु) |
| 6 | लिपुलेक भिण्ड मार्ग (राज्य मार्ग सं0-29) के किमी0-474 से राजकीय मेडिकल कालेज तक मार्ग (अन्य जिला मार्ग) पर पड़ने वाले 2 टी-जंक्शन (चैनेज-0.000, 1.100) पर सड़क सुरक्षा का कार्य। | 5.20 | 0.52 | 856.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (रोड सेफ्टी कार्य हेतु) |
| 7 | पी0एस0एच0एल0 (सेहरामऊ दक्षिणी) से सुजातपुर मार्ग (अन्य जिला मार्ग) पर पड़ने वाले 3 टी-जंक्शन (चैनेज-0.000, 9.010, 5.975) पर सड़क सुरक्षा का कार्य। | 5.95 | 0.60 | 856.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (रोड सेफ्टी कार्य हेतु) |
| 8 | जनपद शाहजहाँपुर में नि0खं0-1 के अन्तर्गत एन0एच0-24 से फतियापुर मार्ग (अन्य जिला मार्ग) पर पड़ने वाले 1 टी-जंक्शन (चैनेज-0.00) पर सड़क सुरक्षा का कार्य। | 2.30 | 0.23 | 856.00 | 60 दिन | ए, बी, सी, एवं डी, (रोड सेफ्टी कार्य हेतु) |

2- निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.inपर लॉग ऑन किया जा सकता है।

UP - 247927 दिनांक: 12/03/2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0 शाहजहॉपुर

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड बरेली।

पताः- ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, द्वितीय तल विकास भवन, बरेली।

पत्रांकः-3279 /ग्रा0अ0वि0/निविदा-पत्रा0/बाण्ड क्लर्क/2025-26 दिनांकः- 24.02.2026

-:: निविदा सूचना ::-

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड बरेली में भवन/सडक निर्माण कार्य हेतु ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उत्तर प्रदेश में पात्र ए0,बी0,सी0,डी0 एवं ई0 श्रेणी के निविदादाताओं से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु प्रतिशत दर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता कार्य के लिये निविदा जमा कर सकते है।

2- तालिका के अनुसार कार्यो का विवरणः-

| क्रम सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) (GST सहित) | धरोहर धनराशि (रूपये में) | निविदा मूल्य समस्त करों सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बरेली | सरस्वती शिशु मन्दिर विद्यालय आदर्शनगर नकटिया में भूतल पर एक कक्ष का निर्माण (वि0नि0-बिथरीचैनपुर) | 7.350 | 14700.00 | 766.00 | 03 माह |
| 2 | बरेली | ग्राम भैनपुरा बाजारा में नैनीताल रोड पर यात्री शैड का निर्माण। (वि0नि0-भोजीपुरा) | 7.414 | 14900.00 | 766.00 | 03 माह |
| 3 | बरेली | देवरनियाँ थाने व मजार के पास यात्री शैड का निर्माण कार्य। (वि0नि0-भोजीपुरा) | 7.414 | 14900.00 | 766.00 | 03 माह |
| 4 | बरेली | वार्ड- 13 शांति बिहार में हनुमान गढ़ी मन्दिर के परिसर में सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। (वि0नि0-कैण्ट क्षेत्र) | 6.023 | 12100.00 | 766.00 | 03 माह |
| 5 | बरेली | वार्ड- 07 पटेल विहार में सी0सी0 रोड से जगवीर के घर तक सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। (वि0नि0-कैण्ट क्षेत्र) | 3.705 | 7500.00 | 677.00 | 03 माह |
| 6 | बरेली | वार्ड- 13 शांति बिहार में कोचिंग सेन्टर से राधाकृष्ण मन्दिर की ओर व लिंक गली सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। (वि0नि0-कैण्ट क्षेत्र) | 3.153 | 6400.00 | 677.00 | 03 माह |
| 7 | बरेली | वार्ड- 07 पटेल विहार में पिंकी के मकान से रतन जी के मकान तक सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। (वि0नि0-कैण्ट क्षेत्र) | 5.718 | 11500.00 | 766.00 | 03 माह |
| 8 | बरेली | वार्ड नं0- 38 में प्रेमपाल के मकान से बब्लू के मकान तक लिंक गली हरीश मौर्य वाली सड़क पर सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। (वि0नि0-कैण्ट क्षेत्र) | 2.500 | 5000.00 | 677.00 | 03 माह |
| 9 | बरेली | वार्ड नं0- 11 सिन्धुनगर में सहकारी बैंक वाली रोड पर सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। (वि0नि0-कैण्ट क्षेत्र) | 9.808 | 19700.00 | 766.00 | 03 माह |
| 10 | बरेली | वार्ड नं0 - 12 भारत चौबे के मकान से अश्विनी सक्सेना व मख्खन लाल से सोहन पाल तक सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। (वि0नि0-कैण्ट क्षेत्र) | 9.686 | 19400.00 | 766.00 | 03 माह |
| 11 | बरेली | वार्ड न0 - 17 पंचशील में सुमन श्रीवास्तव वाली गली में सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। (वि0नि0-कैण्ट क्षेत्र) | 9.159 | 18400.00 | 766.00 | 03 माह |
| 12 | बरेली | वार्ड नं0 - 17 पवन बिहार फेस-5 टोले सिंह गंगवार से राजीव यादव के घर होते हुए के0 लाल के घर तक सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। (वि0नि0-कैण्ट क्षेत्र) | 7.865 | 15800.00 | 766.00 | 03 माह |
| 13 | बरेली | वार्ड नं0 - 17 में हरीश पाण्डेय के मकान से रस्तोगी जी के मकान तक सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। (वि0नि0-कैण्ट क्षेत्र) | 5.039 | 10100.00 | 766.00 | 03 माह |
| 14 | बरेली | वार्ड नं0 - 17 खुशबू इन्क्लेव में कन्हैया की दुकान से बब्लू के मकान तक सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। (वि0नि0-कैण्ट क्षेत्र) | 2.601 | 5300.00 | 677.00 | 03 माह |
| 15 | बरेली | वार्ड न0 - 21 सुभाषनगर में कालीचरण मार्ग पर ओम प्रकाश के मकान से हरी मन्दिर तक एवं लिंक गलियों में सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। (वि0नि0-कैण्ट क्षेत्र) | 1.392 | 2800.00 | 589.00 | 03 माह |
| 16 | बरेली | वार्ड न0 - 35 रामपुर गार्डन में बरेली कॉलजे में इण्टरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य। (वि0नि0-कैण्ट क्षेत्र) | 8.485 | 17000.00 | 766.00 | 03 माह |
| 17 | बरेली | वार्ड नं0 - 12 गंगानगर में पप्पू के मकान से गौरव सिंह के मकान तक सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। (वि0नि0-कैण्ट क्षेत्र) | 9.752 | 19600.00 | 766.00 | 03 माह |
| 18 | बरेली | वार्ड नं0 - 64 सिकलापुर में जगन्नाथ मन्दिर वाली गली में दसवां घर से सुशीला के घर तक सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। (वि0नि0-कैण्ट क्षेत्र) | 1.117 | 2300.00 | 589.00 | 03 माह |
| 19 | बरेली | ग्राम मझौआ में शवदाह शैड का निर्माण कार्य (वि0नि0-रामनगर) | 3.504 | 7100.00 | 677.00 | 03 माह |
| 20 | बरेली | ग्राम मनौना में शवदाह शैड का निर्माण कार्य (बूथ अध्यक्ष अशोक शर्मा के मोहल्ले में )(वि0नि0-रामनगर) | 3.504 | 7100.00 | 677.00 | 03 माह |
| 21 | बरेली | ग्राम कन्थरी में शवदाह शैड का निर्माण कार्य (वि0नि0-रामनगर) | 3.504 | 7100.00 | 677.00 | 03 माह |
| 22 | बरेली | राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान विश्व बैंक महिला बरेली की बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण एवं मरम्मत का कार्य (अन्य अवशेष कार्य) (नगर क्षेत्र) | 5.320 | 10700.00 | 766.00 | 03 माह |

3. निविदा विक्री की अवधि रू0दिनांकः-01.04.2026 से 04.04.2026 तक पूर्वान्ह 11.00 वजे से अपरान्ह 4.00 वजे तक)
4. निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक एवं समय रू0दिनांक 06.04.2026 को मध्याहन 12:00 बजे तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान : कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, द्वितीय तल, विकास भवन, जनपद-बरेली।
6. निविदा खुलने का दिनांक एवं समयः दिनांक 06.04.2026 अपरान्ह 12:30 बजे अधिक जानकारी के लिये अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग कार्यालय, द्वितीय तल, विकास भवन, बरेली से सम्पर्क कर सकते हैं।

नोट :- क्रमांक-01 से 18 पर अंकित कार्यों की निविदायें बजट की प्रत्याशा में आमंत्रित की जा रही हैं।

(विनय कुमार शर्मा) अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड, बरेली।

UP - 248050 दिनांक: 12/03/2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : 1933/141सी0(ई0टेण्डर)-3/26 दिनांकः 09.03.2026

ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन लाइन ई-निविदा दिनांक 16.03.2026 से दिनांक 21.03.2026 की अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 21.03.2026 को ही अपरान्ह 12.30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:-

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | लागत: सिविल कार्य की लागत (रू0 लाख में) | लागत: 05 वर्ष अनुरक्षण की लागत (रू० लाख में) | लागत: कुल लागत (4+5) (रू० लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी (मार्ग कार्य हेतु) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| स्वीकृति की प्रत्याशा में। | | | | | | | | | |
| 1 | निगोही मार्ग स्थित रजा ब्रिक फील्ड से रेभा सम्पर्क मार्ग तक नवनिर्माण कार्य। (वित्तीय वर्ष 2025-26) | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, शाहजहांपुर | 35.00 | 2.60 | 40.01 | 4.01 | 2725.00 | 04 माह | 'ए' 'बी' 'सी' (मार्ग कार्य) |

2- निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(महेन्द्र कुमार पाल) अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,शाहजहांपुर

(प्रकाश चन्द्र) अधीक्षण अभियन्ता बरेली वृत, लो0नि0वि0,बरेली

UP - 248025 दिनांक: 12/03/2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता सीतापुर/खीरी वृत्त, लो0नि0वि0, सीतापुर

पत्रांक 1251/352सी/ई-टेण्डर-सी0खी0/2025-26 दिनांक 10.03.2026

-ई-प्रोक्योरमेण्ट निविदा सूचना -

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग में ''सेतु कार्य हेतु'' पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | जनपद / खण्ड का नाम | कार्य का नाम | कार्य की कुल लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1- | खीरी/ प्रा0खं0 | जनपद लखीमपुर खीरी में रौसा गुठुनाबुजुर्ग को लखीमपुर मोहम्मदी मार्ग से जोड़ना सम्पर्क मार्ग के कि0मी0-2 में 3ग3ग4 मी0 स्पान के बॉक्स कल्वर्ट का निर्माण कार्य | 104.00 | 7.20 | 2715.00 | 12 माह | ए बी |
| 2- | खीरी/ प्रा0खं0 | जनपद लखीमपुर खीरी में पचदेवरा सम्पर्क मार्ग के कि0मी0-1 पर मौजूदा क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर 1ग6 मी0 स्पान की आर0सी0सी0 कल्वर्ट का निर्माण कार्य | 78.50 | 5.93 | 2715.00 | 06 माह | ए बी |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 16.03.2026 से 23.03.2026 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 23.03.2026 को समय अपराह्न 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 23.03.2026 को अपराह्न 12:30 बजे खोली जायेगी।

(तरूणेन्दु त्रिपाठी) अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, लखीमपुर खीरी

(सतीश कुमार) अधीक्षण अभियन्ता सीतापुर/खीरी वृत्त, लो0नि0वि0, सीतापुर।

UP - 248037 दिनांक: 12/03/2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, फतेहगंज (प.) बरेली

पत्रांक : 2261/लेखा/निविदा/क्षे.प./2025-26 दिनांक 09.03.2026

**निविदा सूचना**

एततद्वारा समस्त ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग जिला पंचायत, राजकीय विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड फतेहगंज (प0) बरेली को प्राप्त क्षेत्र पंचायत के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंचम राज्य वित्त/15 बाँ केन्द्रीय वित्त की प्राप्त धनराशि से निम्न कार्य के निर्माण हेतु (आइटम रेट) पर सीलबन्द निविदाये आमंत्रित की जा रही है। निविदाये दिनांक 30.03.2026 को माध्यान्ह 12.00 बजे तक विकास खण्ड फतेहगंज (प.) मुख्यालय बरेली में रखे निविदा बाक्स में नियत तिथि एवं समय तक डाली जा सकती है जो उसी दिनांक 30.03.2026 अपरान्ह 03.00 बजे निविदादाता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष सार्वजनिक रुप से गठित कमेटी के द्वारा खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | स्वीकृति धनराशि जी.एस.टी. सहित (लाख रू. में) | निविदा शुल्क | धरोहर राशि | पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम तिलियापुर में विकारूद्दीन के घर से धारा के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 140 मी. | 9.90 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 2. | ग्राम तिलियापुर में छंगा सलमानी के घर से नईम खाँ के घर तक सी.सी. व नाली रोड निर्माण कार्य | 135 मी. | 9.80 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 3. | ग्राम मढोली में प्यारेलाल के घर से जयपाल के घर तक सी.सी. निर्माण कार्य | 155 मी. | 9.90 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 4. | ग्राम मढोली में हेतराम के घर से मेनरोड तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 150 मी. | 9.90 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 5. | ग्राम मढौली में टीकाराम पटवा के घर से सोमपाल यदुवंशी के घर तक सी.सी. रोड | 90 मी. | 4.50 | 800 | 9000 | 90 दिन |
| 6. | ग्राम औध में हजारी लाल के घर से हरदयाल के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 145 मी. | 9.90 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 7. | ग्राम जगतपुर मुवारकपुर के धुरे पर पुलिया निर्माण कार्य | 1 नग | 4.00 | 800 | 8000 | 90 दिन |
| 8. | ग्राम बसावनपुर मे कांशीराम के घर से नत्थूसेठ के घर तक नाला निर्माण कार्य | 180 मी. | 9.600 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 9. | ब्लाक परिसर कृषि रक्षा इकाई कार्यालय एवं गोदाम मरम्मत कार्य | 1 वर्क | 9.616 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 10. | ब्लाक परिसर में वाउन्ड्रीवाल का निर्माण एवं मरम्मत कार्य | 1 वर्क | 5.429 | 1100 | 6500 | 90 दिन |
| 11. | ग्राम वसावनपुर में नन्दराम के घर से मन्दिर तक नाला निर्माण कार्य | 170 मी. | 9.981 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 12. | ग्राम धन्तिया में असलम खाँ के घर से बुद्धसेन मौर्य के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 160 मी. | 9.836 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 13. | ग्राम भूड मढौली में ओमसिंह यादव के घर से घूम सिंह के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 167 मी. | 7.663 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 14. | ग्राम बादशाह नगर में शंकर गिरि के घर से रामफल पंडित जी के गर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 160 मी. | 9.855 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 15. | ग्राम खजुरिया प्रेमपुर में टंकी से तालाब तक नाला निर्माण कार्य | 170 मी. | 8.025 | 1500 | 10500 | 90 दिन |
| 16. | ब्लाक परिसर का जिर्णोद्धार कार्य | 1 कार्य | 9.90 | 10500 | 20000 | 90 दिन |
| 17. | ग्राम खरसैनी के मन्दिर पर आर.ओ. की स्थापना | 1 कार्य | 3.30 | 670 | 6600 | 90 दिन |
| 18. | ग्राम विक्रमपुर में मस्जिद पर आर.ओ. की स्थापना | 1 कार्य | 3.30 | 670 | 6600 | 90 दिन |
| 19. | ग्राम वसावनपुर मन्दिर पर पर आर.ओ. की स्थापना | 1 कार्य | 3.30 | 670 | 6600 | 90 दिन |
| 20. | ग्राम बफरी अब्दुलनवीपुर के मन्दिर पर आर.ओ. की स्थापना | 1 कार्य | 3.30 | 670 | 6600 | 90 दिन |
| 21. | ग्राम वफरी अब्दुलनवीपुर में मेन रोड मन्दिर पर आर.ओ. की स्थापना | 1 कार्य | 3.30 | 670 | 6600 | 90 दिन |
| 22. | ग्राम परतापुर में मन्दिर पर आर.ओ. की स्थापना | 1 कार्य | 3.30 | 670 | 6600 | 90 दिन |
| 23. | ग्राम विक्रमपुर में मन्दिर पर आर.ओ. की स्थापना | 1 कार्य | 3.30 | 670 | 6600 | 90 दिन |
| 24. | ग्राम बढ़ेपुरा में पंचायत घर पर आर.ओ. की स्थापना | 1 कार्य | 3.30 | 670 | 6600 | 90 दिन |
| 25. | ग्राम उनासी चौराहे पर रेड रोज पव्लिक स्कूल के पास पर आर.ओ. की स्थापना | 1 कार्य | 3.30 | 670 | 6600 | 90 दिन |
| 26. | ग्राम ठिरिया खेतल में पंचायत घर के पास आर.ओ. की स्थापना | 1 कार्य | 3.30 | 670 | 6600 | 90 दिन |
| 27. | ग्राम ढहिया के मन्दिर पर आर.ओ. की स्थापना | 1 कार्य | 3.30 | 670 | 6600 | 90 दिन |
| 28. | ग्राम मढौली में मौर्या मोहल्ला मन्दिर पर आर.ओ. की स्थापना | 1 कार्य | 3.30 | 670 | 6600 | 90 दिन |
| 29. | ग्राम वकैनिया चम्पतपुर मन्दिर (महाराज जी) पर आर.ओ. की स्थापना | 1 कार्य | 3.30 | 670 | 6600 | 90 दिन |
| 30. | ग्राम कुरतरा में सरकारी स्कूल के पास आर.ओ. की स्थापना | 1 कार्य | 3.30 | 670 | 6600 | 90 दिन |
| 31. | ग्राम वगरऊ में सरकारी स्कूल के पास आर.ओ. की स्थापना | 1 कार्य | 3.30 | 670 | 6600 | 90 दिन |
| 32. | ग्राम कनूनगला में पंचायत घर के पास आर.ओ. की स्थापना | 1 कार्य | 3.30 | 670 | 6600 | 90 दिन |

निविदा प्रपत्र का शुल्क बैक ड्राफ्ट/डमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से स्वीकार होगा जो खण्ड विकास अधिकारी, फतेहगंज (प.) के पक्ष में देय होगा।,2. समस्त ठेकेदारों को पंजीयन प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, जी.एस.टी. रजि. एवं लेवर डिपार्टमेन्ट रजि. व पैन कार्ड की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करनी होगी। 3. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्दर कोई मूल्य परिवर्तन मान्य नही होगा। 4. निविदा को स्वीकृत करने अथवा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। 5. प्रत्येक निविदा दाता द्वारा रुपये 100/- के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र व 10/- स्टाम्प पेपर पर 90 दिन वेलिडीटी निविदा के साथ संलग्न कराना होगा। 6. सार्वजनिक निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले उपखनिजों पर रायल्टी का भुगतान सुनिश्चित किये जाने विषय भूतत्व एवं खनिज कर्म अनुभाग के सासनादेश संख्या 3885/65-2015-292/2015 दिनांक 15.10.2015 का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा। 7. पंजीकृत ठेकेदारों को ठेका दिये जाने के पश्चात कभी भी संज्ञान में आता है कि ठेकेदार सक्रिय रुप से माफिया गतिविधियों में असामाजिक कार्यो एवं संगठित आपराधिक गतिविधियों में लिप्त है तो उस प्रदान किया गया कार्य का ठेका नोटिस जारी कर सक्षम अधिकारी द्वारा ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। 8. किसी भी वाद विवाद की स्थिति मे जनपद न्यायालय बरेली ही मान्य होगा। 9. निविदा फार्म क्रय किये जाने सामग्री से सम्बन्धित दिशा निर्देश अधोहस्ताक्षरी कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, फतेहगंज (प.) से दिनांक 09.03.2026 से दिनांक 30.03.2026 मध्यान्ह 12.00 बजे तक निविदा मूल्य बैंक ड्राफ्ट/डिमाण्ड ड्राफ्ट जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। 10. निविदा प्रपत्र भरकर उसके साथ धरोहर की राशि का राष्ट्रीयकृत बैक की एफ.डी.आर./एन.एस.सी. जो खण्ड विकास अधिकारी, फतेहगंज (प.) बरेली के पक्ष में बन्धक हो मोहरबन्द लिफाफे में निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कराना अनिवार्य है तथा 5 प्रतिशत जमानत राशि की एफ.डी.आर./एन.एस.सी. जो खण्ड विकास अधिकारी, फतेहगंज (प.) बरेली के पक्ष में बन्धक हो निविदा स्वीकृत उपरान्त अनुबन्ध के समय जमा करनी अनिवार्य होगी जोकि कार्य समाप्ति के बाद कार्य की गुणवत्ता ठीक होने पर एक वर्ष उपरान्त वापस की जायेगी।

**खण्ड विकास अधिकारी फतेहगंज (प.) बरेली**

**ब्लाक प्रमुख फतेहगंज (प.) बरेली**

**न्यूज ब्रीफ**

### किसान सम्मान निधि जारी, मुख्यमंत्री योगी ने जताया आभार

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के गुवाहाटी से शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के 2.15 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में 4335.11 करोड़ रुपये सीधे ट्रांसफर किए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में यूपी देश का सबसे बड़ा लाभार्थी राज्य बना हुआ है। 22वीं किस्त से पहले तक प्रदेश के किसानों को 21 किस्तों में 94,668.58 करोड़ रुपये की सहायता मिल चुकी है। नई किस्त जुड़ने के बाद यह राशि बढ़कर 99,003.69 करोड़ रुपये हो गई है। देश के कुल लाभार्थियों में करीब 23 प्रतिशत किसान उत्तर प्रदेश से हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने इसे किसानों की आय बढ़ाने और खेती को नई शक्ति देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

### मोदी की जनसभा का यूपी के तीन शहरों में होगा सीधा प्रसारण

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कोलकाता में होने वाली विशाल जनसभा का शनिवार को उत्तर प्रदेश के लखनऊ, वाराणसी और नोएडा में भी सीधा प्रसारण किया जाएगा। इन शहरों में बंगाली समाज के प्रतिनिधियों के साथ भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी लाइव प्रसारण के माध्यम से प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी लखनऊ स्थित प्रदेश भाजपा मुख्यालय में बंगाली समाज के प्रतिनिधियों के साथ प्रधानमंत्री की जनसभा के लाइव प्रसारण में शामिल होंगे। प्रदेश भाजपा के महामंत्री सुभाष यदुवंश ने बताया कि लखनऊ में प्रदेश भाजपा मुख्यालय पर दोपहर 2 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### बायर-सेलर मीट से आलू किसानों को मिलेगा बाजार

**अमृत विचार, लखनऊ :** उद्यान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि आलू किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार विभिन्न राज्यों में बायर-सेलर मीट आयोजित कर रही है। उद्यान मंत्री शुक्रवार को मुरादाबाद के सर्किट हाउस में एक दिवसीय आलू क्रेता-विक्रेता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष आलू उत्पादन के मुकाबले शीतगृहों में पर्याप्त भंडारण क्षमता उपलब्ध है और किसी भी किसान को भंडारण की समस्या नहीं होगी। कार्यक्रम के अंत में 20 प्रगतिशील किसानों, शीतगृह स्वामियों और व्यापारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### आवासीय सौर ऊर्जा में गाजियाबाद बना मॉडल

**अमृत विचार, लखनऊ :** औरैया के बाद गाजियाबाद जिला ने भी महत्वपूर्ण पहल करते हुए नए आवासीय भवनों के नक्शा पास कराने की प्रक्रिया में सोलर रूफटॉप सिस्टम और रेन वाटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य कर दिया है। इस संबंध में जिलाधिकारी ने आदेश जारी कर इसे लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इस पहल का उद्देश्य बिजली की बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण और जल संसाधनों के बेहतर उपयोग को सुनिश्चित करना है। प्रस्ताव के अनुसार नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतें अपने-अपने बोर्ड की बैठकों में प्रस्ताव पारित कर इस व्यवस्था को लागू कर सकती हैं। नक्शा स्वीकृति के बाद भवन निर्माण में सोलर पैनल और वर्षा जल संचयन प्रणाली लगाना अनिवार्य होगा।

# वर्तमान में गैस और पेट्रोल के संकट से जूझ रहा है देश : राहुल गांधी

## भाजपा पर साधा निशाना, बसपा और सपा का नहीं लिया नाम, बसपा संस्थापक कांशीराम को भारत रत्न देने का प्रस्ताव किया गया पास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा और प्रधानमंत्री पर जमकर हमला बोला। उन्होंने लोगों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि मोदी अडानी और एपस्टीन फाइल के कारण अब नरेन्द्र मोदी हिन्दुस्तान के प्रधानमंत्री नहीं रहे। वह अब अमेरिका के गुलाम हो गए हैं। मैं अब उन्हें छोड़ने वाला नहीं हूं। कंप्रोमाइज के चलते साइक्लोजीकल तौर पर मोदी खत्म हो गए हैं। इस दौरान बसपा संस्थापक कांशीराम को भारत रत्न देने का भी प्रस्ताव पास किया गया।

राहुल गांधी शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा पहली बार इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में बसपा संस्थापक

- **कांग्रेस पार्टी ने कांशीराम की जयंती को सामाजिक परिवर्तन दिवस के रूप में मनाया**

कांशीराम की जयंती के मौके पर आयोजित सामाजिक परिवर्तन दिवस में मुख्य अतिथि के तौर पर बोल रहे थे। उन्होंने 33 मिनट के धाराप्रवाह भाषण में कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की एनर्जी सिक्योरिटी को लेकर अमेरिका के साथ कंप्रोमाइज किया है। इसके कारण देश गैस और पेट्रोल के संकट से जूझ रहा है। कृषि डील भी किसानों के हितों पर प्रहार है। मोदी मंत्रिमंडल में मंत्री हरिदीप पुरी का नाम एपस्टीन फाइल में है। उनकी बेटी के खाते में अमेरिका के जार्ज सोरोस का धन आया है।

उन्होंने संविधान की किताब



कांशीराम जयंती को लेकर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संविधान की प्रति दिखाकर लोगों को संबोधित करते कांग्रेस नेता राहुल गांधी। अमृत विचार

हाथ में लेकर कहा कि इसमें देश के गरीबों, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों की आवाज है। सावरकर और नाथूराम गोडसे की आवाज इस संविधान में नहीं है। इसलिए देश की सभी संस्थाओं में 85 फीसदी दलित और पिछड़े की बजाय महज 15 फीसदी लोग उच्च पदों पर बैठे हैं। खास बात यह रही कि राहुल गांधी ने जहां भाजपा पर जमकर हमला बोला, वहीं बसपा और सपा का एक भी बार नाम नहीं लिया।

### कांग्रेस पार्टी अपना काम सही से करती तो कांशीराम सफल नहीं होते

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने अपनी ही पार्टी की कार्यप्रणाली को कठघरे में खड़ा कर दिया। उन्होंने बसपा संस्थापक कांशीराम जयंती समारोह में कहा कि यदि कांग्रेस पार्टी ने अपना काम सही से किया होता तो कांशीराम सफल नहीं होते। वहीं दूसरी ओर यदि पंडित जवाहर लाल नेहरू जिंदा होते तो कांशीराम कांग्रेस के चीफ मिनिस्टर होते। राहुल गांधी जिंदाबाद करने से कुछ नहीं होगा। उन्हें 100 समर्पित लोग चाहिए, जोकि हर संघर्ष में उनका साथ दे सकें। उन्होंने जयंती समारोह में कहा कि कांग्रेस पार्टी गरीब है, इसलिए खाते सीज होने के बाद भी चुनाव लड़ा गया। जबकि भाजपा अमीर पार्टी है, इसलिए उनका पूरा धन अडानी के यहां लगा हुआ है। अमेरिका ने जो अडानी पर केस किया है, वह अडानी पर नहीं, देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ है। कोलंबिया में पढ़ाई करने के बाद भारत आए डॉ. बीआर आम्बेडकर और कांशीराम ने जीवन में कोई समझौता नहीं किया। यदि वह समझौता कर लेते तो आज मंच पर उनके फोटो नहीं लगे होते।

### पार्टी गरीब हो गई, नेता अरबपति हो गए : गौतम

कांशीराम जयंती समारोह में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ. राजेन्द्र पाल गौतम ने कहा कि पिछले दिनों पूरे देश में घूमा तो चौंकाने वाली बात सामने आई। कांग्रेस पार्टी जहां गरीब हो गई, वहीं पार्टी के कई नेता अरबपति हो गए। नेताओं को जमीन पर काम करना होगा, कुबार्नी देनी होगी। इस दौरान कांशीराम के संघर्ष के दिनों के साथी रहे केके गौतम, लालमणि प्रसाद के अलावा पूर्व जस्टिस वीरेन्द्र यादव, पूर्व आईपीएस वीपी अशोक, नसीम अंसारी व सांसद राकेश राठौर ने भी संबोधित करते हुए दलित व पिछड़ों के लिए कांशीराम को योगदान को याद किया।

# योगी सरकार ने लखनऊ को बनाया विश्वस्तरीय शहर : राजनाथ सिंह

## कहा, बुलडोजर केवल तोड़ता नहीं, विकास के लिए जमीन भी तैयार करता है

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के दूसरे चरण के लोकार्पण के अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लखनऊ तेजी से विश्वस्तरीय शहर के रूप में विकसित हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास अब केवल कागजों तक सीमित नहीं है, बल्कि आम लोगों के जीवन में दिखाई दे रहा है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि आईआईएम रोड से आउटर रिंग रोड तक लगभग 28 किलोमीटर लंबे ग्रीन कॉरिडोर से करीब 15 लाख लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी और शहर में जाम की समस्या काफी हद तक कम होगी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के निर्माण के दौरान पर्यावरण संरक्षण का भी विशेष ध्यान रखा गया और रास्ते में आने वाले 150 से अधिक पेड़ों को काटने के बजाय दूसरी जगह स्थानांतरित किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण का उदाहरण है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि इस परियोजना में सेना की जमीन का भी उपयोग हुआ है और सिविल व रक्षा संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय से इसे पूरा किया गया।



लखनऊ में ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के दूसरे चरण के लोकार्पण के अवसर पर मंच से लोगों का अभिवादन करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल व अन्य। अमृत विचार

### निर्माण कार्य में लगे कर्मियों पर पुष्प वर्षा कर किया पुरस्कृत

कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्माण कार्य में लगे कर्मियों पर पुष्प वर्षा की और उन्हें पुरस्कृत भी किया। रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री ने इन कर्मियों के साथ ग्रुप फोटो भी कराया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, संजय सेठ, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### तीसरे और चौथे चरण की 1,220 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास

लखनऊ के नागरिकों के लिए यातायात को आसान बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। डालीगंज पक्का पुल से समतामूलक चौराहे तक लगभग 7 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण 299 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है, जो ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के दूसरे चरण का हिस्सा है। इसके साथ ही ग्रीन कॉरिडोर के तीसरे और चौथे चरण की लगभग 1,220 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया गया है। आने वाले समय में आईआईएम रोड से पक्का पुल (डालीगंज) व समतामूलक चौराहा होते हुए पिपराघाट, शहीद पथ और आगे किसान पथ तक करीब 28 किलोमीटर लंबा ग्रीन कॉरिडोर तैयार होगा।

### नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बनेगा अत्याधुनिक एमआरओ हब

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश को देश के प्रमुख एविएशन और इंफ्रास्ट्रक्चर हब के रूप में विकसित करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और देश की तेजी से उभरती एयरलाइन आकासा एयर के बीच रणनीतिक साझेदारी हुई है। इसके तहत एयरपोर्ट परिसर में मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल (एमआरओ) की अत्याधुनिक सुविधा स्थापित की जाएगी। यह एमआरओ केंद्र विमान रखरखाव, मरम्मत और तकनीकी सेवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित होगा।

# शादी से इंकार किए जाने पर महिला ने आत्महत्या की

आगरा, एजेंसी

आगरा में एक महिला ने सिपाही द्वारा कथित रूप से शादी से इंकार किए जाने के बाद फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस उपायुक्त (नगर) अली अब्बास ने बताया कि थाना सदर इलाके में 11 मार्च को 34 वर्षीय महिला ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली थी, जांच के दौरान पता चला कि महिला और पुलिस सिपाही जे. बी. गौतम लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे थे।

उन्होंने बताया कि महिला गौतम से शादी करना चाहती थी लेकिन गौतम ने इनकार कर दिया, जिससे आहत होकर युवती ने आत्महत्या कर ली। अब्बास ने बताया कि मौत से पहले उसने वीडियो बनाकर रिश्तेदारों को भेजे, जिनमें सिपाही पर प्रेम संबंध और शोषण के आरोप लगाए हैं। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि इस मामले में आरोपी सिपाही के खिलाफ मामला दर्ज कर करके जेल भेज दिया है। उन्होंने कहा कि सिपाही को निलंबित कर दिया गया है और विभागीय जांच शुरू कर दी गयी है।

# सभी ग्राम पंचायतों और जिला मुख्यालयों के बीच चलेंगी बसें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने कहा कि प्रदेश की सभी 59,163 ग्राम पंचायतों को परिवहन सेवाओं से जोड़ा जाएगा, जिससे ग्रामीण जनता को विकास खंड, तहसील और जिला मुख्यालय तक सीधी और सुरक्षित पहुंच मिल सके। निजी क्षेत्र के बस संचालकों के माध्यम से उन मार्गों पर भी सेवाएं शुरू की जाएंगी, जहां परिवहन निगम की बसें कम संचालित होती हैं।

योजना भवन स्थित एनआईसी सेंटर में परिवहन मंत्री वीडियो कांफ्रेंसिंग माध्यम से अधिकारियों

- **मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026 लागू करने का निर्णय : दयाशंकर सिंह**



के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा, राज्य सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन सुविधा को मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026 लागू करने का निर्णय लिया है। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि योजना के तहत प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों को जिला मुख्यालयों से जोड़ने की दिशा में तेजी से कार्य किया जाए।

मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि परिवहन विभाग कि मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा 66(1) के तहत इस योजना के अंतर्गत संचालित होने वाले वाहनों को अधिसूचना के अनुसार परमिट की अनिवार्यता से छूट दी गई है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन सेवाओं को तेजी से शुरू किया जा सके। उन्होंने बताया कि योजना के तहत 15 से 28 सीट क्षमता वाले डीजल, सीएनजी या इलेक्ट्रिक वाहन संचालित किए जाएंगे। बैठक में अपर मुख्य सचिव परिवहन अर्चना अग्रवाल, परिवहन निगम के एमडी प्रभु एन सिंह, परिवहन आयुक्त किंजल सिंह, विशेष सचिव परिवहन केपी सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# लखनऊ, झांसी और वाराणसी में लगेंगे वृहद रोजगार मेले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार से जोड़ने और उन्हें कौशल के आधार पर आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में उप्र. कौशल विकास मिशन द्वारा मार्च माह में प्रदेश के तीन प्रमुख शहर लखनऊ, झांसी और वाराणसी में वृहद रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। इन मेलों के माध्यम से युवाओं को निजी कंपनियों में नौकरी के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

कौशल विकास मिशन द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, 18 मार्च को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में रोजगार मेला आयोजित होगा। इस मेले में लखनऊ, कानपुर, अयोध्या और बरेली मंडल के अभ्यर्थियों को भाग लेने का अवसर मिलेगा। इसके बाद 24 मार्च को झांसी के बुंदेलखंड महाविद्यालय में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमें झांसी, चित्रकूट और आगरा मंडल के युवा शामिल होंगे। वहीं 25 मार्च को वाराणसी स्थित राजकीय आईटीआई करौंदी परिसर में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमें वाराणसी, मिर्जापुर और प्रयागराज मंडल के अभ्यर्थियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर मिलेंगे।

# सात आईएएस अफसरों के तबादले, नीना शर्मा बनीं प्रमुख सचिव सार्वजनिक उद्यम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने सात आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। नीना शर्मा को प्रमुख सचिव/महानिदेशक, सार्वजनिक उद्यम विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संजय कुमार को निदेशक, उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी बनाया गया है।

प्रकाश बिंदु को लोक निर्माण विभाग से हटाकर सचिव, गृह विभाग बनाया गया है, जबकि प्रतिक्षारत डॉ. लोकेश एम. को सचिव, लोक निर्माण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। महेंद्र प्रसाद को विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश पुनर्गठन समन्वय विभाग बनाया गया है। रघुबीर को विशेष सचिव, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग में तैनाती दी गई है। वहीं अखिलेश कुमार को वर्तमान पद के साथ विशेष सचिव, धार्मिक कार्य विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### चार पीसीएस अधिकारी इधर से उधर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने चार पीसीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। जारी आदेश के अनुसार झांसी में तैनात उप जिलाधिकारी प्रदीप कुमार सिंह-2 को गोंडा का उप जिलाधिकारी बनाया गया है।

मथुरा के अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सुरेंद्र कुमार को अपर आयुक्त, कानपुर मंडल पद पर भेजा गया है। जालौन के उप जिलाधिकारी वेद प्रिय आर्य को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), मथुरा बनाया गया है। वहीं बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण, झांसी में विशेष कार्याधिकारी गुलाब सिंह को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), कुशीनगर के पद पर तैनाती दी गई है।

# खाद्य प्रसंस्करण की 14 नई इकाइयों के प्रस्ताव मंजूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकार लगातार कदम उठा रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के तहत दी जा रही सुविधाओं और अनुदानों के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाए, ताकि प्रदेश में नए उद्योग स्थापित हो सकें।

खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय, में अप्रेजल समिति की बैठक में अपर मुख्य सचिव बीएल मीणा ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अंतर्गत प्राप्त प्रस्तावों की समीक्षा की। बैठक में कुल 19 प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 14 प्रस्तावों को स्वीकृति के लिए राज्य स्तरीय समिति (एसएलईसी) के समक्ष भेजने की संस्तुति की गई। ये प्रस्ताव वाराणसी, मेरठ, कानपुर नगर, कानपुर देहात, लखनऊ, लखीमपुर खीरी, बरेली, कौशांबी, अयोध्या और रामपुर समेत विभिन्न जिलों से प्राप्त हुए हैं।

बैठक में यह भी तय किया गया कि इन इकाइयों को कच्चा माल स्थानीय किसानों और पशुपालकों से उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

**शिकंजा** | विशेष अभियान में गोकशी के 14,182 मुकदमे दर्ज, संगठित नेटवर्क पर कड़ा प्रहार

# गोहत्या-तस्करी के 35,924 आरोपी गए जेल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में गोहत्या और गोतस्करी के खिलाफ यूपी सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान के तहत अब तक गोकशी के 14,182 मामले दर्ज किए गए हैं और 35,924 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

सरकार ने इस अपराध को रोकने के लिए वर्ष 2020 में उत्तर प्रदेश गोवध निवारण (संशोधन) अध्यादेश-2020 लागू कर कानून को और कड़ा बनाया। इसके बाद पुलिस और प्रशासन ने संयुक्त अभियान चलाकर

- **13,793 पर गुंडा एक्ट, 178 पर एनएसए व 14,305 मामलों में गैंगस्टर की कार्रवाई**

गोकशी से जुड़े संगठित नेटवर्क पर लगातार कार्रवाई की है। सरकार का मानना है कि गोवंश की सुरक्षा केवल कानून व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक आस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से भी जुड़ा मुद्दा है। इसी कारण गोकशी और गोतस्करी से जुड़े मामलों में आरोपियों के खिलाफ सख्त धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।

गोकशी के मामलों में गिरफ्तार 35,924 आरोपियों में से 13,793 के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है, जबकि 178 आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाया गया। इसके अलावा 14,305 मामलों में गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई कर संगठित गिरोहों की कमर तोड़ने की कोशिश की गई है। गोकशी और गोतस्करी पर नियंत्रण के लिए पुलिस की विशेष टीमें गठित की गई हैं। इन टीमों द्वारा खुफिया निगरानी, जिलास्तरीय टास्क फोर्स और सीमावर्ती जिलों में विशेष सतर्कता बरतते हुए कार्रवाई की जा रही है। कई संवेदनशील जिलों में रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाई गई है और पशु परिवहन से जुड़े मामलों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। इसके अलावा अवैध बूचड़खानों के खिलाफ भी लगातार अभियान चलाया गया है, जिससे प्रदेश में अवैध पशु वध से जुड़े मामलों में कमी आने का दावा किया जा रहा है।

### 83 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त

सरकार ने अपराधियों के आर्थिक नेटवर्क को भी निशाने पर लिया है। गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत कार्रवाई करते हुए अब तक करीब 83 करोड़ 32 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। इसमें अवैध कमाई से खरीदी गई जमीन, वाहन और अन्य संपत्तियां भी शामिल हैं।

### गैस किल्लत पर सपा ने सरकार को घेरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि अगर भाजपा वाले कह रहे हैं कि 'गैस' की कोई कमी नहीं है तो उनके मंत्री, सांसद, विधायक, पार्षद और करोड़ों कार्यकर्ता और उनके संगी-साथी अंडरग्राउंड क्यों हो गये हैं। वो भूमिगत ठिकानों से निकलें और जनता के बीच जाकर गैस एजेंसियों से गैस दिलवाएं। सपा प्रमुख ने शुक्रवार को कहा कि पब्लिक की भीड़ से बचने के लिए भाजपा नेताओं ने गाड़ी से झंडे उतार दिए हैं। जनता भाजपाइयों के घरों का घेराव करे या उनके कार्यालयों, प्रतिष्ठानों या फिर उनकी गाड़ियों का। उन्होंने कहा कि सच तो ये है कि किल्लत जितनी बढ़ती है, भाजपा उतना ही उसे नकारने का झूठ बढ़ा देती है।

# मेरठ व बागपत में कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पश्चिमी उप्र. में धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मेरठ और बागपत में 56 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं के माध्यम से महाभारत सर्किट, जैन सर्किट और ग्रामीण पर्यटन से जुड़े प्रमुख स्थलों का विकास किया जाएगा।

मेरठ में पर्यटन मंत्री ने औघड़नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के

- **महाभारत सर्किट, जैन सर्किट और ग्रामीण पर्यटन से जुड़े प्रमुख स्थलों का होगा विकास**

बाद शहीद स्मारक पहुंचकर पर्यटन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। यहां लगभग 18.45 करोड़ रुपये की लागत से हस्तिनापुर, परीक्षितगढ़ स्थित श्रृंगी ऋषि आश्रम, मेझा के गोरखधाम सेवा आश्रम, मां ललिता देवी मंदिर और प्राचीन सती देवी मंदिर के विकास से जुड़ी पांच परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई।

इसके अलावा मेरठ में करीब 11.76 करोड़ रुपये की पांच परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया गया। इनमें धनसिंह कोतवाल आर्ट गैलरी, नौचंदी मंदिर, सरधना चर्च, 1857 क्रांति से जुड़े स्थलों और शहीद स्मारक के सौंदर्यीकरण के साथ पांडेश्वर महादेव मंदिर के पर्यटन विकास कार्य शामिल हैं।

इसके बाद पर्यटन मंत्री बागपत पहुंचे, जहां 26 करोड़ रुपये से अधिक लागत की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया। इनमें पुरा महादेव मंदिर, त्रिलोक तीर्थ धाम और अमर शहीद बाबा शाहमल सिंह के समाधि स्थल के पर्यटन विकास कार्य शामिल हैं।

अमृत विचार
शनिवार, 14 मार्च 2026





माता-पिता केवल अच्छी सलाह दे सकते हैं या बच्चों को सही राह दिखा सकते हैं, लेकिन किसी व्यक्ति के चरित्र का अंतिम निर्माण उसके स्वयं के हाथों में होता है।
-ऐनी फ्रैंक, जर्मन डायरी लेखिका

# जांच तो एक बहाना है

ट्रंप ने भारत समेत 16 प्रमुख व्यापारिक साझेदार देशों के खिलाफ अपने उस व्यापार कानून की धारा 301 के तहत नई व्यापारिक जांच शुरू करने की घोषणा की है, जिसके माध्यम से अमेरिका किसी भी देश की व्यापारिक नीतियों को 'अनुचित' ठहराते हुए एकतरफा टैरिफ बढ़ा सकता है। यह जांच अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट द्वारा ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए मनमाने पुराने टैरिफ को रद्द करने के बाद उसको दूसरे तरीकों से लागू करने तथा अमेरिकी संरक्षणवाद की वापसी का बहाना है। धारा 301 के तहत अमेरिका सैद्धांतिक रूप से काफी ऊंचे टैरिफ लगा सकता है, वैश्विक प्रतिक्रिया और प्रतिशोधात्मक टैरिफ के बढ़ते जोखिम को नजरअंदाज कर वह 25 से 100 प्रतिशत तक टैरिफ थोप सकता है।

अमेरिका ने कनाडा को इस सूची में शामिल नहीं किया है। इसका प्रमुख कारण उत्तरी अमेरिकी व्यापार ढांचे और आपूर्ति श्रृंखला में दोनों देशों की गहरी परस्पर निर्भरता है। इससे यह साफ है कि यह जांच पूरी तरह आर्थिक नहीं, बल्कि रणनीतिक और राजनीतिक भी है, दरअसल ट्रंप प्रशासन की व्यापक रणनीति अमेरिकी उद्योगों को पुनर्जीवित करने और उत्पादन को वापस अमेरिका लाने की है। 'री-शोरिंग' या 'फ्रेंड-शोरिंग' की यह नीति अमेरिकी श्रमिकों के लिए नौकरियां पैदा करने के उद्देश्य से प्रस्तुत की जाती है, लेकिन वैश्विक अर्थव्यवस्था की जटिल आपूर्ति श्रृंखलाओं के दौर में केवल टैरिफ के सहारे उद्योगों को वापस लाना आसान नहीं है। ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच बैठक शीघ्र प्रस्तावित है, संभव है कि यह कदम चीन के साथ होने वाली वार्ताओं में दबाव बनाने की रणनीति का हिस्सा हो। अमेरिका का आरोप है कि भारत समेत लगभग 60 देशों की औद्योगिक नीतियां अमेरिकी उद्योग और व्यापार को नुकसान पहुंचा रही हैं। विशेष रूप से विनिर्माण क्षेत्र में 'अतिरिक्त उत्पादन क्षमता' और 'डंपिंग' को लेकर चिंता जताई गई है। सच यह है कि आज के वैश्विक बाजार में उत्पादन क्षमता बढ़ाना किसी भी देश की औद्योगिक रणनीति का स्वाभाविक हिस्सा है। भारत की उत्पादन नीतियां जैसे विनिर्माण को बढ़ावा देने वाली योजनाएं मुख्यतः घरेलू विकास और निर्यात क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से बनाई गई हैं, न कि किसी देश के व्यापार को प्रभावित करने के लिए। भारत पर जबरन श्रम या बड़े पैमाने पर डंपिंग के आरोप निराधार हैं। भारत का निर्यात ढांचा अभी भी चीन की तुलना में काफी संतुलित है और कई क्षेत्रों में वह वैश्विक बाजार की वास्तविक मांग पर आधारित है। फिर भी इस जांच का असर भारत के कुछ प्रमुख निर्यात क्षेत्रों जैसे- स्टील, ऑटो पार्ट्स, फार्मास्यूटिकल्स, केमिकल्स, टेक्सटाइल और आईटी हार्डवेयर पर पड़ सकता है।

भारत इस जांच में औपचारिक रूप से असहयोग का रास्ता नहीं अपना सकता, क्योंकि इससे अमेरिका को एकतरफा कार्रवाई का बहाना मिल जाएगा। बेहतर रणनीति यह होगी कि भारत तथ्यात्मक जवाब और कूटनीतिक संवाद के माध्यम से अपनी स्थिति स्पष्ट करे। भारत सरकार को चाहिए कि वह निर्यात बाजारों का विविधीकरण और घरेलू विनिर्माण की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ा कर समस्या का दीर्घकालिक समाधान खोजे। वैश्विक व्यापार की इस नई खींचतान में संतुलित और व्यावहारिक नीति ही भारत के हितों को सुरक्षित रख सकती है।

## प्रसंगवश

# इच्छामृत्यु: पीड़ा से कराहते मरीजों की मुक्ति साधन

इच्छामृत्यु पर सुप्रीम कोर्ट ने अपनी पहली समहति देकर जनमानस में नई किस्म की बहस को जन्म दे दिया है। बहस ऐसी है, जिसमें सिर्फ भावनाओं का सैलाब उमड़ा हुआ है। गाजियाबाद निवासी 32 वर्षीय हरीश राणा की इच्छामृत्यु पर दिए सुप्रीम कोर्ट का निर्णय एक ऐसा भावनात्मक फैसला है, जो भारतीय न्याय व्यवस्था के इतिहास में पहली मर्तबा लिया गया। कोर्ट के आदेशानुसार इच्छा मृत्यु पर सभी प्रक्रियाएं बेशक मानवीय ढंग से और चिकित्सीय निगरान में होंगी, लेकिन फैसला देने वाली पीठ के जस्टिस जेबी परदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन खुद भी भावुक हो गए। उन्होंने स्वीकारा कि ये निर्णय देना उनके लिए बहुत कठिन था, पर उन्हें अपने फैसले के जरिए एक व्यक्ति को उनके निष्क्रिय शरीर से होती अंतन पीड़ा से मुक्ति भी दिलवाना था, जिसका उन्होंने कानूनी सदाचार में रहकर अपना फर्ज निभाया।



डॉ. रमेश ठाकुर
लेखक

कई यूरोपीय देशों में इच्छा मृत्यु का प्रावधान है। सबसे पहले 'यूथेनेशिया' को नीदरलैंड्स ने वैधता दी थी। वहां इसे 'यूथेनेशिया' नहीं, बल्कि अनुरोध पर जीवन की समाप्ति कहते हैं। बेल्जियम, कनाडा और स्विट्ज़रलैंड में भी इच्छामृत्यु वैध है, जबकि ये विषय बहुत विवादास्पद है। शायद भविष्य में भी हिंदुस्तान में इसे मान्यता न मिले। ये मामला अगस्त 2024 में दिल्ली हाईकोर्ट से खारिज होकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था, लेकिन यहां भी जजों की एकमत राय नहीं थी। काफी विमर्श के बाद शीर्ष कोर्ट ने मेडिकल बोर्ड को गठित करने का आदेश दिया।

रिपोर्ट में चिकित्सकों ने बताया कि हरीश का शरीर शत-प्रतिशत निष्क्रिय हो चुका है, इसलिए वह इच्छामृत्यु का हकदार है। इच्छामृत्यु पर सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय ने जीवन के असमय अंत की चाहत पर समकालीन स्वास्थ्य देखभाल में ऐसी प्रथाओं की भूमिका पर अनोखी बहस को छेड़ा है, जिसकी चर्चा लंबे समय तक होगी। यह बहस सभ्य समाज के कानूनी, नैतिक, मानवाधिकार, स्वास्थ्य, धार्मिक, आर्थिक, आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जटिलताओं और गतिशील पहलुओं को भी सोचने पर विवश करेगी।

इच्छामृत्यु शब्द की उत्पत्ति भारत में नहीं, ग्रीस में हुई थी, जिसका अर्थ होता है एक सुखद मृत्यु! कानून में 'जीवन का अधिकार' अनुच्छेद 21 में निहित है, जो एक प्राकृतिक अधिकार भी है, लेकिन आत्महत्या जीवन का अप्राकृतिक अंत है और इसलिए 'जीवन के अधिकार' की अवधारणा के साथ असंगत और विरोधाभासी भी है। भारत में आत्महत्या गैरकानूनी होने के बावजूद भी नहीं रुकती, लेकिन इच्छामृत्यु का नाम सुनकर न सिर्फ रोंगटे खड़े होते हैं, बल्कि भावनाओं का समुद्र हिचकौले मारने लगता है।

हरीश राणा का मामला सबसे इतर है। बीते 13 वर्षों से उनके दर्द भरे जीवन को और लंबा नहीं खींचा जा रहा है। हरीश को विरह भरे जीवन से मुक्ति दिलवाने के अलावा दूसरा कोई चारा नहीं है? शीर्ष अदालत ने हरीश के शरीर से जीवन रक्षक प्रणाली को हटाने की अनुमति दे दी है, जिसे चिकित्सकीय निगरानी में उनकी अंतिम सांसों को प्राकृतिक बनाया जाएगा।

बेशक ये निर्णय पहला है, पर आखिरी हो? आखिरी इसलिए, अगर इच्छा मृत्यु पर निर्णय देने का सिलसिला आगे भी चला, तो इसके दुरुपयोग होने लगेंगे, क्योंकि समाज में नैतिकता और न्याय का पतन तेजी से जारी है। भारत के कोने-कोने में ऐसे असंख्य मामले भरे हैं, जहां बीमार बुजुर्गों के परिजन उनकी धन-दौलत, संपत्तियों पर कब्ज़ा करने के लिए उनके मरने के इंतजार में हैं। ऐसे में वो भी उनकी इच्छामृत्यु की चाह लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचने लगेंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# क्रूड ऑयल और वैश्विक ऊर्जा संघर्ष





राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

वर्तमान वैश्विक व्यवस्था में क्रूड ऑयल केवल ऊर्जा का स्रोत नहीं रह गया है, बल्कि यह आर्थिक शक्ति, कूटनीतिक रणनीति और अंतर्राष्ट्रीय राजनीति का एक महत्वपूर्ण साधन बन चुका है। औद्योगिक समाज की संरचना इस प्रकार विकसित हुई है कि परिवहन, उद्योग, रक्षा, बिजली उत्पादन और वैश्विक व्यापार जैसे लगभग सभी क्षेत्रों की ऊर्जा आवश्यकताएं किसी न किसी रूप में तेल पर निर्भर हैं। क्रूड ऑयल की उपलब्धता, उसकी कीमत और आपूर्ति की स्थिरता सीधे तौर पर वैश्विक अर्थव्यवस्था और राजनीतिक संबंधों को प्रभावित करती है। इस दृष्टि से क्रूड ऑयल को आधुनिक विश्व व्यवस्था का एक रणनीतिक संसाधन माना जाता है।

ऊर्जा संसाधनों पर नियंत्रण की प्रतिस्पर्धा ने कई अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों और राजनीतिक निर्णयों को प्रभावित किया है। मध्य-पूर्व क्षेत्र इसका प्रमुख उदाहरण है। सऊदी अरब, ईरान, इराक, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों के पास विश्व के विशाल तेल भंडार मौजूद हैं। इसी कारण से यह क्षेत्र लंबे समय से वैश्विक राजनीति के केंद्र बने हुए हैं। ऊर्जा आपूर्ति के मार्गों, विशेष रूप से फारस की खाड़ी और होर्मुज़ जलडमरूमध्य का रणनीतिक महत्व भी इसी संदर्भ में समझा जा सकता है। इन समुद्री मार्गों से होकर विश्व के बड़े हिस्से का तेल निर्यात होता है, इसलिए इस क्षेत्र में उत्पन्न होने वाला कोई भी सैन्य या राजनीतिक तनाव वैश्विक ऊर्जा बाजार को प्रभावित करता है।

सऊदी अरब, ईरान, इराक, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों के पास विश्व के विशाल तेल भंडार मौजूद हैं। इसी कारण से यह क्षेत्र लंबे समय से वैश्विक राजनीति का केंद्र बने हुए हैं।

वर्तमान समय में ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच तनाव भी ऊर्जा राजनीति से गहराई से जुड़ा हुआ है। ईरान मध्य-पूर्व का एक महत्वपूर्ण तेल उत्पादक देश है और उस पर लगाए गए अमेरिकी आर्थिक प्रतिबंधों का सीधा प्रभाव वैश्विक तेल आपूर्ति पर पड़ता है। अमेरिका लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम और उसकी क्षेत्रीय नीतियों को लेकर दबाव बनाता रहा है। दूसरी ओर, इजरायल भी ईरान को अपनी सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा मानता है। जब भी इस क्षेत्र में सैन्य संघर्ष की आशंका बढ़ती है, तब वैश्विक तेल बाजार में अस्थिरता देखने को मिलती है और तेल की कीमतों में अचानक वृद्धि हो जाती है। इससे यह स्पष्ट होता है कि ऊर्जा संसाधनों से जुड़ी घटनाएं केवल क्षेत्रीय नहीं, बल्कि वैश्विक महत्व रखती हैं।

मध्य-पूर्व के अतिरिक्त लैटिन अमेरिका भी क्रूड ऑयल की राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। वेनेजुएला विश्व के सबसे बड़े तेल भंडारों वाले देशों में से एक है। पिछले कुछ वर्षों में वेनेजुएला की आंतरिक राजनीतिक अस्थिरता, आर्थिक संकट और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों ने वहां के तेल उद्योग को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। अमेरिका और वेनेजुएला के बीच लंबे समय से राजनीतिक मतभेद रहे हैं और अमेरिकी प्रतिबंधों ने वेनेजुएला की तेल अर्थव्यवस्था को कमजोर किया है। इस स्थिति का प्रभाव वैश्विक तेल आपूर्ति और कीमतों पर भी पड़ा है, क्योंकि वेनेजुएला के तेल उत्पादन में किसी भी प्रकार का बदलाव अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा बाजार को प्रभावित करता है।

इसी प्रकार रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध ने भी वैश्विक ऊर्जा राजनीति को नए आयाम प्रदान किए हैं। रूस विश्व के प्रमुख ऊर्जा निर्यातकों में से एक है और यूरोप लंबे समय तक रूसी तेल और गैस पर निर्भर रहा है। रूस-यूक्रेन संघर्ष के बाद पश्चिमी देशों ने रूस पर कई आर्थिक प्रतिबंध लगाए, जिनमें ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े प्रतिबंध भी शामिल हैं। इसके परिणामस्वरूप वैश्विक ऊर्जा व्यापार के मार्गों में महत्वपूर्ण परिवर्तन देखने को मिले हैं। रूस ने अपने तेल निर्यात को एशियाई देशों, विशेष रूप से भारत और चीन, की ओर मोड़ दिया है। इस परिवर्तन ने वैश्विक ऊर्जा बाजार की संरचना को प्रभावित किया है और यह दर्शाया है कि क्रूड ऑयल अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति में एक प्रभावी उपकरण के रूप में कार्य कर सकता है।

भारत जैसे विकासशील देशों के लिए क्रूड ऑयल की राजनीति का विशेष महत्व है। भारत विश्व के सबसे बड़े तेल आयातक देशों में से एक है और अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का लगभग अधिकांश हिस्सा आयात के माध्यम से पूरा करता है, इसलिए वैश्विक तेल बाजार में होने वाले उतार-चढ़ाव का सीधा प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। यदि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि होती है, जिससे परिवहन लागत बढ़ती है और वस्तुओं के दामों पर भी इसका प्रभाव पड़ता है। परिणामस्वरूप महंगाई बढ़ती है और आम नागरिकों की आर्थिक स्थिति प्रभावित होती है।

भारत ने ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए बहुआयामी रणनीति अपनाई है। भारत विभिन्न देशों से तेल आयात करके अपनी ऊर्जा आपूर्ति को विविध स्रोतों से प्राप्त करने का प्रयास कर रहा है। रूस, सऊदी अरब, इराक और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों के साथ ऊर्जा सहयोग इसी नीति का हिस्सा है। इसके अतिरिक्त भारत ने सामरिक तेल भंडार के निर्माण और नवीकरणीय ऊर्जा के विकास पर भी जोर दिया है, ताकि भविष्य में ऊर्जा संकट की स्थिति में देश की अर्थव्यवस्था पर अत्यधिक दबाव न पड़े।

वर्तमान समय में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहनों जैसी वैकल्पिक ऊर्जा प्रणालियों का विकास तेजी से हो रहा है, फिर भी निकट भविष्य में क्रूड ऑयल की वैश्विक भूमिका पूरी तरह समाप्त होने की संभावना नहीं है। विश्व की अधिकांश अर्थव्यवस्थाएं अभी भी पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भर हैं और वैश्विक परिवहन प्रणाली का बड़ा हिस्सा तेल आधारित ईंधन पर आधारित है, इसलिए आने वाले दशकों में भी क्रूड ऑयल अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और आर्थिक नीति का एक केंद्रीय तत्व बना रहेगा। यह कहा जा सकता है कि क्रूड ऑयल आधुनिक विश्व राजनीति का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रभावशाली संसाधन है।

## आमने सामने



ईरान नेशनल सॉकर टीम का विश्व कप में स्वागत है, लेकिन मुझे सच में नहीं लगता कि उनकी अपनी जान और सेफ्टी के लिए उनका वहां होना सही है। इस मामले पर ध्यान देने के लिए उनका धन्यवाद।
-डोनाल्ड ट्रंप
अमेरिकी राष्ट्रपति

विश्व कप एक ऐतिहासिक और अंतर्राष्ट्रीय इवेंट है। इसकी गवर्निंग बॉडी फीफा है, कोई एक देश नहीं। ईरान की नेशनल टीम, जिसमें ईरान के बहादुर बेटों की ताकत और कई अहम जीतें हैं, इस बड़े टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने वाली पहली टीमों में से एक थी।
-मोजतबा खामेनेई
सुप्रीम लीडर, ईरान



# 'डूबते' डेल्टा और संकट में भारत का भविष्य



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

भारत की नदियां वास्तव में करोड़ों लोगों के लिए जीवनदायिनी हैं, लेकिन ताजा मौसमी बदलाव, नदी के किनारे रहने वालों के लिए अस्तित्व का खतरा बन रहे हैं। गंगा, ब्रह्मपुत्र, महानदी और गोदावरी जैसे विशाल नदी तंत्रों ने हज़ारों वर्षों में अपनी लाई गई उपजाऊ मिट्टी यानी गाद से भारत के पूर्वी तट पर विशाल डेल्टाओं का निर्माण किया है। ये डेल्टा न केवल करोड़ों लोगों का घर हैं, बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा और अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी हैं। ये तटीय क्षेत्र जैव विविधता के केंद्र होने के साथ-साथ प्रकृति का एक ऐसा अनमोल संतुलन हैं, जो समुद्र और जमीन के बीच एक सुरक्षा कवच का काम करते हैं।

प्रतिष्ठित वैज्ञानिक पत्रिका 'नेचर' में प्रकाशित हालिया रिपोर्टों ने एक डरावनी तस्वीर पेश की है, जिसे नजरअंदाज करना अब संभव नहीं है। यह रिपोर्ट बताती है कि भारत के प्रमुख नदी डेल्टा और उनके किनारे तेजी से डूब रहे हैं। कई स्थानों पर जमीन के डूबने की दर वैश्विक समुद्र स्तर में वृद्धि की दर से भी अधिक है। यह संकट केवल जलवायु परिवर्तन और समुद्र के स्तर के बढ़ने का परिणाम नहीं है, बल्कि इसके पीछे मानवीय गतिविधियां मुख्य भूमिका निभा रही हैं।

भारत के प्रमुख नदी डेल्टा और उनके किनारे तेजी से डूब रहे हैं। इसके पीछे मानवीय गतिविधियां मुख्य भूमिका निभा रही हैं।

वैज्ञानिक भाषा में इसे 'भूमि अवतलन' कहते हैं। इसका मतलब है जमीन का अपनी जगह पर नीचे धंस जाना। जब समुद्र का स्तर ऊपर उठता है और साथ ही साथ जमीन नीचे बैठती है, तो तटीय इलाकों पर दोतरफा खतरा मंडराने लगता है। नेचर की रिपोर्ट के अनुसार, गंगा-ब्रह्मपुत्र, गोदावरी, महानदी और कृष्णा डेल्टा अत्यधिक संवेदनशील हैं। इसका सबसे बड़ा कारण भूजल का अत्यधिक दोहन है। जब हम जमीन के नीचे से पानी निकालते हैं, तो पानी की जगह खाली हो जाती है। यह पानी मिट्टी के कणों के बीच एक दबाव बनाए रखता है। जब यह पानी निकाल लिया जाता है, तो ऊपर की मिट्टी का भार उन कणों को दबा देता है, जिससे जमीन धंसने लगती है।

डेल्टा क्षेत्र घनी आबादी वाले हैं, जहां खेती और उद्योगों के लिए पानी की भारी मांग है। कोलकाता जैसे शहर, जो गंगा डेल्टा पर स्थित हैं, इसका प्रमुख उदाहरण हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इन क्षेत्रों में जितना पानी रिचार्ज यानी फिर से भरना नहीं हो पाता, उससे कहीं ज्यादा निकाला जा रहा है। शहर की बढ़ती प्यास को बुझाने के लिए गहरे नलकूपों का सहारा लिया जा रहा है, जिससे भूमिगत जलस्तर खतरनाक स्तर तक गिर गया है।

ब्राह्मणी और महानदी के डेल्टा सबसे चिंताजनक स्थिति में हैं। नेचर के डेटा के अनुसार, इन दोनों नदियों के डेल्टा क्षेत्र अत्यंत तेजी से डूब रहे हैं। इसका कारण इन नदियों की भौगोलिक संरचना और उन पर मानवीय हस्तक्षेप है। महानदी, जो छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के सिहावा पर्वत से निकलकर, छत्तीसगढ़ और ओडिशा से बहती हुई बंगाल की खाड़ी में विसर्जित होती है, ने हजारों वर्षों से तटीय मैदानों का निर्माण किया है, लेकिन अब हीराकुंड जैसे बड़े बांधों के कारण, महानदी अपनी उपजाऊ गाद समुद्र तक नहीं पहुंचा पा रही है। ब्राह्मणी नदी, जो झारखंड में कोयल और शंख नदियों के मिलन से बनती है और ओडिशा के तट पर विसर्जित होती है, भी इसी समस्या से जूझ रही है। बांधों की वजह से गाद की आपूर्ति रुकने से डेल्टा का प्राकृतिक नवीनीकरण बंद हो गया है और समुद्र की लहरें इसे तेजी से निगल रही हैं।

नदियां केवल पानी नहीं लातीं, वे अपने साथ हिमालय और अन्य पहाड़ों से महीन मिट्टी और तलछट यानी सेडिमेंट लाती हैं। यह गाद डेल्टा के किनारे पर जमा होकर नई जमीन बनाती है और उसे समुद्र के स्तर से ऊपर रखती है। प्राकृतिक रूप से डेल्टा का विकास गाद के जमा होने से होता है। पिछले कुछ दशकों में नदियों पर बने बड़े बांधों और बैराजों ने इस प्रक्रिया को रोक दिया है। बांधों में गाद जमा हो जाती है और नदियों का बहाव धीमा होने से वह डेल्टा तक नहीं पहुंच पाती। जब गादविहीन पानी समुद्र की ओर बहता है, तो उसमें मिट्टी को काटने की शक्ति अधिक होती है।

यह पानी डेल्टा के किनारों को तेजी से काटता है, जिससे तटीय क्षरण यानी कोस्टल इरोज़न होता है। बांधों ने नदियों की प्राकृतिक कार्यप्रणाली को बदल दिया है, जिससे समुद्र किनारे का संतुलन बिगड़ गया है। डेल्टा क्षेत्र में तेजी से शहरों का विस्तार हो रहा है। गगनचुंबी इमारतें, सड़कें, पुल और बंदरगाहों का निर्माण मिट्टी पर भारी दबाव डालता है। नरम जलोढ़ मिट्टी यानी अलुवियल सॉइल इस अतिरिक्त भार को सहन नहीं कर पाती और धीरे-धीरे नीचे बैठने लगती है। शहरीकरण के कारण कंक्रीटीकरण बढ़ गया है, जिससे पानी जमीन के अंदर नहीं जा पाता और भूजल का पुनर्भरण रुक जाता है। यह केवल एक पर्यावरणीय मुद्दा नहीं है, बल्कि एक बड़ा मानवीय संकट है। 'नेचर' की रिपोर्टें चेतावनी देती है कि यदि हमने अपनी विकास नीतियों में बदलाव नहीं किया, तो परिणाम भयावह होंगे। तटीय समुदाय पहले से ही गरीबी और मौसम की मार झेल रहे हैं, और यह नया संकट उन्हें और अधिक हाशिए पर धकेल देगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# तालिबान और मासूम नूरी



छोटी सी नूरी के पिता ख़तम हो जाते हैं। घर में कमाने वाला कोई नहीं बचता। भूख, बेबसी और अनिश्चितता से भरे दो साल तक नूरी किसी तरह अपनी मां और छोटी बहनों के साथ सर्वाइव करती है। फाकाकशी इतनी बढ़ जाती है कि भूखों मरने की नौबत आ जाती है।



वाचस्पति शर्मा
सीरियस व्यंग्यकार

अंततः नूरी कैंची उठाती है और अपने बाल काटकर पश्तो टोपी पहनकर लड़के का भेश बनाकर काम ढूंढने निकल पड़ती है। नाम बताती है 'नूर मोहम्मद'। वो दो साल तक एक रोडसाइड ढाबे पे लड़का बनकर काम करती है और फिर कोई लोकल आदमी तालिबानी अथॉरिटी को नूरी की सच्चाई बता देता है।

तालिबानी आकर नूरी को उठाकर जेल में डाल देते हैं। नूरी का क्राइम बताया कि वो लड़की होने के बावजूद काम क्यों रही थी। अभी 13 साल की छोटी सी नूरी जेल में है।

सोचिए उस छोटी सी बच्ची ने दो साल तक किस कदर मानसिक, आर्थिक और शारीरिक शोषण सहा होगा? किसी भी तानाशाही, धार्मिक, कट्टरवादी सत्ता का सबसे पहला शिकार औरतें और बच्चे होते हैं। ये कोई दूर देश की कहानी नहीं है, अगर हम अपने समाज में झांकें तो नूरी से भी कही ज्यादा वीभत्स कहानियां देखने को मिल जाएंगी, लेकिन हमारी स्थिति उनसे इस लिहाज से और भी ज्यादा बदतर है। हमने 'महिलाओं की आज़ादी' का नारा लगाकर उनकी पीड़ा को सामान्य बना लिया है और देश का एक बड़ा तबका यथास्थित से पूरी तरह संतुष्ट है और इसके समर्थन में है, जबकि सच्चाई ये है कि अपने यहां ऐसी तमाम नूरियां शहर-शहर, गांव-गांव में दिन रात पिस रही हैं।

-फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में नई क्रांति का सूत्रपात

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत 860 मिलियन से अधिक डिजिटल हेल्थ आईडी बनाई जा चुकी हैं। यह विशाल डेटाबेस अब एआई की मदद से टीबी जैसी बीमारियों की पहचान एक्स-रे के जरिए पल भर में संभव हो रही है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में गेम-चेंजर साबित हो रही है। स्वास्थ्य सेवाओं में एआई को एकीकृत करने के तरीके पर एसएएचआई, एक सिफारिशी राष्ट्रीय ढांचे के रूप में कार्य करती है। राष्ट्रीय ढांचे के रूप में शुरू की गई एसएएचआई, पूरे भारत में स्वास्थ्य सेवा वितरण में एआई को एकीकृत करने के लिए एक संरचित रोडमैप की रूपरेखा पेश करती है। इसका मकसद नीति निर्माताओं, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और प्रौद्योगिकी विकासकर्ताओं को एआई को जिम्मेदारी से अपनाने के लिए मार्गदर्शन देना है, यह सुनिश्चित करते हुए कि नवाचार नैदानिक आवश्यकताओं, नियामक मानकों, समानता संबंधी विचारों और जनविश्वास के अनुरूप हो।



डॉ. ओपी त्रिपाठी
लेखक

प्रएसएएचआई समावेशी विकास को अपना मुख्य लक्ष्य बनाती है, जिसके तहत जनहित के उद्देश्य से इस अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के उपयोग की ज़रूरत पर बल देते हुए विकसित भारत 2047 का निर्माण करने पर ज़ोर दिया जाता है। यह रणनीति स्वास्थ्य सेवा को अधिक सुलभ, समयबद्ध, उच्च गुणवत्ता वाली और किफायती बनाने में एआई की बदलावकारी भूमिका और क्षमता को पहचानती है, इसे एक शक्तिशाली नवोन्मेषी शक्ति के साथ-साथ जन स्वास्थ्य में सुधार के लिए एक सहायक के रूप में देखती है।

इसका मकसद विश्वसनीय, जोखिम-अनुरूप शासन और मजबूत डिजिटल और डेटा आधार स्थापित करना है, ताकि एआई का बड़े पैमाने पर सुरक्षित, नैतिक और जवाबदेह उपयोग किया जा सके। इसका लक्ष्य भविष्य के लिए तैयार स्वास्थ्य कार्यबल और संस्थानों का निर्माण करना भी है, साथ ही एक स्थायी और समावेशी एआई-फॉर-हेल्थ व्यवस्था को बढ़ावा देना है, जो समानता, गुणवत्ता, दक्षता और जनविश्वास को आगे बढ़ाता है। इस फ्रेमवर्क के पांच प्रमुख स्तंभ शासन और साक्ष्य निर्माण मानकों, सुरक्षित, नैतिक, मजबूत और पारदर्शी डिजिटल और डेटा अवसंरचना और कार्यबल की तैयारी पर केंद्रित हैं।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2018 में शुरू हुई एआई रणनीति अब हकीकत बन रही है। 'स्कैडा ब्रेनसीटी' जैसे एआई टूल्स ने टियर-2 और टियर-3 शहरों में विशेषज्ञों की कमी को दूर कर दिया है। अब छोटे शहरों के मरीजों को भी मुंबई या दिल्ली जैसे बड़े शहरों के स्तर का न्यूरो-डायग्नोसिस मिल रहा है। यह तकनीक स्वास्थ्य सेवाओं का लोकतंत्रीकरण कर रही है, जिससे भौगोलिक दूरियां अब इलाज के आड़े नहीं आतीं।

राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन रणनीति अवलोकन (2020) ने इस दृष्टिकोण को कार्यान्वयन रोडमैप में और आगे बढ़ाया। इसमें यह स्वीकार किया गया कि एआई, आईओटी, ब्लॉकचेन और क्लाउड कंप्यूटिंग एक अधिक समग्र डिजिटल स्वास्थ्य तंत्र के लिए अतिरिक्त अवसर प्रदान करते हैं। यह एक ऐसी व्यवस्था है, जो समान पहुंच बढ़ा सकती है, स्वास्थ्य परिणामों में सुधार कर सकती है और लागत कम कर सकती है। इसमें परिकल्पना की गई कि आधुनिक एआई तकनीकें स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को मौजूदा स्वास्थ्य रिकॉर्ड प्रारूपों से प्रासंगिक जानकारी निकालने और अंदर संचालनीय डेटा मानकों में बदलाव लाने में मदद करेंगी। साथ ही सरकार एआई प्रणालियों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश और मानक निर्धारित करने के लिए प्रतिबद्ध है। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।



# तन सु शान
## एक प्रेरक यात्रा

आज दुनिया में महिलाएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं, तन सु शान भी उनमें से एक हैं। तन सु शान सिंगापुर की एक प्रमुख व्यावसायिक नेता हैं, जो दक्षिण पूर्व एशिया की सबसे बड़ी बैंकिंग संस्था डीबीएस बैंक की ग्रुप सीईओ के रूप में जानी जाती हैं। मार्च 2025 में उन्होंने यह पद संभाला, जिससे वे डीबीएस की पहली महिला सीईओ बनीं। फॉर्च्यून पत्रिका ने उन्हें 2025 में एशिया की सबसे प्रभावशाली महिला व्यवसायी के रूप में नामित किया। सिंगापुर में स्थित डीबीएस, जो 637 बिलियन डॉलर से अधिक की संपत्ति वाली एशिया की अग्रणी बैंक है, के नेतृत्व में तन सु शान ने बैंक को डिजिटल इनोवेशन, वेल्थ मैनेजमेंट और सस्टेनेबल फाइनेंस में नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।



रूफिया खान
शिक्षिका

### प्रारंभिक जीवन और शिक्षा

तन सु शान का जन्म सिंगापुर में हुआ था, जहां उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी की। उनकी रुचि हमेशा से अर्थशास्त्र, राजनीति और दर्शनशास्त्र में रही, जो उनकी बाद की करियर में स्पष्ट रूप से झलकती है। 1986 से 1989 तक, उन्होंने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के लिंकन कॉलेज से राजनीति, दर्शनशास्त्र और अर्थशास्त्र में मास्टर ऑफ आर्ट्स (एम.ए.) की डिग्री प्राप्त की। यह डिग्री उन्हें वैश्विक आर्थिक और सामाजिक मुद्दों की गहरी समझ प्रदान करने वाली साबित हुई।

शिक्षा के बाद, उन्होंने नेतृत्व विकास पर फोकस किया। उन्होंने हार्वर्ड बिजनेस स्कूल, स्टैनफोर्ड बिजनेस स्कूल और सिंगुलैरिटी यूनिवर्सिटी से एक्जीक्यूटिव लीडरशिप कोर्स पूरे किए, जो आधुनिक बैंकिंग में एआई और इनोवेशन के उनके दृष्टिकोण को मजबूत करते हैं। उनकी शिक्षा ने उन्हें न केवल वित्तीय विशेषज्ञ बनाया, बल्कि एक रणनीतिक विचारक के रूप में भी स्थापित किया, जो जटिल वैश्विक चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हैं।

### करियर की यात्रा

- तन सु शान के पास उपभोक्ता बैंकिंग, वेल्थ मैनेजमेंट और संस्थागत बैंकिंग में 35 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उनकी यात्रा वैश्विक स्तर पर फैली हुई है, जिसमें लंदन, टोक्यो, हांगकांग और सिंगापुर जैसे शहर शामिल हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 1990 से सिटीबैंक और आईएनजी बैरिंग्स से की, जहां वे लंदन, टोक्यो और हांगकांग में कार्यरत रहीं। 1997 से 2005 तक, वे मॉर्गन स्टेनली में एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर रहीं और फिर 2008 से 2010 तक मैनेजिंग डायरेक्टर के रूप में कार्य किया। इस दौरान, उन्होंने साउथ-ईस्ट एशिया के लिए प्राइवेट वेल्थ मैनेजमेंट का नेतृत्व किया। 2005 से 2008 तक, वे सिटी में मैनेजिंग डायरेक्टर रहीं, जहां उन्होंने एशियाई बाजारों में वेल्थ मैनेजमेंट को मजबूत किया।
- 2010 में डीबीएस जॉइन करने के बाद, उन्होंने ग्रुप हेड ऑफ कंज्यूमर बैंकिंग एंड वेल्थ मैनेजमेंट का पद संभाला, जिसे उन्होंने लगभग एक दशक तक नेतृत्व किया। इस अवधि में, डीबीएस की वेल्थ एसेट्स 20 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ीं और 2017 के अंत तक 156 बिलियन डॉलर तक पहुंच गईं, जिससे डीबीएस दुनिया के शीर्ष छह वेल्थ मैनेजर्स में शामिल हो गया। 2019 से, वे इंस्टीट्यूशनल बैंकिंग की एमडी और हेड बनीं और डीबीएस हांगकांग की डिप्टी चेयरमैन भी रहीं। इसके अलावा, उन्होंने 10 वर्षों तक पीटी बैंक डीबीएस इंडोनेशिया की प्रेसिडेंट कमिश्नर के रूप में सेवा की।
- 2012 से 2014 तक, वे सिंगापुर की संसद में नामित सांसद रहीं, जहां उन्होंने फाइनेंशियल सेक्टर की नीतियों पर योगदान दिया। उनकी यात्रा में स्टैंडर्ड चार्टर्ड और यूओबी जैसे अन्य बैंकों का भी योगदान रहा, लेकिन डीबीएस में उनका 15 वर्षों का कार्यकाल सबसे महत्वपूर्ण रहा।

### डीबीएस में सीईओ के रूप में भूमिका

मार्च 2025 में ग्रुप सीईओ बनने के बाद, तन सु शान ने डीबीएस को 'जनरेटिव एआई एनेबल्ड बैंक विद ए हार्ट' के रूप में परिभाषित किया। मैकिन्से के साथ एक साक्षात्कार में, उन्होंने बताया कि कैसे एआई का उपयोग ग्राहक-केंद्रित बैंकिंग के लिए किया जा रहा है, जो दक्षता बढ़ाते हुए मानवीय स्पर्श बनाए रखता है। उनके नेतृत्व में, डीबीएस ने एशियाई फाइनेंस को ट्रांसफॉर्म करने पर फोकस किया, विशेष रूप से सस्टेनेबल फाइनेंस, डिजिटल इनोवेशन और क्षेत्रीय विस्तार पर। वे कॉर्पोरेट एंड कमर्शियल बैंकिंग को ग्लोबल हेड के रूप में भी जारी रख रही हैं, जो डीबीएस की संस्थागत क्षमताओं को मजबूत करता है। उनके विजन में, बैंकिंग को अधिक समावेशी और तकनीकी रूप से उन्नत बनाना शामिल है, जो एशिया की उभरती अर्थव्यवस्थाओं के अनुरूप है।

### उनके विचार

तन सु शान के अनुसार, "सच्चा नेतृत्व कमरे में सबसे बुद्धिमान व्यक्ति होने के बारे में नहीं है, बल्कि सही प्रश्न पूछने और दूसरों को आगे बढ़ने का अवसर देने के बारे में है।" मीडियम लेख में उन्होंने टीम संस्कृति और भावनात्मक सुरक्षा के महत्व पर विस्तार से चर्चा की है। उनका मानना है कि जब नेता विनम्रता और सहयोग की भावना के साथ काम करता है, तो टीम के सदस्य स्वयं को सुरक्षित और सम्मानित महसूस करते हैं। ऐसे वातावरण में लोग खुलकर अपने विचार रखते हैं और अपनी क्षमता का पूरा उपयोग कर पाते हैं। इस दृष्टिकोण से वे युवा नेताओं को यह महत्वपूर्ण सीख देती हैं कि वास्तविक सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयासों से प्राप्त होती है। इसके साथ ही, कतर इकोनॉमिक फोरम में बोलते हुए, उन्होंने डिजिटल युग में व्यक्तिगत संबंधों पर जोर दिया। यह प्रेरक विचार बताता है कि तकनीक कितनी भी उन्नत हो, भावनात्मक जुड़ाव ही विश्वास बनाता है। तन सु शान का मानना है कि बैंकिंग में यह ग्राहक वफादारी की नींव है, जो हमें सिखाता है कि व्यवसाय में मानवीय पक्ष को कभी न भूलें।

### उपलब्धियां और पुरस्कार

तन सु शान की उपलब्धियां उन्हें एशिया की शीर्ष महिला नेताओं में शुमार करती हैं। उनकी कुछ प्रमुख उपलब्धि इस प्रकार हैं -

- 2013 - प्राइवेट बैंकर इंटरनेशनल द्वारा 'आउटस्टैंडिंग प्राइवेट बैंकर ऑफ द ईयर' - एशिया की पहली प्राप्तकर्ता।
- 2013 - वेल्थब्रीफिंगएशिया द्वारा 'आउटस्टैंडिंग इंडिविजुअल कंट्रीब्यूशन टू एशियन वेल्थ मैनेजमेंट'।
- 2012 - इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस द्वारा 'डिस्टिंग्विश्ड फाइनेंशियल इंडस्ट्री कॉम्पिटेंट प्रोफेशनल'।
- 2014 - पीडब्ल्यूएम/द बैंक (फाइनेंशियल टाइम्स ग्रुप) द्वारा ''वर्ल्ड बेस्ट लीडर इन प्राइवेट बैंकिंग' - पहली सिंगापुरियन।
- 2018 - डिजिटल बैंकर द्वारा 'रिटेल बैंकर ऑफ द ईयर'।
- 2018 - फोर्ब्स द्वारा 'टॉप 25 इमर्जेंट एशियन वुमन बिजनेस लीडर'।
- 2019 - द एसेट द्वारा एशिया की छह महिलाओं में से एक, जो बैंकिंग को आकार देंगी।

इसके अलावा, उनके नेतृत्व में डीबीएस ने उपभोक्ता बैंकिंग में क्रांतिकारी बदलाव किए, जो एशिया में डिजिटल बैंकिंग का मॉडल बने।



### प्रभाव और भविष्य की दिशा

तन सु शान का प्रभाव न केवल डीबीएस पर, बल्कि पूरे एशियाई फाइनेंशियल सेक्टर पर पड़ा है। उन्होंने महिलाओं को नेतृत्व में प्रोत्साहित किया और सिंगापुर की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में योगदान दिया। उनके तहत, डीबीएस ने जेनरेटिव एआई को अपनाया, जो ग्राहकों को व्यक्तिगत सेवाएं प्रदान करता है। भविष्य में, वे सस्टेनेबिलिटी और इनक्लूसिव ग्रोथ पर फोकस करेंगी, जो एशिया की बदलती चुनौतियों का सामना करने में मदद करेगी। तन सु शान, डीबीएस बैंक की ग्रुप सीईओ, अपनी नेतृत्व शैली, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और एआई युग में मानवीय स्पर्श पर गहन अंतर्दृष्टि के लिए जानी जाती हैं। उनके विचार महिलाओं, नेताओं और पेशेवरों के लिए विशेष रूप से प्रेरणादायक हैं, जो दृढ़ता, सहानुभूति और दीर्घकालिक दृष्टि पर जोर देते हैं। तन सु शान एक ऐसी नेता हैं, जिनकी बुद्धिमत्ता, दृढ़ता और इनोवेटिव सोच ने उन्हें वैश्विक पटल पर स्थापित किया है। उनकी कहानी युवा पेशेवरों, विशेष रूप से महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है।

## जॉब का पहला दिन

# जब मुझे बताना पड़ा, मैं यहां की अफसर हूं



कमलेश्वरी मेहता
ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर
गरुड़, बागेश्वर

फिल्मी रील्स में अक्सर जीवन का सजा-धजा रूप दिखाया जाता है। उसमें जीवन को किसी न किसी तरह के दिखावे और चमक-दमक में फ्रेम कर दिया जाता है, लेकिन मेरी ज्वाइनिंग के पहले दिन का अनुभव बिल्कुल अलग था। वह जीवन की सच्चाई थी बिना किसी फिल्टर के, बिल्कुल वास्तविक। मेरा चयन उत्तराखंड स्टेट सिविल सर्विसेज़ (पीसीएस) परीक्षा 2010 के माध्यम से हुआ था। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद जब मुझे पहली पोस्टिंग के स्थान का पता चला, तो वह था ओखलकांडा, नैनीताल जिले का एक बेहद दुर्गम क्षेत्र। सच कहूं तो इससे पहले मैंने इस जगह का नाम भी कभी नहीं सुना था। मन में उत्सुकता भी थी और थोड़ी चिंता भी।

5 जून 2015 का वह दिन आज भी मुझे अच्छी तरह याद है, जब मैंने ओखलकांडा में अपनी ज्वाइनिंग की। यह अनुभव मेरे लिए बिल्कुल नया था। नैनीताल जिले का यह सबसे दुर्गम क्षेत्र माना जाता है। रास्ते में दूर-दूर तक कोई वाहन दिखाई नहीं देता था, न ही कहीं घरों की कतारें थीं। मेरे कार्यालय तक पहुंचने के लिए मुझे लगभग डेढ़ किलोमीटर पैदल चलना पड़ा। जब मैं ऑफिस पहुंची तो वहां कुछ लोग पहले से बैठे हुए थे। कुछ शिक्षक अपने काम से आए हुए थे और उस समय अपॉइंटमेंट तथा ट्रांसफर का दौर चल रहा था। कुछ क्लर्क भी वहां मौजूद थे। मैं करीब एक घंटे तक वहीं बैठी रही। मन में यह इच्छा थी कि स्टाफ और कर्मचारियों से बातचीत करके वहां की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी लूं, लेकिन शायद उन्होंने यह समझ लिया था कि मैं भी कोई शिक्षक हूं, जो अपने ट्रांसफर या किसी अन्य काम के सिलसिले में वहां आई हूं। काफी देर तक जब किसी ने मुझसे कुछ नहीं पूछा, तो अंततः मैंने ही उनसे पूछ लिया कि उप शिक्षा अधिकारी का कार्यालय कहां है और उनका कमरा कौन-सा है। उनमें से एक व्यक्ति ने जवाब दिया कि यहां अभी कोई कमरा तय नहीं है और यहां अभी कोई उप शिक्षा अधिकारी भी नहीं है। हां, इतना जरूर बताया कि जल्द ही कोई नए उप शिक्षा अधिकारी आने वाले हैं। तब मैंने मुस्कराते हुए कहा, "मैं ही वह नई उप शिक्षा अधिकारी हूं, मेरा नाम कमलेश्वरी मेहता है।"

यह सुनते ही वहां मौजूद सभी लोग एकदम से खड़े हो गए। उनके चेहरे पर आश्चर्य साफ दिखाई दे रहा था। उन्होंने तुरंत कहा, "सॉरी मैम, हमने आपको पहचाना नहीं। हमें लगा कि आप कोई टीचर होंगी, जो अपने काम के लिए यहां आई हैं।" इसके बाद उन्होंने मुझे सम्मानपूर्वक अंदर बुलाया, मेरा कमरा



दिखाया और बैठने का आग्रह किया। थोड़ी ही देर में चाय भी आ गई। इसी तरह मेरे पहले दिन की शुरुआत हुई। शुरुआत में वहां सुविधाओं का अभाव था और परिस्थितियां भी चुनौतीपूर्ण थीं, लेकिन उसी कठिन इलाके में काम करते हुए मैंने अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाया। ओखलकांडा में ज्वाइनिंग का वह पहला दिन मेरे जीवन का ऐसा अनुभव बन गया, जिसने मुझे आगे आने वाली हर चुनौती का सामना करने की ताकत दी।

## अनुभूति

# सुबह की सैर, रसोई की फिक्र






अमृता पांडे
हल्द्वानी

बीते दिनों सुबह जब पार्क में गई तो घर-घर की कहानी पूछने वाली महिलाओं की जुबान में रसोई गैस की चर्चा थी। यह भी घर की महत्वपूर्ण जरूरत है। इसके बिना चूल्हा ठप्प और चूल्हे के बिना सारे कामकाज। इस बारे में सोचा तो पाया कि भारत अपने कच्चे तेल यानी क्रूड ऑयल की जरूरत का 85 से 88 प्रतिशत से अधिक हिस्सा विदेशों से आयात करता है, जो रोजाना लगभग 50 से 58 लाख बैरल के बीच है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है। प्रमुख तेल स्रोतों में रूस, इराक, सऊदी अरब और यूएई शामिल हैं। इसमें रूस सबसे बड़ा निर्यातक है, जहां से प्रतिदिन लगभग 18 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदा जाता है। कुल आयात का लगभग 40 से 60 प्रतिशत यानी 25-27 लाख बैरल होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आता है। इसी तरह, एलपीजी की देशभर की जरूरत का लगभग 55-60 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस का 50 प्रतिशत आयात किया जाता है। अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए हम विदेशी कच्चे तेल पर निर्भर हैं। चीन भी अपनी 70 प्रतिशत से अधिक तेल खपत का आयात करता है, जिसमें मुख्य रूप से मध्य पूर्व, रूस, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका शामिल हैं। 90 प्रतिशत से अधिक आपूर्ति समुद्र के रास्ते जलडमरूमध्य के माध्यम से टैंकरों द्वारा जाती है, जबकि रूस और मध्य एशिया से पाइपलाइन और रेल मार्ग का उपयोग किया जाता है।

चीन के तेल का सबसे बड़ा हिस्सा यानि लगभग 90 प्रतिशत समुद्री मार्गों से आता है। रूस, चीन का भी सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है, जो 'पावर ऑफ साइबेरिया' पाइपलाइन और रेल नेटवर्क के माध्यम से तेल भेजता है। इसके अलावा, चीन ईरान और वेनेजुएला से भी बड़ी मात्रा में कच्चा तेल खरीदता है, जिसमें उसे भारी छूट प्राप्त होती है। फर्क मात्र इतना है कि आपूर्ति व्यवधान से बचने के लिए, चीन के पास भारी मात्रा में अपना बफर भंडार यानी पेट्रोलियम रिजर्वायर हैं, जो लगभग 900 मिलियन बैरल तक होने का अनुमान है। इधर हम गैस की कीमत से जूझने लगे हैं। पेट्रोल और गैस के दाम बढ़ने लगे हैं और युद्ध के बढ़ते संकट को देखते हुए आने वाले समय में यह स्थिति और गंभीर होने का अनुमान है। खैर इसका विश्लेषण तो विशेषज्ञ और जानकार ही कर सकते हैं, लेकिन फिलहाल मैं सोच रही हूं कि जो सड़कों को खोदकर गैस पाइपलाइन बिछा दी गई है और दो साल पहले हमारे शहरों में घरों की रसोई तक येन-केन-प्रकारेण पाइप पहुंचा दिए गए हैं, उनमें गैस कब आएगी? लकड़ी, कंडों और स्टोव से आगे बढ़ने की कहानी तो अच्छी है, लेकिन पीछे लौटकर जाना अब कितना मुश्किल है और आगे कितना संशय।

# उधम सिंह और जलियांवाला बाग का प्रतिशोध



सुनील कुमार महला
लेखक

शहीद-ए-आजम सरदार उधम सिंह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के उन महान क्रांतिकारियों में से एक हैं, जिनका नाम साहस, संकल्प और अदम्य देशभक्ति का प्रतीक बन चुका है। दूसरे शब्दों में कहें तो उधम सिंह, जिन्हें बाद में राम मोहम्मद सिंह आज़ाद के नाम से भी जाना गया। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के ऐसे योद्धा थे जिन्होंने जलियांवाला बाग के शहीदों के लिए न्याय की लड़ाई को अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया। उनका बचपन का नाम शेर सिंह था। उनका जन्म 26 दिसंबर 1899 को पंजाब के संगरूर जिले के सुनाम नगर में हुआ था। उनके पिता सरदार टहल सिंह रेलवे विभाग में ओवरसियर (चौकीदार) के रूप में कार्य करते थे और माता का नाम नारायण कौर था।

दुर्भाग्यवश बचपन में ही उनके माता-पिता का निधन हो गया। परिणामस्वरूप उन्हें और उनके बड़े भाई मुक्ता सिंह को अमृतसर के सेंट्रल खालसा अनाथालय में शरण लेनी पड़ी। यही अनाथालय उनका घर बना और यहीं रहकर उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने 1918 में मैट्रिक की परीक्षा पास की। अनाथालय के अनुशासन और कठिन परिस्थितियों ने उनके व्यक्तित्व में आत्मनिर्भरता और दृढ़ता का विकास किया। 13 अप्रैल 1919 को अमृतसर के जलियांवाला बाग में हुआ भीषण नरसंहार उनके जीवन का निर्णायक मोड़ साबित हुआ। उस समय वे अमृतसर में ही थे और



कहा जाता है कि गोलीबारी के बाद वे घायल लोगों को पानी पिला रहे थे। इस अमानवीय घटना ने उनके मन पर गहरा प्रभाव डाला और उन्होंने इसके लिए जिम्मेदार लोगों से बदला लेने का संकल्प कर लिया। वे इस घटना के लिए पंजाब के तत्कालीन लेफ्टिनेंट गवर्नर माइकल ओ'ड्वायर को जिम्मेदार मानते थे। दरअसल 1919 में ब्रिटिश सरकार ने रॉलेट एक्ट नामक काला कानून पारित किया था, जिसके तहत किसी भी व्यक्ति को बिना मुकदमे के गिरफ्तार किया जा सकता था। इस कानून के विरोध में पूरे देश में आंदोलन शुरू हो गया। अमृतसर में लोकप्रिय नेता सैफुद्दीन किचलू और डॉ. सत्यपाल की गिरफ्तारी के विरोध में 13 अप्रैल 1919 को जलियांवाला बाग में एक शांतिपूर्ण सभा आयोजित की गई। उस दिन वैशाखी का पर्व भी था, इसलिए हजारों लोग वहां एकत्र हो गए थे। जब इस सभा की सूचना ब्रिटिश अधिकारी जनरल डायर को मिली तो वह लगभग 90 सैनिकों के साथ वहां पहुंचा। बिना किसी चेतावनी के उसने भीड़ पर गोली चलाने का आदेश दे दिया।

सैनिकों ने लगभग दस मिनट तक लगातार गोलियां चलाईं और सैकड़ों लोग वहीं ढेर हो गए। जान बचाने के लिए कई लोग बाग के कुएं में कूद गए, जिसे आज 'शहीदी कुआं' के नाम से जाना जाता है। नरसंहार के बाद अमृतसर में मार्शल लॉ लागू कर दिया गया और लोगों पर अमानवीय अत्याचार किए गए। इस घटना ने उधम सिंह के मन में प्रतिशोध की तीव्र भावना भर दी। उन्होंने लगभग 21 वर्षों तक धैर्यपूर्वक अवसर की प्रतीक्षा की। इस दौरान वे अफ्रीका, अमेरिका और यूरोप जैसे देशों की यात्रा करते हुए क्रांतिकारी गतिविधियों से जुड़े रहे। 1934 में वे लंदन पहुंचे और वहां उन्होंने राम मोहम्मद सिंह आजाद नाम अपनाया, जो भारत की सांप्रदायिक एकता का प्रतीक था। यह भी उल्लेखनीय है कि उधम सिंह, शहीद भगत सिंह को अपना गुरु मानते थे। वे उम्र में उनसे बड़े थे, फिर भी उन्हें अपना मार्गदर्शक समझते थे। कहा जाता है कि उनकी जेब में हमेशा भगत सिंह की तस्वीर रहती थी। इसके अलावा वे अमेरिका में सक्रिय गदर पार्टी से भी जुड़े रहे और भारत की स्वतंत्रता के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर समर्थन जुटाने का प्रयास करते रहे।

अंततः 13 मार्च 1940 को लंदन के कैक्सटन हॉल में आयोजित एक सभा के दौरान उधम सिंह ने माइकल ओ'ड्वायर पर गोली चलाकर उसकी हत्या कर दी। उन्होंने पिस्तौल को एक मोटी किताब के भीतर छिपाकर वहां प्रवेश किया था। इस प्रकार उन्होंने जलियांवाला बाग के शहीदों के लिए लिया गया अपना संकल्प पूरा किया। घटना के बाद उन्होंने भागने का प्रयास नहीं किया और स्वयं को गिरफ्तार करवा दिया, क्योंकि वे चाहते थे कि दुनिया भारतीयों के आत्मसम्मान और प्रतिरोध की भावना को समझे।

मुकदमे के दौरान उन्होंने निर्भीकता से कहा कि उन्होंने यह कार्य अपने देशवासियों पर हुए अत्याचार का बदला लेने के लिए किया है। अंततः 31 जुलाई 1940 को लंदन की पेंटनविले जेल में उन्हें फांसी दे दी गई। बाद में 1974 में उनकी अस्थियां भारत लाई गईं और उन्हें राष्ट्रीय सम्मान के साथ श्रद्धांजलि दी गई। उधम सिंह का जीवन साहस, देशभक्ति और न्याय के लिए संघर्ष की प्रेरक गाथा है।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 74,563.92 | 23,151.10 |
| गिरावट | 1,470.50 | 488.05 |
| प्रतिशत में | 1.93 | 2.06 |

सोना 1,65,200 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,65,500 प्रति किलो

अमृत विचार
बरेली, शनिवार, 14 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2490, राज श्री 1950, फ़ॉर्चून कि. 2510, रविन्द्रा 2460, फॉर्चुन 13 किग्रा 2210, जय जवान 2110, सचिन 2220, सूरज 2110, अवसर 2015, उजाला 2080, गृहणी 13 किग्रा 2055, क्लासिक (किग्रा) 2365, मोर 2315, चक्र टिन 2460, ब्लू 2305, आशीर्वाद मस्टर्ड 2380, स्वास्तिक 2445
**किराना :** निजामाबाद हल्दी 16600, जीरा 26500, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 12000-13000, अजवायान 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000,
**प्रति किलो :** लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 900-1050
**चावल प्रति कुंटल :** डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1 किग्रा,5 किग्रा) 10100, हरी पत्ती नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200
**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200-12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450, मलका दाल 7350-9200, मलका छांटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10000-11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100-11800, अरहर कोरी छोटी 12800
**चीनी :** पीलीभीत 4380, बहेड़ी 4280

## बरेली सर्राफा

**सोना प्रति 10 ग्राम :** पक्के जेवर 159000, गिन्नी जेवर155000
**चांदी प्रति किलो :** पक्की 2650 अनुमानित

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती 3400, मसूरी 1200, बासमती 7000-7400, परमल 1200-3200
**दाल दलहन :** काला चना 2000-3400, साबुत चना दाल 1200, मूंग साबुत 5400, राजमा 7600-12200, दाल उड़द 6000, साबुत मसूर दाल 2800, मसूर दाल 1200, उड़द साबुत 10200, काबुली चना 6000-10200, अरहर दाल 10400-12000, लोबिया/करमानी 1000-3400

# एलपीजी संकट: केरल में 40 प्रतिशत रेस्टोरेंट बंद

## कैटरिंग सेवाएं, छात्रावास, कैंटीन और शवदाह गृह भी प्रभावित, लकड़ी और कोयले की कीमतें आसमान पर

**कोच्चि, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से पैदा हुए एलपीजी संकट के कारण केरल में करीब 40 प्रतिशत रेस्तरां बंद होने की स्थिति में पहुंच गए हैं। ये रेस्तरां खाना पकाने के वैकल्पिक तरीकों का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। इसके अलावा कैटरिंग सेवाएं, छात्रावास, कैंटीन और शवदाह गृह भी एलपीजी की कमी से बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

'केरल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन' के अध्यक्ष जी जयपाल के मुताबिक शुक्रवार तक राज्य में लगभग 40 प्रतिशत रेस्तरां बंद हो गए हैं। इनमें 20 प्रतिशत बृहस्पतिवार को ही बंद हो चुके थे। उन्होंने कहा कि, केंद्र और राज्य सरकारों ने खाना पकाने के वैकल्पिक तरीके अपनाने की सलाह दी है लेकिन होटलों में लकड़ी से खाना बनाना व्यावहारिक नहीं रह गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ निजी एलपीजी आपूर्तिकर्ता सिलेंडर के लिए लगभग दोगुनी कीमत वसूल रहे हैं और पिछले दो दिन में ईंधन लकड़ी की कीमत भी काफी बढ़ गई है। उन्होंने कहा, कासरगोड में हमारे एक सदस्य को 17 किलोग्राम का एलपीजी सिलेंडर 3,000 रुपये में मिला जबकि सामान्य तौर पर 19 किलोग्राम सिलेंडर की कीमत करीब 1,800 रुपये होती है। लकड़ी के दाम भी बहुत बढ़ गए हैं और वैकल्पिक व्यवस्था अपनाना आसान नहीं है।

जयपाल ने कहा कि अगर पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के तुरंत बाद सरकार लोगों को संभावित कमी के बारे में आगाह कर देती, तो स्थिति बेहतर ढंग से संभाली जा सकती थी। कई रेस्तरां मालिक वैकल्पिक व्यवस्था कर लेते। इस सप्ताह की शुरुआत तक सब सामान्य था और अचानक संकट खड़ा हो गया। उद्योग प्रतिनिधियों के अनुसार, यह संकट कैटरिंग सेवाओं को भी प्रभावित कर रहा है जबकि राज्य में शादी का मौसम शुरू होने वाला है।



एलपीजी संकट के बीच नवी मुंबई के बंद पड़े रेस्टोरेंट को देखकर लौटता ग्राहक।

### कैसे हो पाएंगे शादी-ब्याह के समारोह

ऑल केरल कैटरर्स एसोसिएशन के तिरुवनंतपुरम जिले के अध्यक्ष वी सुनुकुमार ने बताया कि 15 मार्च से मलयालम महीने 'मेदम' के साथ शादियां शुरू हो जाएंगी और इस कारण पहले से बुकिंग हो चुकी है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा मुस्लिम समुदाय में रमजान के बाद अगले सप्ताह से निकाह समारोह शुरू होंगे और ईसाई समुदाय का लेंट काल या चालीसा काल अगले महीने की शुरुआत में समाप्त होगा जिसके बाद राज्य भर में अधिक शादियां होंगी।

### छात्रावासों के मेस चलाने में दिक्कत

एलपीजी की कमी से मेस सुविधा वाले छात्रावास भी प्रभावित हुए हैं। कोच्चि के कलूर क्षेत्र में छात्रावास चलाने वाली सुजा ने बताया कि उन्होंने रसोई के लिए लकड़ी का इस्तेमाल शुरू कर दिया है लेकिन शहर में लकड़ी की भी कमी है। इस बीच भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) और सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा ने एलपीजी संकट को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू किया है। तिरुवनंतपुरम में शुक्रवार को बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया गया।

# घर में सिलेंडर खत्म अटल कैंटीन में खाना खाने वालों की भीड़

**नई दिल्ली।** रसोई गैस के घटते भंडार को लेकर दिल्ली के लोगों में चिंताएं बढ़ने लगी हैं। इस कारण राजधानी में अटल कैंटीनों में पहुंचने वाले लोगों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। भीड़ के कारण कई बार अटल कैंटीन में भी भोजन की किल्लत हो जा रही है।

- **भीड़ बढ़ने के कारण कई बार अटल कैंटीन में भी हो रही भोजन की किल्लत**

घरों में एलपीजी सिलेंडर खत्म होने के कारण लोग रोजाना भोजन प्राप्त करने के लिए अटल कैंटीन जा रहे हैं, जिसके कारण इन रियायती सुविधाओं पर अचानक निर्भरता बढ़ गई है। कैंटीनों के बाहर लंबी कतारें लग गई हैं, जिससे कई बार खाद्य पदार्थ खत्म हो जाते हैं। आश्रम की निवासी आभा शेखर ने कहा, मंगलवार से मेरा परिवार दोपहर और रात के खाने के लिए अटल कैंटीन में आ रहा है। मेरे पास खाना बनाने का कोई और विकल्प नहीं है। रोज चक्कर काटने के बाद भी उन्हें सिलेंडर नहीं मिल पाया है। कैंटीन के एक कर्मचारी ने बताया कि पिछले कुछ दिन से सामान्य से अधिक लोग कैंटीन में आ रहे हैं और इस कारण कई बार भोजन की उपलब्धता प्रभावित हुई है। कल रात खाने के लिए लोगों की लाइन सड़क तक पहुंच गई थी।

## शहरी गैस की बिक्री में हो सकती है दस फीसदी की गिरावट: क्रिसिल की रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण प्राकृतिक गैस की आपूर्ति प्रभावित होने से भारत के शहरी गैस वितरण उद्योग (सीजीडी) की दैनिक बिक्री मात्रा जल्द ही आठ से 10 प्रतिशत तक घट सकती है। क्रिसिल रेटिंग्स की रिपोर्ट के अनुसार, इस आपूर्ति बाधा का सबसे अधिक असर तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात पर पड़ा है। यह गैस उद्योग की कुल जरूरत का लगभग 40 प्रतिशत पूरा करती है जबकि बाकी की गैस घरेलू स्रोतों से आती है।

# दार्जिलिंग में चाय उत्पादन गिरा, 55,000 नौकरियों पर खतरा

**कोलकाता।** औद्योगिक एलपीजी की अनुपलब्धता से दार्जिलिंग चाय के उत्पादन में गिरावट आने लगी है। पश्चिम बंगाल जिले में भी कारखानों को आपूर्ति बाधित होने का खतरा मंडराने लगा है। 'दार्जिलिंग टी एसोसिएशन' ने कोलकाता स्थित टी बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन को पत्र लिखकर दार्जिलिंग में 55,000 स्थाई श्रमिकों और उनके परिवारों की आजीविका प्रभावित होने की आशंका जताई है।

**पहले ही मुश्किलों से जूझ रहा है उद्योग, 1990 की तुलना में आधा रह गया है उत्पादन**

एसोसिएशन ने पत्र में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के उस परिपत्र का उल्लेख किया गया है जिसमें सभी सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों को निर्देश दिया गया है कि एलपीजी केवल घरेलू उपभोक्ताओं को ही उपलब्ध कराई जाए। संघ ने आगाह किया कि इस आदेश के कारण चाय बागानों के कारखानों को औद्योगिक एलपीजी उपलब्ध नहीं हो पाएगी जिससे दार्जिलिंग चाय के उत्पादन पर सीधा असर पड़ेगा। पत्र में अनुरोध किया गया है कि केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय से बात कर दार्जिलिंग चाय उद्योग के कारखानों को औद्योगिक एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए।

संघ ने यह भी बताया कि पिछले एक दशक में दार्जिलिंग के चाय बागानों ने अपने कारखानों को कोयला आधारित प्रणाली से बदलकर औद्योगिक एलपीजी पर आधारित प्रणाली में परिवर्तित कर लिया है। यह स्थिति ऐसे समय सामने आई है जब दार्जिलिंग चाय उद्योग पहले ही लंबे समय से उत्पादन संकट से जूझ रहा है। वर्ष 1990 में चाय उत्पादन करीब 1.4 करोड़ किलोग्राम के उच्च स्तर से घटकर 60 लाख किलोग्राम से भी कम रह गया है जबकि 2024 तथा 2025 में उत्पादन ऐतिहासिक रूप से सबसे निचले स्तर पर दर्ज किया गया।

## खाड़ी देशों में ठप हुआ भारतीय सब्जियों का निर्यात किसानों को भारी नुकसान

**मुंबई।** पश्चिमी एशिया में चल रहे युद्ध ने खाड़ी देशों में भारतीय सब्जियों के निर्यात को बुरी तरह बाधित कर दिया है। भारत इन देशों में नींबू, हरी मिर्च, सहजन (मोरिंगा), भिंडी और करेले का बड़े पैमाने पर निर्यात करता है। निर्यात बंद होने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष में भारत ने आठ खाड़ी देशों को लगभग 3.73 लाख टन सब्जियों का निर्यात किया था, जिससे लगभग 1,681 करोड़ रुपये की आय हुई थी। कृषि निर्यातकों का कहना है कि खाड़ी देश भारतीय सब्जियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण बाजारों में हैं क्योंकि वहां बड़ी संख्या में प्रवासी रहते हैं और साल भर ताजी उपज की मांग बनी रहती है।

# रिजर्व बैंक ने बैंकिंग प्रणाली में 50,000 करोड़ रुपये डाले

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को खुले बाजार की गतिविधियों के तहत सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद कर बैंकिंग प्रणाली में 50,000 करोड़ रुपये की नकदी डाली है।

आधिकारिक बयान के मुताबिक, केंद्रीय बैंक ने विभिन्न श्रेणियों के बॉन्ड खरीदे, जिसमें 14,491 करोड़ के 7.41% जीएस 2036 बॉन्ड, 13,006 करोड़ के 6.45% जीएस 2029 बॉन्ड और 8,350 करोड़ रुपये के 6.64% जीएस 2035 बॉन्ड प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके अलावा 2046, 2034, 2032 और 2039 में परिपक्व होने वाली सरकारी प्रतिभूतियों की भी खरीद की गई। इस समय बैंकिंग प्रणाली में लगभग 2.49 लाख करोड़ रुपये की अधिशेष नकदी होने का अनुमान है।

# वैश्विक आर्थिक उथल-पुथल में फंसा बाजार

## डॉलर की मजबूती से पस्त हुए चांदी-सोना, 4% तक गिरे दाम

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में चार प्रतिशत तक की गिरावट आई। डॉलर के मजबूत होने और वैश्विक मौद्रिक नीति को लेकर अनिश्चितता के बीच चांदी गिरकर 2.65 लाख रुपये प्रति किलोग्राम और सोना फिसलकर 1.63 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि चांदी की कीमत में 11,000 रुपये यानी 3.97 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। यह बृहस्पतिवार के बंद भाव 2,76,500 रुपये प्रति किलोग्राम से गिरकर सभी करों सहित 2,65,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। स्थानीय सर्राफा बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में भी 2,000 रुपये यानी 1.21 प्रतिशत की गिरावट आई। यह सभी करों सहित 1,65,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले सत्र में सोने की कीमत 1,65,200 रुपये प्रति 10 ग्राम थी।



## रिकॉर्ड निचला स्तर: रुपया टूटकर 92.30 प्रति डॉलर



**मुंबई।** पश्चिमी एशिया में जारी संघर्ष के बीच कच्चे तेल की कीमतें 101 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच जाने के बीच रुपया शुक्रवार को टूटकर 92.30 प्रति डॉलर के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि डॉलर के मजबूत रुख, विदेशी निवेशकों की भारी बिकवाली और घरेलू शेयर बाजारों में कमजोर रुझान ने रुपये पर और दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 92.33 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 92.47 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया।

## विदेशी मुद्रा भंडार 11.68 अरब डॉलर घटकर 716.81 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार छह मार्च को समाप्त सप्ताह में 11.68 अरब डॉलर घटकर 716.81 अरब डॉलर रह गया। एक सप्ताह पहले देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.885 अरब डॉलर बढ़कर 728.494 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर रहा था। भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, छह मार्च को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 9.88 अरब डॉलर घटकर 563.24 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के रूप में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैरअमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में घट-बढ़ के प्रभाव शामिल होते हैं। स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.61 अरब डॉलर घटकर 130.01 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 14.6 करोड़ डॉलर घटकर 18.72 अरब डॉलर रह गया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 4.5 करोड़ डॉलर घटकर 4.82 अरब डॉलर रह गया।

## रुपये में गिरावट का असर, मर्सिडीज दो प्रतिशत बढ़ाएगी अपने सभी वाहनों की कीमत

**नई दिल्ली।** कार विनिर्माता कंपनी मर्सिडीज-बेंज इंडिया मुद्रा की अस्थिरता और बढ़ती लागत के प्रभाव को कम करने के लिए अप्रैल से अपने वाहन की कीमतों में लगभग दो प्रतिशत की बढ़ोतरी करेगी।

- **ऑडी पहले ही कर चुकी है कीमतें बढ़ाने की घोषणा**

शुक्रवार को मर्सिडीज-बेंज इंडिया के उपाध्यक्ष (बिक्री एवं विपणन) ब्रेंडन सिसिंग ने कहा, मूल्य वृद्धि का फैसला मुख्य रूप से मुद्रा में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव, खासकर रुपये के यूरो के मुकाबले लगातार कमजोर होने और लागत बढ़ने के कारण लिया गया है। उल्लेखनीय है कि बृहस्पतिवार को ऑडी ने भी घोषणा की थी कि वह बढ़ती लागत और रुपये में उतार-चढ़ाव के आंशिक प्रभाव को कम करने के लिए एक अप्रैल से भारत में अपने सभी मॉडल कीमतों में दो प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी।

# एफएसएसएआई का पंजीकरण हमेशा के लिए मान्य

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **नियामक ने किया स्पष्ट, बार-बार नवीनीकृत कराने की जरूरत नहीं**

खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने शुक्रवार को कहा कि उसके पंजीकरण प्रमाणपत्र और लाइसेंस हमेशा के लिए मान्य रहेंगे और उनका नवीनीकरण कराने की जरूरत नहीं होगी। यह कदम कारोबार करने की आसानी को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे सुधारों का हिस्सा है।

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने बताया कि उसके नोडल स्वास्थ्य मंत्रालय ने कई सुधारों को मंजूरी दी है। इनमें पंजीकरण के लिए कारोबार की सीमा को 12 लाख रुपये से बढ़ाकर 1.5 करोड़ रुपये करना शामिल है, जो 10 मार्च से लागू होगा। नगर निगमों में पंजीकृत सड़क किनारे के खाद्य विक्रेता को एफएसएसएआई के साथ भी पंजीकृत माना जाएगा।

एफएसएसएआई ने कहा, मज़बूत खाद्य सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करते हुए कारोबार करने की आसानी को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कई व्यापक नियामक और प्रक्रियागत सुधारों को मंजूरी दी है। ये सुधार राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों और अंशधारकों के साथ विस्तार से चर्चा करने के बाद तय किए गए हैं। ये सुधार, नीति आयोग द्वारा गठित गैर-वित्तीय नियामकीय सुधार पर उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशों के अनुरूप हैं।

# अमेजन इंडिया की हवाई माल ढुलाई सेवा का विस्तार गुवाहाटी-कोलकाता तक

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन इंडिया ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में अपनी सेवाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से अपने समर्पित हवाई मालढुलाई बेड़े 'अमेजन एयर' की सेवाओं का विस्तार गुवाहाटी और कोलकाता तक कर दिया है। अमेजन एयर सेवा की 2023 में शुरुआत के बाद से हैदराबाद, दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में सेवाएं दे रही थी। नया विस्तार होने से माल भेजने की गति लगभग पांच गुना तक बढ़ने की उम्मीद है।

- **पूर्वोत्तर क्षेत्र में कीं सेवाएं मजबूत, पांच गुना बढ़ेगी माल भेजने की गति**

अमेजन के मुताबिक, इस हवाई मालढुलाई सेवा के विस्तार से पूर्वोत्तर के सभी सात राज्यों अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा में आपूर्ति को बढ़ावा मिलेगा। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से गुवाहाटी के लिए पहली अमेजन एयर उड़ान को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर असम के मुख्य सचिव रवि कोटा ने कहा कि गुवाहाटी तक अमेजन एयर सेवाएं शुरू होने से क्षेत्र के विक्रेताओं को देशभर के ग्राहकों से जुड़ने में मदद मिलेगी।

# तेल कीमतों में वृद्धि न हुई तो 7.5% रहेगी जीडीपी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **फिच ने अपनी रिपोर्ट में मामूली तौर पर बढ़ाया भारत की वृद्धि का अनुमान**

रेटिंग एजेंसी फिच ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर का अनुमान शुक्रवार को मामूली रूप से बढ़ाकर 7.5 प्रतिशत कर दिया। हालांकि, यह अनुमान इस शर्त पर है कि ईरान युद्ध के कारण तेल की कीमतों में कोई बड़ी और लंबे समय तक चलने वाली बढ़ोतरी नहीं होगी और तेल की औसत वार्षिक कीमत 70 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर नहीं जाएगी।

फिच रेटिंग्स ने दिसंबर में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। रेटिंग एजेंसी का कहना है कि चालू वित्त वर्ष में घरेलू मांग जीडीपी वृद्धि का सबसे बड़ा कारक रहने वाली है। फिच ने 'ग्लोबल इकोनॉमिक आउटलुक- मार्च 2026' रिपोर्ट में वर्ष 2026 के दौरान विश्व की जीडीपी वृद्धि 2.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। फिच के मुख्य अर्थशास्त्री ब्रायन कुल्टन ने कहा, अगर ऐसी स्थिति आती है कि तेल की कीमतें 100 डॉलर तक पहुंच जाएं और वहां पर टिकी रहें, तो यह वैश्विक आपूर्ति के लिए बहुत बड़ा झटका होगा।

भारत के संबंध में फिच ने कहा कि जनवरी और फरवरी में वास्तविक गतिविधियों के धीमे होने के अस्थाई संकेत मिले हैं, लेकिन अर्थव्यवस्था जुझारू बनी हुई है और ऋण वृद्धि अभी भी दहाई अंकों में है। फिच को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में वृद्धि दर धीमी होगी, क्योंकि बढ़ती मुद्रास्फीति वास्तविक आय को प्रभावित करेगी और उपभोक्ता खर्च की वृद्धि को सीमित करेगी।

## चालू वित्त वर्ष में कोयला उत्पादन 20 करोड़ टन

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में निजी उपभोग और वाणिज्यिक खदानों से कोयला उत्पादन 20 करोड़ टन के आंकड़े को पार कर गया है। कोयला मंत्रालय ने कहा कि इसमें निजी उपभोग वाली खदानों और वाणिज्यिक कोयला खदानों का योगदान 19.41 करोड़ टन रहा।

## बोतलबंद पानी की कीमत में भी होने लगी वृद्धि

**मुंबई।** फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया पैक्ड ड्रिंकिंग वॉटर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें पॉलीमर की लागत को तेजी से बढ़ा रही हैं जिससे प्लास्टिक बोतल की कीमत बढ़ रही है। अंततः इसका असर बोतलबंद पानी की कीमत पर पड़ रहा है।

पॉलीमर कच्चे तेल से प्राप्त होता है और बोतलबंद पानी के लिए उपयोग की जाने वाली प्लास्टिक की बोतलों के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण कच्चा माल होता है। एसोसिएशन के अनुसार, प्लास्टिक बोतलों के निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री की कीमत में 50% का उछाल आया है।

## ब्रेंट क्रूड बनाम डब्ल्यूटीआई

इन दिनों अमेरिका-ईरान युद्ध ने दुनिया के सामने क्रूड ऑयल यानी कच्चे तेल के कई अहम पहलुओं को रखा है। क्रूड ऑयल का इतिहास 30 करोड़ साल पुराना है। प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले अपरिष्कृत तेल को क्रूड ऑयल कहते हैं। यह काले रंग का गाढ़ा द्रव होता है अर्थात यह एक तरह का डार्क हाइड्रोकार्बन पदार्थ है जो कि विश्व में जमीन और समुद्र के अंदर मिलता है। इस क्रूड ऑयल को निकालने के बाद विभिन्न रिफाइनरियों में मशीनों से परिष्कृत किया जाता है। इसमें पेट्रोल, डीजल, केरोसिन, नेचुरल गैस, ल्यूब्रिकेंट और वेसलीन आदि प्राप्त होता है। क्रूड ऑयल की इकाई बैरल हैं। एक बैरल 159 लीटर का होता है। दुनिया के बाजार में दो प्रमुख बेंचमार्क हैं। पहला है ब्रेंट क्रूड ऑयल और दूसरा वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई)। वैश्विक तेल कीमतों को समझने में इन दोनों मानकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

# तेल बाजार के प्रमुख मानक




### मूल्य निर्धारण

इन दोनों की कीमतों के अंतर को ब्रेंट-डब्ल्यूटीआई स्प्रेड कहा जाता है। यह अंतर वैश्विक मांग-आपूर्ति, उत्पादन बाधाओं और भू-राजनीतिक घटनाओं के कारण बदलता रहता है।

### ब्रेंट और डब्ल्यूटीआई में अंतर

- ब्रेंट क्रूड ऑयल को नार्वे और यूनाइटेड किंगडम ब्रिटे के पास नॉर्थ सी से निकाला जाता है जबकि डब्ल्यूटीआई बेंचमार्क वाले तेल को अमेरिकी तेल के कुओं से निकाला जाता है। दोनों को ही कम सल्फर वाला होने से हल्का और स्वीट कहा जाता है। यानी रिफाइनरियों में इनका परिशोधन आसान होता है।
- ब्रेंट क्रूड ऑयल का मूल्य ओपेक द्वारा उपयोग किया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय बेंचमार्क है, डब्ल्यूटीआई क्रूड मूल्य अमेरिकी तेल की कीमतों के लिए एक बेंचमार्क है। ब्रेंट क्रूड का वायदा कारोबार लंदन में इंटरकांटिनेंटल एक्सचेंज में जबकि डब्ल्यूटीआई का वायदा कारोबार न्यूयॉर्क मर्केंटाइल एक्सचेंज में किया जाता है।
- दुनिया भर के दो तिहाई क्रूड कॉन्ट्रैक्ट इसी ब्रेंट क्रूड ऑयल बेंचमार्क में तय किए जाते हैं जबकि डब्ल्यूटीआई का व्यापार मुख्य रूप से केवल अमेरिका में किया जाता है। यही इन दोनों में मुख्य फर्क है।

### ब्रेंट क्रूड ऑयल क्या है?

ब्रेंट क्रूड ऑयल उत्तरी सागर से निकाले जाने वाले तेल का मिश्रण है, जिसमें ब्रेंट, फोर्टिस, ओसबर्ग और इकोफिस्क जैसे तेल क्षेत्र शामिल होते हैं। ब्रेंट को यूरोप, मध्य पूर्व और अफ्रीका के बाजारों के लिए प्रमुख बेंचमार्क माना जाता है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी कीमतों को व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाता है।

### डब्ल्यूटीआई तेल क्या है?

वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) अमेरिका में मुख्य रूप से टेक्सास, लुइसियाना और नॉर्थ डकोटा जैसे क्षेत्रों से निकाला जाता है। इसका उपयोग अधिकतर गैसोलीन के उत्पादन में किया जाता है। डब्ल्यूटीआई को अमेरिकी तेल बाजार का प्रमुख बेंचमार्क माना जाता है।

**स्पष्टीकरण** | वाणिज्य मंत्रालय ने साफ की स्थिति, द्विपक्षीय वार्ता रुक जाने के दावों को किया खारिज

# भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर जारी है बातचीत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत का सिलसिला जारी है। मंत्रालय ने व्यापार समझौते पर द्विपक्षीय बातचीत रुक जाने का दावा करने वाली खबरों को खारिज करते हुए यह बात कही। दोनों देशों के मुख्य वार्ताकारों को द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के कानूनी मसौदे को अंतिम रूप देने के लिए पिछले महीने वाशिंगटन में मिलना था। लेकिन अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा अमेरिकी प्रशासन के जवाबी शुल्कों को रद्द करने के बाद इस मुलाकात को स्थगित कर दिया था।



वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, अमेरिका के साथ चल रही व्यापार वार्ता के संबंध में एक मीडिया रिपोर्ट उसकी जानकारी में आई है। इस बात का खंडन किया जाता है कि द्विपक्षीय बातचीत में कोई ठहराव आया है। दोनों पक्ष व्यापार समझौते के लिए संपर्क में बने हुए हैं। भारत सरकार की यह टिप्पणी इस लिहाज से महत्वपूर्ण है कि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) ने 11 मार्च को भारत और चीन समेत 16 अर्थव्यवस्थाओं की नीतियों एवं औद्योगिक प्रथाओं को लक्षित करते हुए धारा 301 के तहत व्यापार जांच शुरू की है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भी इन खबरों को पूरी तरह नकारते हुए कहा कि इनका कोई आधार नहीं है। गोयल ने यहां 'एनएक्सटी शिखर सम्मेलन 2026' में कहा, हमारा अमेरिका के साथ बहुत अच्छा व्यापार समझौता है। हम अपने सभी संवेदनशील क्षेत्रों की रक्षा करने में सफल रहे हैं। उन्होंने इस समझौते को बेहद शक्तिशाली बताते हुए कहा कि यह भारत को दुनिया का डेटा सेंटर बनाने में मदद करेगा क्योंकि इससे अमेरिका से बेहतरीन तकनीक प्राप्त होगी।

## अगले महीने लागू हो सकता है भारत-ब्रिटेन एफटीए

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) मध्य अप्रैल से लागू हो सकता है। भारत-ब्रिटेन ने 24 जुलाई 2025 को व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) पर हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत भारत के 99% निर्यात पर ब्रिटेन में कोई शुल्क नहीं लगेगा, जबकि ब्रिटेन के कुछ उत्पादों जैसे कार और व्हिस्की पर भारत में लागू शुल्क कम कर दिए जाएंगे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### मध्य तुर्किये में आया 5.5 तीव्रता का भूकंप

**अंकारा।** मध्य तुर्किये में मध्यम तीव्रता का भूकंप आया। तुर्किये की आपातकालीन सेवा ने यह जानकारी दी। भूकंप के झटकों के बाद कुछ निवासी अपने-अपने घरों से निकल कर सड़कों पर आ गए। हालांकि भूकंप से किसी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी-एएफएडी के अनुसार, 5.5 तीव्रता के भूकंप का केंद्र तोकात प्रांत के निकसर शहर में 6.4 किलोमीटर की गहराई में था। एएफएडी ने बताया कि भूकंप के झटके बृहस्पतिवार देर रात तीन बजकर 35 मिनट पर आए और कई प्रांतों में महसूस किए गए। तुर्किये भूकंप संभावित क्षेत्रों में आता है और यह प्रमुख 'फॉल्ट लाइन' के शीर्ष पर स्थित है, जहां भूकंप आते रहते हैं।

### क्यूबा में विभिन्न जेलों से रिहा होंगे 51 कैदी

**हवाना।** क्यूबा सरकार ने गुरुवार रात को एक अप्रत्याशित कदम के तहत देश की विभिन्न जेल से 51 लोगों को रिहा करने की घोषणा की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि आगामी दिनों में की जाने वाली यह रिहाई सद्भावना और वेटिकन के साथ करीबी संबंधों से प्रेरित है। सरकार ने यह नहीं बताया कि वह किन लोगों को रिहा करेगी। उसने सिर्फ इतना कहा कि रिहा किए जाने वाले सभी लोगों ने अपनी सजा का एक बड़ा हिस्सा पूरा कर लिया है और जेल में उनका आचरण अच्छा था। सरकार ने कहा कि उसने 2010 से अब तक 9,905 कैदियों को क्षमादान दिया है। उसने यह भी कहा कि पिछले तीन वर्ष में कारावास की सजा पाने वाले 10,000 अन्य लोगों को रिहा किया गया है। क्यूबा ने जनवरी 2025 में वेटिकन के साथ बातचीत के बाद 500 से अधिक कैदियों को समय-समय पर रिहा करने के सरकारी फैसले के तहत विपक्ष के प्रमुख नेता जोस डेनियल फेरर को रिहा कर दिया।

### श्रीलंका ने 45 ईरानी नाविकों के शव सौंपे

**कोलंबो।** श्रीलंका ने इस द्वीप देश के तट पर एक ईरानी युद्धपोत पर हुए हमले में मारे गए 45 नाविकों के शव शुक्रवार को ईरान के दूतावास को सौंप दिए। मुख्य मजिस्ट्रेट समीरा डोडंगोडा ने गाले बंदरगाह पुलिस के अनुरोध के बाद 11 मार्च को करापितिया स्थित राष्ट्रीय अस्पताल के निदेशक को यह आदेश दिया। पिछले बुधवार को श्रीलंका ने कहा था कि उसने अमेरिकी पनडुब्बी हमले में द्वीप के दक्षिणी तट पर गाले के पास डूबे ईरानी पोत आईआरआईएस देना से 84 शव बरामद किए हैं।

# फर्जी मेडिकल वीजा पर रह रहे दस बांग्लादेशियों को दबोचा

नई दिल्ली, एजेंसी

- वैध यात्रा दस्तावेज न होने के बावजूद बुल्गारिया के लिए वीजा लेने का कर रहे थे प्रयास

दिल्ली के बाहरी इलाके में एक विशेष सत्यापन अभियान के दौरान फर्जी मेडिकल वीजा का इस्तेमाल करके भारत में अवैध रूप से रह रहे 10 बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया गया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि आरोपी अपने वीजा की अवधि समाप्त होने के बावजूद दिल्ली में रह रहे थे और भारत में रहने के लिए वैध यात्रा दस्तावेज न होने के बावजूद वे बुल्गारिया के लिए मेडिकल वीजा प्राप्त करने का कथित तौर पर प्रयास कर रहे थे।

पुलिस को विशिष्ट जानकारी मिली थी कि कुछ संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक अपने वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी उस क्षेत्र में रह रहे थे। पीरागढ़ी चौक में छह मार्च को उनकी मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। संदिग्धों ने सत्यापन से बचने के लिए भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस टीम ने उन्हें रोक लिया। पूछताछ करने पर इनमें से कोई भी व्यक्ति वैध पहचान पत्र या यात्रा दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। बाद में सत्यापन से पता चला कि उनके पासपोर्ट और वीजा की वैध तिथि समाप्त हो चुकी थी, जिससे देश में उनका अवैध रहना सिद्ध हो गया।

## इच्छा मृत्यु का अधिकार

भारत के कानूनी इतिहास में 11 मार्च 2026 की तारीख एक मील के पत्थर के रूप में दर्ज हो गई है। सुप्रीम कोर्ट ने 13 साल से कोमा में पड़े 32 वर्षीय युवक हरीश राणा को पैसिव यूथेनेशिया यानी निष्क्रिय इच्छा मृत्यु की अनुमति देकर एक मिसाल पेश की है। गाजियाबाद के रहने वाले हरीश 2013 में एक चौथी मंजिल से गिरने के बाद गंभीर दिमागी चोट का शिकार हुए थे और तब से पूरी तरह बिस्तर पर कृत्रिम पोषण के सहारे जीवित थे। उनके माता-पिता ने कोर्ट से अपने बेटे के लिए सम्मानजनक मृत्यु की गुहार लगाई। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने मानवीय गरिमा और चिकित्सा विज्ञान की सीमा को ध्यान में रखते हुए फैसला सुनाया। कोर्ट ने माना कि मशीनों के भरोसे दर्दनाक जीवन को जारी रखना व्यक्ति की गरिमा के खिलाफ है।

## मानवीय या अमानवीय



### अन्य देशों में स्थिति

नीदरलैंड में सक्रिय और निष्क्रिय दोनों प्रकार की इच्छा मृत्यु मान्य है। बेल्जियम में बच्चों तक के लिए कुछ परिस्थितियों में अनुमति है। कनाडा और स्विट्जरलैंड में भी मान्य है।

### आवेदन की प्रक्रिया

- लिविंग विल : व्यक्ति स्वस्थ रहते हुए एक 'एडवांस मेडिकल डायरेक्टिव' लिख सकता है कि भविष्य में ऐसी स्थिति आने पर उसे लाइफ सपोर्ट न दिया जाए।
- मेडिकल बोर्ड का गठन : यदि कोई 'लिविंग विल' नहीं है, तो अस्पताल को एक प्राइमरी मेडिकल बोर्ड बनाना होगा, जो मरीज की स्थिति की जांच करेगा।
- सेकेंडरी मेडिकल बोर्ड : इसके बाद जिला कलेक्टर या संबंधित अधिकारी द्वारा एक दूसरा मेडिकल बोर्ड गठित किया जाएगा जो प्राइमरी बोर्ड की रिपोर्ट की पुष्टि करेगा।
- न्यायिक पुष्टि : मजिस्ट्रेट या कोर्ट को रिपोर्ट पर सहमति देनी होती है।

### क्या कहता है देश का संविधान

- भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 कहता है कि किसी भी व्यक्ति को उसके जीवन या व्यक्तिगत स्वतंत्रता से कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अनुसार ही वंचित किया जाएगा।
- ऐतिहासिक बदलाव : 1996 के 'ज्ञान कौर बनाम पंजाब राज्य' मामले में कोर्ट ने कहा था कि जीने के अधिकार में मरने का अधिकार शामिल नहीं है।
- नया मोड़ : 2018 में 'कॉमन कॉज बनाम भारत संघ' मामले में 5 जजों की संवैधानिक बेंच ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए कहा कि 'गरिमापूर्ण मृत्यु' अनुच्छेद 21 के तहत एक मौलिक अधिकार है।
- पैसिव यूथेनेशिया बनाम एक्टिव यूथेनेशिया : भारत में केवल पैसिव यूथेनेशिया (इलाज या लाइफ सपोर्ट रोककर मौत होने देना) वैध है। एक्टिव यूथेनेशिया (इंजेक्शन या किसी दवा के जरिए जान लेना) अभी भी अपराध है।

### अब तक क्यों नहीं लिया था कड़ा निर्णय

- दुरुपयोग का डर : कोर्ट को हमेशा यह डर रहा है कि विरासत या संपत्ति के लालच में परिवार के लोग इस प्रावधान का गलत इस्तेमाल कर सकते हैं।
- अरुणा शानबाग मामला (2011) : इस मामले में कोर्ट ने पैसिव यूथेनेशिया को सैद्धांतिक मंजूरी तो दी थी, लेकिन अरुणा के मामले में अनुमति नहीं दी क्योंकि वह खुद सांस ले रही थीं और उन्हें लाइफ सपोर्ट की जरूरत नहीं थी।
- जटिल प्रक्रिया : 2018 के दिशा-निर्देश इतने कठिन थे कि उन्हें लागू करना व्यावहारिक रूप से असंभव था। हालांकि, 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने इन नियमों को थोड़ा सरल बनाया, जिससे अब आवेदन करना आसान हुआ है।

# पूर्वोत्तर में स्थायी शांति ले आई भाजपा कांग्रेस ने स्वार्थी हितों को ऊपर रखा

## प्रधानमंत्री मोदी ने गुवाहाटी में कहा, पूर्वोत्तर में अब गोली-बम की अवाज बीते दिनों की बात

- कहा-अब शांति एवं विकास का नया अध्याय लिख रहा असम

गुवाहाटी, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि पूर्वोत्तर में बमों और गोलीबारी की आवाज अब बीते दिनों की बात हो गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने इस क्षेत्र में दीर्घकालिक शांति सुनिश्चित की, जबकि कांग्रेस ने स्वार्थ केंद्रित राजनीतिक हितों के लिए विभिन्न समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

बारिश के कारण यात्रा कार्यक्रम में बाधा आने के बाद गुवाहाटी से डिजिटल माध्यम से असम के कोकराझार जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि राज्य डबल इंजन सरकार के तहत शांति एवं विकास का एक नया अध्याय लिख रहा है। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने स्वदेशी लोगों की जमीन घुसपैठियों को सौंपकर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने का काम किया। उन्होंने कहा, आगामी चुनावों में कांग्रेस को दंडित करें और यह स्पष्ट संदेश दें कि इस देश में घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं है। असम विधानसभा की 126 सीट के लिए चुनाव अप्रैल में होने की संभावना है। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस



असम के गुवाहाटी में राज्य की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, इस मौके पर असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य और मुख्यमंत्री हेमंत बिश्व शर्मा भी मौजूद रहे।

हमेशा घुसपैठियों के साथ मिलीभगत करती रही है और उसने राज्य की मूल आबादी को कभी कानूनी रूप से भूमि अधिकार नहीं दिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आदिवासी भूमि घुसपैठियों को सौंप दी, और धुबरी तथा गोलपारा जैसे जिलों में स्थिति गंभीर थी, जिससे कोकराझार की जनसांख्यिकी प्रभावित हुई। प्रधानमंत्री ने कहा, "मुझे खुशी है कि मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा अतिक्रमण मुक्त भूमि के लिए एक बड़ा अभियान चला रहे हैं और भाजपा सरकार ने आदिवासी लोगों को उनके अधिकार सौंप दिए हैं। मैं इस संबंध में सहयोग देने के लिए आदिवासी समुदायों के लोगों का भी आभारी हूं।

मोदी ने कहा कि कोकराझार दशकों से कांग्रेस के विश्वासघात का साक्षी रहा है, क्योंकि विपक्षी कांग्रेस ने झूठे वादे किए थे। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने दिखावे और स्वार्थी हितों के लिए शांति समझौतों पर हस्ताक्षर किए, लेकिन भाजपा ने स्थायी शांति के लिए काम किया और बोडोलैंड का विकास सुनिश्चित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि बोडोलैंड की पहाड़ियां दशकों तक बंदूकों और बम धमाकों की आवाजों से गूंजती रहीं, लेकिन अब वे दिन बीत चुके हैं, और यह शांति एवं विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, इन वर्षों में लोगों ने बहुत कष्ट झेला है और बहुत कुछ खोया है... हमने वे कठिन दिन देखे हैं, लेकिन अब 'खाम' (ढोल) की थाप और सिफोंग (बांसुरी) की मधुर आवाज सुनाई देती है। मोदी ने कहा, जब जनता ने राज्य और केंद्र दोनों से कांग्रेस को सत्ता से हटाया, तभी हम ईमानदारी और निष्ठा से इस क्षेत्र का विकास शुरू कर पाए।

### कांग्रेस को बताया झूठे वादों की दुकान

राहुल गांधी के नारे मोहब्बत की दुकान का स्पष्ट जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस झूठे वादों की दुकान है, और एक झूठ के साथ यह चार और बड़े झूठ उपहार में देती है, क्योंकि उनका कोई भी वादा पूरा करने का इरादा नहीं है। जबकि डबल इंजन सरकार का मॉडल जनता के सामने है और किए गए सभी वादों को पूरा करने के लिए ईमानदारी से प्रयास किए जा रहे हैं। मोदी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र (बीटीआर) के तीव्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

# सरकार की अपील, रसोई गैस की न करें घबराहट में बुकिंग

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार ने कहा-जहां संभव हो सके पीएनजी लें



सरकार ने शुक्रवार को एक बार फिर देशवासियों से अपील की कि वे रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल को लेकर घबराहट में न आएं क्योंकि देश में इनका पर्याप्त भंडार है। साथ ही कहा कि जो लोग अभी सिलेंडर का इस्तेमाल कर रहे हैं और उनके आसपास पाइप से आपूर्ति की जाने वाली पीएनजी की लाइन है वे शीघ्र इसके कनेक्शन के लिए आवेदन करें। सिलेंडर बुकिंग को लेकर लोगों से सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा गया है कि वे तेल वितरण कंपनियों की आधिकारिक वेबसाइट से ही सिलेंडर की बुकिंग करें क्योंकि कुछ डिजिटल स्कैमर इस स्थिति का गलत फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं।

सिलेंडरों की कालाबाजारी और जमाखोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है और राज्यों से सिलेंडर आपूर्ति की निगरानी करने को कहा गया है। वैकल्पिक ईंधन के रूप में केरोसिन के इस्तेमाल को बढाने के लिए भी उचित कदम उठाये गये हैं। सरकार ने कहा है कि पश्चिम एशियाई देशों से उडानों के संचालन में निरंतर सुधार हो रहा है और वहां से अब तक डेढ लाख भारतीय स्वदेश लौट चुके हैं। विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने पश्चिम एशिया की स्थिति के बारे में बुलाये गये संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार ईरान के नेताओं से लगातार संपर्क में है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार रात को ईरान के राष्ट्रपति के साथ फोन पर बातचीत कर वहां की स्थिति और वहां रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के बारे में बात की है। विदेश मंत्री डा एस जयशंकर ने भी अपने ईरानी समकक्ष के साथ द्विपक्षीय मुद्दों और ब्रिक्स देशों से जुड़े मुद्दों पर बातचीत की है। सरकार स्थिति पर निरंतर नजर बनाए हुए है और सभी जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं।

### देश में रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध

पेट्रोलिय मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में रसोई गैस और पेट्रोल डीजल पर्याप्त मात्रा में है। पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल डीजल की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि हर रोज की औसतन पचास लाख सिलेंडर की बुकिंग की तुलना में हड़बड़ी के कारण अभी 75 लाख सिलेंडर की बुकिंग हो रही है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील की कि वे इस तरह की हड़बड़ी न करें और जिन लोगों के आसपास पाइप से आपूर्ति की जाने वाली पीएनजी की लाइन उपलब्ध है वे शीघ्र इसके कनेक्शन के लिए आवेदन करें। उन्होंने कहा कि देश में पीएनजी की कोई कमी नहीं है और 60 लाख परिवार तुरंत पीएनजी पर 'शिफ्ट' हो सकते हैं।

# भ्रामक सूचना फैलाने के मामले को नहीं सुनेगी सुप्रीम अदालत

नई दिल्ली, एजेंसी



- तिरुमला लड्डू विवाद : याचिका में सुप्रीम कोर्ट से की गई थी कार्रवाई करने की मांग

उच्चतम न्यायालय ने तिरुमला लड्डू विवाद के बारे में पोस्टर या सार्वजनिक बयानों के माध्यम से कथित तौर पर गलत सूचना फैलाने वाले व्यक्तियों या संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश देने संबंधी याचिका पर सुनवाई करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। न्यायालय ने चार अक्टूबर 2024 को पांच-सदस्यीय एक स्वतंत्र विशेष जांच दल का गठन किया था, ताकि तिरुपति में लड्डू बनाने में पशु चर्बी के इस्तेमाल के आरोपों की जांच की जा सके और करोड़ों लोगों की भावनाओं को शांत किया जा सके।

शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया था कि अदालत को राजनीतिक युद्धक्षेत्र के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि इस सिलसिले में आपराधिक मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि आप विशेषज्ञ क्यों बन गए हैं जाइए और अधिकारियों को बता दीजिए। सीजेआई ने कहा कि जांच एजेंसी को जो भी पता चलता है, उसे संबंधित अदालत के सामने रखा जाएगा। पीठ ने यह भी कहा कि यह याचिका कुछ और नहीं, बल्कि उन संदिग्धों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले में बचाव पक्ष की दलील को मजबूत करने का एक प्रयास है। हम इस याचिका को सुनने के पक्ष में नहीं हैं, खासकर तब, जब जांच जारी है।

# पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के कई शहरों में रिहायशी इलाकों में किए हवाई हमले

काबुल, एजेंसी

- हमलों में चार लोगों की मौत, इमारतों और बुनियादी ढांचे को हुआ भारी नुकसान

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव एक बार फिर हिंसक मोड़ ले चुका है। अफगान सरकार के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने शुक्रवार तड़के जानकारी दी कि पाकिस्तानी वायुसेना ने अफगानिस्तान के कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर हवाई हमले किए हैं। इन हमलों में नागरिक ठिकानों और बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है। चार नागरिकों की मौत की भी सूचना है।

सरकारी प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद के अनुसार, पाकिस्तानी बलों ने अफगानिस्तान के कई प्रमुख प्रांतों और शहरों को निशाना बनाया, जिनमें राजधानी काबुल, कंधार और पक्तिया शामिल हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर दावा किया कि कुछ स्थानों पर पाकिस्तानी बमवर्षकों ने सीधे तौर पर रिहायशी घरों को निशाना बनाया। इन हमलों में महिलाओं और बच्चों के मारे जाने की भी सूचना है। हालांकि, कुछ हमले खाली रेगिस्तानी और निर्जन क्षेत्रों में भी हुए हैं। इस सैन्य कार्रवाई में एक बड़ा आर्थिक नुकसान कंधार में हुआ है।

मुजाहिद के अनुसार, पाकिस्तानी वायुसेना ने कंधार अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास स्थित निजी एयरलाइन 'कम एयर' के एक ईंधन डिपो पर हमला किया, जिससे हवाई अड्डे के आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। यह ताजा हमला पिछले कुछ दिनों से जारी सीमा विवाद और हमलों की श्रृंखला का हिस्सा है।

### अफगानिस्तान में दो अमेरिकी नागरिक गिरफ्तार

**काबुल।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने दो अमेरिकी नागरिकों को हिरासत में लिए जाने की शुक्रवार को पुष्टि की। सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद के अनुसार इन दोनों व्यक्तियों को स्थानीय कानूनों का उल्लंघन करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। स्थानीय समाचार चैनल टोलो न्यूज़ को दिए एक साक्षात्कार में मुजाहिद ने स्पष्ट किया कि इन अमेरिकी नागरिकों की गिरफ्तारी अफगान कानून तोड़ने के कारण हुई है।

# ग्रेट इंडियन बस्टर्ड ने दो चूजे जन्में, इनकी संख्या 70 हुई

**नई दिल्ली।** लुप्तप्राय प्रजाति संरक्षण की सरकार की कैप्टिव ब्रीडिंग प्रोग्राम परियोजना के तहत ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (गोडावण) ने दो नए चूजों को जन्म दिया है जिससे इन पक्षियों की कुल संख्या बढ़कर 70 पहुंच गई है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी देते हुए बताया कि सरकार की ग्रेट इंडियन बस्टर्ड कैप्टिव ब्रीडिंग प्रोग्राम परियोजना के चौथे वर्ष में प्रवेश करने के साथ ही इस लुप्तप्राय पक्षी ने इस सप्ताह राजस्थान के संरक्षण प्रजनन केंद्र में दो नए चूजों को जन्म दिया है।

# अंबाला में आरडीक्स बरामद बाइक सवार 3 लोग गिरफ्तार

**अंबाला।** हरियाणा के अंबाला जिले के बराड़ा क्षेत्र में शुक्रवार को पुलिस ने संदिग्ध विस्फोटक बरामद किया। सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत मौके पर पहुंच गईं। एहतियात के तौर पर बराड़ा रोड को पूरी तरह बंद कर दिया गया है और आसपास के इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पुलिस ने बाइक सवार तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके बैग से संदिग्ध विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। मौके पर स्पेशल टास्क फोर्स और बम निरोधक दस्ता पहुंचकर जांच में जुट गए हैं।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज व्यर्थ के खर्चों पर नियंत्रण कर पाने में सफल रहेंगे। नए प्रयोग कर सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों को सम्मान मिल सकता है।

**तुला** — आज अचानक आपके काम बिगड़ सकते हैं। भविष्य को लेकर मन आशंकित रहेगा। सहकर्मियों के प्रति मन में द्वेष पनप सकता है।

**वृष** — आज अधिकारियों का विश्वास आपके ऊपर कम रहेगा। व्यापार में बड़ी डील की संभावना है। मन में स्वार्थ की भावना न आने दें।

**वृश्चिक** — आज इंटरव्यू में सफलता मिलेगी। विरोधी आपके सामने कमजोर पड़ जाएंगे। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ा पद मिल सकता है।

**मिथुन** — आज जीवनसाथी की सलाह लेकर निर्णय लेना हितकर होगा। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ा चिंतित हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** — आज आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। दूसरों पर अधिक निर्भर न रहें। माता-पिता की सलाह लेना उत्तम होगा।

**कर्क** — आज घर में कोई बड़ा आयोजन कर सकते हैं। व्यवसाय में खर्च नियंत्रित रखने का प्रयास करेंगे। पिता के व्यवहार से निराश हो सकते हैं।

**मकर** — आज आपकी सलाह से लोगों को लाभ होगा। सभी कार्य बिना रुकावट के पूर्ण होंगे। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे।

**सिंह** — आज परिजन आपसे प्रसन्न रहेंगे। धर्म-कर्म पर धन खर्च होगा। बिगड़े हुए संबंधों को सुधारने का प्रयास करें।

**कुंभ** — आज महत्वपूर्ण कार्य लंबित हो सकते हैं। सरकारी कार्यों में दस्तावेजों के कारण समस्या हो सकती है। मित्रों से विवाद न करें।

**कन्या** — आज घरेलू वातावरण सामान्य रहेगा। उधार दिया हुआ धन परेशानी खड़ी कर सकता है। गंभीर विषय पर चिंतन कर सकते हैं।

**मीन** — आज आर्थिक मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे। पुराने निवेश से आपको लाभ होगा।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 14 मार्च, शनिवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, दशमी 08.10 तक तत्पश्चात एकादशी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।

**चन्द्रबल**-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।

**ताराबल**-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**- उत्तराषाढ़ा 15 मार्च 04.49 तक तत्पश्चात श्रवण।

### सुडोकू - 87 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 | 1 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 2 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 | 6 |
| 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 4 | 6 | 1 | 9 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 5 | 7 | 4 | 3 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 9 | 8 | 6 | 5 | 2 | 7 |
| 5 | 2 | 1 | 8 | 6 | 9 | 7 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 2 | 1 | 3 | 8 | 6 | 5 |
| 3 | 6 | 8 | 7 | 4 | 5 | 2 | 9 | 1 |

### सुडोकू -88

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 4 | 2 | | |
| | 8 | | | | 5 | | 1 | |
| | | | | | | 6 | | 9 |
| | 5 | | | 3 | 2 | 1 | | |
| 6 | | | | | | | | 8 |
| | | 1 | 7 | 9 | | | 2 | |
| 2 | | | | | | | 6 | |
| | 9 | | 1 | | | | 7 | |
| | 6 | 7 | | | | | 4 | |

**जांच अभियान** — 597 करोड़ रुपये के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक घोटाले में केंद्रीय एजेंसी की बड़ी कार्रवाई

# ईडी ने की पांच शहरों में छापेमारी, 90 बैंक खाते फ्रीज किए

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक से जुड़े 597 करोड़ रुपये के घोटाले के मामले में शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए चंडीगढ़, मोहाली, पंचकूला, गुरुग्राम और बेंगलुरु में कुल 19 ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया।

तलाशी के दौरान ईडी ने 90 से अधिक बैंक खातों को फ्रीज कर दिया और डिजिटल व दस्तावेजी रूप में कई अहम सबूत जब्त किए हैं। मामले में आगे की जांच जारी है। ईडी के चंडीगढ़ जोनल कार्यालय के अनुसार यह मामला हरियाणा सरकार, नगर निगम चंडीगढ़ और अन्य सरकारी खातों के 597 करोड़ रुपये के गबन से जुड़ा है। यह राशि बैंक में फिक्स्ड डिपॉजिट के रूप में जमा की जानी थी, लेकिन आरोप है कि संबंधित लोगों ने बिना अनुमति सरकारी धन को दूसरी जगहों पर डायवर्ट कर दिया। तलाशी अभियान में पूर्व बैंक कर्मचारी रिभव ऋषि और अभय कुमार, उनके परिजनों तथा लाभार्थी शेल कंपनियों को शामिल किया गया। जांच के दायरे में स्वास्तिक देश प्रोजेक्ट्स, कैपको फिनटेक सर्विसेज, मां वैभव लक्ष्मी इंटीरियर्स और एसआरआर प्लानिंग गुरुस प्राइवेट लिमिटेड जैसी कंपनियां भी आईं। इसके अलावा सावन ज्वेलर्स और रियल एस्टेट डेवलपर विक्रम वाधवा तथा उनकी व्यावसायिक इकाइयों पर भी छापे मारे गए। ईडी ने यह जांच प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत शुरू की है। यह कार्रवाई हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, पंचकूला द्वारा फरवरी 2026 में दर्ज एफआईआर के आधार पर की गई थी।

### सरकारी धन को कई शेल कंपनियों के माध्यम से छिपाने की हुई कोशिश

जांच में हरियाणा के विकास एवं पंचायत विभाग के बैंक खाते में बैलेंस में गड़बड़ी सामने आई थी, जो आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में संचालित थे। ईडी के अनुसार, आरोपियों ने सरकारी धन को कई शेल कंपनियों के माध्यम से घुमाकर छिपाने (लेयरिंग) की कोशिश की। इस पूरे घोटाले में स्वास्तिक देश प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड नामक शेल कंपनी के जरिए सबसे पहले बड़ी रकम को डायवर्ट किया गया। इस कंपनी के साझेदार स्वाति सिंगला और अभिषेक सिंगला बताए गए हैं। इसके बाद धन को ज्वेलर्स के बैंक खातों के जरिए आगे भेजा गया, ताकि फर्जी बिलिंग के माध्यम से सोने की खरीद का भ्रम पैदा किया जा सके। ईडी के अनुसार यह घोटाला पिछले एक वर्ष के दौरान पूर्व बैंक कर्मचारियों की मदद से अंजाम दिया गया।

# इसरो ने किया क्रायोजेनिक इंजन का सफल परीक्षण

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपने क्रायोजेनिक इंजन सीई20 का 22-टन थ्रस्ट क्षमता के साथ सफल परीक्षण किया है। इसरो ने बताया कि क्रायोजेनिक इंजन सीई20 में नोजल प्रोटेक्शन सिस्टम और एक मल्टी-एलिमेंट इग्नाइटर का उपयोग करके 10 मार्च को समुद्र तल के स्तर पर सफल परीक्षण किया गया। इससे पहले, एनपीएस का उपयोग करते हुए 19-टन थ्रस्ट क्षमता वाले परीक्षण किए जा रहे थे। सीई20 क्रायोजेनिक इंजन एलवीएम3 प्रक्षेपण वाहन के ऊपरी क्रायोजेनिक चरण को शक्ति प्रदान करता है।



“रोहित शर्मा इस समय सबसे फिट, सबसे तेज और शायद सबसे मजबूत खिलाड़ी हैं। तर्क के हिसाब से, अगर आप फिट हैं, तो आपको पूरा मैच खेलना चाहिए, न कि सब्स्टिट्यूट होना चाहिए। खासकर तब, जब आप दूसरी पारी में बैटिंग कर रहे हों।

–आकाश चोपड़ा

# स्टेडियम

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, शनिवार, 14 मार्च 2026

हाईलाइट

## एआईएफएफ के पूर्व महासचिव कुशल दास का निधन

**नई दिल्ली।** अनुभवी प्रशासक और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के पूर्व महासचिव कुशल दास का शुक्रवार को निधन हो गया। वह 66 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटे है। दास ने भारत में 2017 फीफा अंडर-17 विश्व कप के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने 2022 में स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा देने से पहले 12 वर्षों तक एआईएफएफ के महासचिव पद पर कार्य किया। फुटबॉल प्रशासन से 2010 में जुड़ने से पहले दास अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधन समूह (आईएमजी) इंडिया में मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने दिल्ली के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। यह जानकारी शाजी प्रभाकरन ने दी।

## केकेआर ने जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग से करार किया

**कोलकाता।** तीन बार की चैंपियन कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग सत्र से पहले शुक्रवार को जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी से करार करने की घोषणा की। मुजरबानी पाकिस्तान सुपर लीग से हट गए हैं जो इसी समय चलेगी। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुजरबानी हाल में खत्म हुए टी20 विश्व कप में 13 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले संयुक्त रूप से तीसरे गेंदबाज रहे थे जिससे जिम्बाब्वे सुपर आठ चरण में पहुंचा। केकेआर ने एक बयान में कहा केकेआर ने इंडियन प्रीमियर लीग 2026 सत्र के लिए जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी से करार किया है।

## सम्राट, सुरुचि टॉप्स कोर समूह में शामिल

**नई दिल्ली।** उभरते पिस्टल निशानेबाज सम्राट राणा और सुरुचि सिंह, एशियाई स्वर्ण पदक विजेता लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह और विश्व चैंपियन पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत उन आठ खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें हाल में प्रदर्शन के आकलन के बाद टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टीओपीएस) के कोर ग्रुप में शामिल किया गया है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, बैडमिंटन स्टार एच एस प्रणय, पूर्व एशियाई स्वर्ण पदक विजेता राइफल निशानेबाज दिव्यांश सिंह पंवार और पहलवान दीपक पूनिया जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को प्रदर्शन के अपेक्षित मापदंडों को पूरा नहीं कर पाने के कारण कोर समूह से हटा दिया गया है।

## पंत ने मुंबई में युवराज के साथ किया अभ्यास

**मुंबई।** ऋषभ पंत ने पिछले सप्ताह मुंबई में युवराज सिंह के साथ ट्रेनिंग की। यह उनकी आईपीएल 2026 की तैयारियों का हिस्सा था। दोनों ने ब्रेबॉर्न स्टेडियम में लगभग चार दिन बिताए। इस दौरान उन्होंने दिन और रात, दोनों समय बैटिंग सेशन किए और व्हाइट-बॉल क्रिकेट के अलग-अलग तरह के शॉट्स पर अभ्यास किया। 28 साल के पंत का पिछला सीजन कुछ खास नहीं रहा था। इसलिए, इस बार वे अपने प्रदर्शन से सबको प्रभावित करने के लिए बेताब हैं। उनके करीबी एक सूत्र ने बताया युवराज के साथ उनके निजी संबंध काफी अच्छे हैं।



## मसूरी में कुलदीप यादव की हुई हल्दी की रस्म

खेल डेस्क

**अमृत विचार।** चाइनामैन गेंदबाज के नाम से प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेट टीम के अहम खिलाड़ी कुलदीप यादव की देहरादून में हल्दी, मेहंदी की रस्में शुक्रवार को धूमधाम से हुईं। कानपुर का ये खिलाड़ी शनिवार को मसूरी में अपने बचपन की दोस्त वंशिका के साथ सात फेरे लेंगे।

शादी समारोह में शामिल होने के लिए खेल जगत के अलावा वीवीआईपी पहुंच रहे हैं। विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह पहुंच चुके हैं। शुक्रवार को क्रिकेटर रिंकू सिंह और उनकी मंगेतर सपा सांसद प्रिया सरोज शादी में शामिल होने के लिए देहरादून पहुंचे। उनके अलावा यजुवेंद्र चहल, टी दलीप और मोहित शर्मा भी मसूरी पहुंच चुके हैं। वैवाहिक कार्यक्रम लाइब्रेरी बाजार स्थित होटल सेवाय में है। मेहमानों के लिए जेडब्लू मैरियट में कमरे बुक किए गए हैं। विश्वकप विजेता भारतीय टीम के कप्तान सूर्य कुमार यादव, रविंद्र जडेजा, नितेश राणा, सुरेश रैना, मोहम्मद कैफ, रूद्र प्रताप सिंह, जितेश शर्मा भी आज मसूरी पहुंच रहे हैं।

### पढ़ाई के मामले में चाइनामैन गेंदबाज से आगे हैं वंशिका

लेफ्ट आर्म रिस्ट स्पिनर कुलदीप यादव और उनकी बचपन की दोस्त वंशिका चड्ढा दोनों ने अपने-अपने क्षेत्र में सफलता की मिसाल कायम की है। कुलदीप ने जहां क्रिकेट के मैदान में अपनी पहचान बनाई है, वहीं वंशिका ने पढ़ाई में अपनी छाप छोड़ी है। कुलदीप यादव और वंशिका चड्ढा एक दूसरे को कई सालों से जानते हैं। दोनों के परिवार भी लंबे समय से एक दूसरे से परिचित रहे हैं। समय के साथ दोनों की दोस्ती गहरी होती गई और यही रिश्ता आगे चलकर शादी तक पहुंचा। जून 2025 में दोनों की सगाई हुई और अब दोनों शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। कुलदीप यादव का जन्म 14 दिसंबर 1994 को कानपुर में हुआ। उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई कानपुर में ही की। जानकारी के मुताबिक, कुलदीप ने 12वीं कक्षा तक पढ़ाई की है। बचपन से ही उनका झुकाव क्रिकेट की तरफ था और इसी वजह से उन्होंने कम उम्र में ही पढ़ाई के साथ-साथ क्रिकेट पर ज्यादा ध्यान देना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे क्रिकेट में करियर बनाने के लिए उन्होंने अपनी ऊर्जा उसी दिशा में लगा दी और आगे चलकर भारतीय टीम के प्रमुख स्पिनर बन गए। कुलदीप यादव की होने वाली पत्नी वंशिका चड्ढा भी उत्तर प्रदेश से ही हैं और वे कानपुर के श्याम नगर इलाके की रहने वाली बताई जाती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई भारत में पूरी की और इसके बाद आगे की पढ़ाई के लिए ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न गईं. वहां से उच्च शिक्षा पूरी करने के बाद वे भारत लौट आईं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वंशिका चड्ढा फिलहाल एलआईसी में काम कर रही हैं। वह लाइमलाइट से दूर रहना पसंद करती हैं।

# क्रिकेट में भारतीय महिलाओं की भागीदारी बहुत तेजी से बढ़ी

### बीबीसी और कलेक्टिव न्यूजरूम के अध्ययन में सामने आए तथ्य

नई दिल्ली, एजेंसी



**2020** के बाद से 14 राज्यों का लिया गया आंकड़ा

**10** हजार से अधिक महिलाओं को किया गया शामिल

**15** से 24 वर्ष की हर चार में से एक युवती ने खेल को करियर विकल्प के रूप में विचार किया

**10** गुना बढ़कर एक से 10 प्रतिशत हो गई है उत्तर प्रदेश में भागीदारी

'बीबीसी और कलेक्टिव न्यूजरूम' द्वारा कराए गए एक अध्ययन के अनुसार भारत में महिला क्रिकेट का तेजी से विकास हुआ और 2020 के बाद से 14 राज्यों में महिलाओं की भागीदारी दोगुनी हो गई है।

इस अध्ययन में 10,000 से अधिक महिलाओं को शामिल किया गया। इसमें पाया गया कि 2020 में क्रिकेट खेलने वाली महिलाओं की हिस्सेदारी पांच प्रतिशत थी जो अब बढ़कर 10 प्रतिशत हो गई है। वहीं युवा महिलाओं में यह बढ़ोतरी और भी तेजी से हुई है। इसमें 15 से 24 वर्ष के आयु वर्ग में यह छह प्रतिशत से बढ़कर 16 प्रतिशत हो गया है।

अध्ययन के अनुसार 15 से 24 वर्ष की हर चार में से एक युवती ने खेल को करियर विकल्प के रूप में सोचने पर विचार किया है। हाल में भारतीय महिला क्रिकेट टीम का प्रदर्शन भी शानदार रहा है। टीम ने अपना पहला वनडे विश्व कप जीता और लगभग एक दशक में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को तीन मैच की द्विपक्षीय टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला में हराया। खेल की लोकप्रियता बढ़ाने में इस सफलता का भी योगदान हो सकता है। क्रिकेट ने पारंपरिक खेल कबड्डी को भी काफी बड़े अंतर से पीछे छोड़ दिया है जो लंबे समय से भारत के ग्रामीण इलाकों में लोकप्रिय रहा है।

अध्ययन में कहा गया जिन राज्यों में अध्ययन किया गया, उनमें महिलाओं के बीच सबसे अधिक खेले जाने वाले खेल के रूप में क्रिकेट अपनी स्थिति और मजबूत कर चुका है। 2020 में यह कबड्डी से केवल मामूली अंतर से आगे था लेकिन अब क्रिकेट काफी आगे पहुंच गया है। इसके अनुसार अधिकांश क्षेत्रों में भागीदारी बढ़ी है। सर्वे किए गए राज्यों में से केवल दो को छोड़कर सभी में महिलाओं द्वारा क्रिकेट खेलने की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई।

उत्तर प्रदेश में भागीदारी 10 गुना बढ़कर एक से 10 प्रतिशत हो गई है। साथ ही इन राज्यों में क्रिकेट खेलने में महिलाओं और पुरुषों के बीच का अंतर भी कम हुआ है। अध्ययन से यह भी पता चला कि तीन पुरुषों के मुकाबले अब एक महिला क्रिकेट खिलाड़ी है जबकि 2020 में यह अनुपात पांच पुरुष और एक महिला का था। करियर के संदर्भ में 15 से 24 वर्ष की 26 प्रतिशत युवतियों ने खेल में करियर बनाने पर विचार किया है जो 2020 में 16 प्रतिशत था। सबसे अधिक प्रतिशत तमिलनाडु (27 प्रतिशत), मध्य प्रदेश (19 प्रतिशत) और मेघालय (19 प्रतिशत) में दर्ज किया गया। सर्वे में शामिल महिलाओं के बीच बैडमिंटन में भी भागीदारी बढ़ी है, विशेषकर पंजाब, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में। इसके अनुसार अगर सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं का सही समाधान किया जाए तो और अधिक महिलाएं खेलों की ओर आकर्षित हो सकती हैं। जो महिलाएं नहीं खेलतीं, उनमें से 13 प्रतिशत ने सुरक्षा संबंधी चिंताओं को बाधा बताया।

## अबरार से करार पर राजीव शुक्ला बोले- चिंता की बात नहीं

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने ''द हंड्रेड'' नीलामी के दौरान सनराइजर्स लीड्स द्वारा पाकिस्तान के स्पिनर अबरार अहमद को खरीदने को ज्यादा अहमियत नहीं दी और शुक्रवार को कहा कि विदेशी लीग में लिया गया फैसला बोर्ड के अधिकार क्षेत्र से बाहर है।

चेन्नई के मीडिया ग्रुप सन ग्रुप के स्वामित्व वाली सनराइजर्स लीड्स ने बृहस्पतिवार को 'द हंड्रेड' खिलाडियों की नीलामी के दौरान पाकिस्तान के स्पिनर अबरार से करार किया जिससे वह टूर्नामेंट में किसी भारतीय मालिकाना हक वाली फ्रेंचाइजी द्वारा चुने जाने वाले पहले पाकिस्तानी क्रिकेटर बन गए। शुक्ला ने पीटीआई से कहा यह हमारे लिए चिंता का विषय नहीं है। यह आईपीएल नहीं है। 'द हंड्रेड' या दूसरी विदेशी लीग में क्या होता है, हमें इससे कोई लेना-देना नहीं है। ट्रेंट रॉकेट्स के साथ बोली लगाने की होड़ के बाद सनराइजर्स ने अहमद की सेवाएं लेने के लिए लगभग 2.34 करोड़ रुपये दिए। यह टूर्नामेंट 21 जुलाई से 16 अगस्त तक चलेगा। अबरार को खरीदने के बाद सनराइजर्स लीड्स को आलोचना का सामना करना पड़ा और टीम का 'एक्स' अकाउंट कुछ देर के लिए निलंबित कर दिया गया।

## सबालेंका सेमीफाइनल में, स्वियाटेक बाहर



कैलिफोर्निया, एजेंसी

इंडियन वेल्स

एरिना सबालेंका ने कनाडाई किशोरी विक्टोरिया मबोको को हराकर इंडियन वेल्स का अपना पहला खिताब जीतने की दौड़ जारी रखी, जबकि दो बार की विजेता इगा स्वियाटेक टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।

मबोको ने दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका को शुरुआती सेट में कड़ी टक्कर दी, लेकिन बेलारूस की इस खिलाड़ी ने टाई-ब्रेक में अपना दबदबा बनाया। इसके बाद, दूसरे सेट के पांचवें गेम में उन्होंने 19 वर्षीय मबोको की सर्विस तोड़ते हुए 7-6 (7-0), 6-4 से जीत हासिल की। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, इंडियन वेल्स में दो बार उपविजेता रह चुकीं सबालेंका ने अपनी प्रतिद्वंद्वी की हिम्मत की तारीफ़ की और कहा कि उन्हें कोई शक नहीं है कि मबोको भविष्य में बड़ी उपलब्धियां हासिल करेंगी। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सबालेंका का सामना प्रतिष्ठित डब्ल्यूटीए 1,000 इवेंट के सेमीफाइनल में 14वीं सीड लिंडा नोस्कोवा से होगा। चेक खिलाड़ी नोस्कोवा ने ऑस्ट्रेलियाई क्वालिफ़ायर तालिया गिब्सन का सफ़र 6-2, 4-6, 6-2 से हराकर खत्म कर दिया।

2022 और 2024 में इंडियन वेल्स की चैंपियन रहीं स्वियाटेक को यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने तीन सेटों में हरा दिया। अब स्वितोलिना का सामना फ़ाइनल में जगह बनाने के लिए ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन एलेना रायबाकिना से होगा। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी स्वियाटेक, जो अगले हफ़्ते रैंकिंग में रायबाकिना से नीचे खिसक जाएंगी, 6-2, 4-6, 6-4 से हार गईं।

## रंकीरेड्डी और चिराग की जोड़ी स्विस ओपन से हटी

बासेल, एजेंसी

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी के कंधे में दर्द के कारण उनकी और चिराग शेट्टी की शीर्ष भारतीय पुरुष जोड़ी ने शुक्रवार को स्विस ओपन के क्वार्टर फाइनल मुकाबले से पहले टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया। इस सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के अंतिम आठ युगल मुकाबलों में रंकीरेड्डी और शेट्टी का मुकाबला डेनमार्क के क्रिश्चियन फॉस्ट कजेर और रासमस कजेर से होना था। बैडमिंटन में सबसे तेज स्मैश से सुर्खियां बटोरने वाले अमलापुरम के 25 वर्षीय रंकीरेड्डी अपने दाहिने कंधे की समस्या से जूझते रहे हैं। रंकीरेड्डी ने 2023 में बैडमिंटन में सबसे तेज स्मैश का गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाया था, जिसकी गति 565 किलोमीटर प्रति घंटा थी। कोच टैन किम हर ने बताया, यह पुरानी चोट है। उम्मीद है कि वह जल्दी ठीक हो जाएंगे।

### रेसिंग कार बनी धक्का मार



चीन के शंघाई इंटरनेशनल सर्किट में चीनी फॉर्मूला वन ग्रां. प्री. से पहले अभ्यास सत्र के दौरान ब्रिटेन के रेसिंग बुल्स ड्राइवर अरविद लिंडब्लैड की रेसिंग कार बिगड़ गई, उसे गैराज में वापस ढकेला गया। ● एजेंसी

## पांच भारतीय मुक्केबाजों ने पक्के किए पदक

बैंकॉक, एजेंसी

भारत के पांच मुक्केबाजों ने शुक्रवार को यहां क्वार्टर फाइनल में शानदार जीत के बाद विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप में पोडियम में जगह पक्की कर ली। गुंजन (48 किग्रा), जॉयश्री देवी (54 किग्रा), अंबेकर मीतेई (50 किग्रा), चंद्रिका पुजारी (51 किग्रा) और राधामणि लोंगजाम (57 किग्रा) की जीत से भारत की पदक की उम्मीदें और मजबूत हुईं। ये सभी सेमीफाइनल में पहुंच गए जिससे देश के लिए टूर्नामेंट में पांच पदक पक्के हो गए।

सुबह के सत्र में गुंजन ने अजरबेजान की गुलर हुसेनोवा पर 5-0 से जीत हासिल की जबकि जॉयश्री देवी ने जापान की यूरा कनेमारू को हराकर शानदार प्रदर्शन किया। अंबेकर मीतेई ने पुरुषों के 50 किग्रा वर्ग में जापान के अकीरा उएकुबो पर 4-1 से जीत दर्ज की।

## लावण्या ने हीरो विमेंस प्रो टूर का खिताब जीता

**गुरुग्राम।** एमेच्योर गोल्फर लावण्या गुप्ता ने शुक्रवार को यहां डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के पांचवें चरण के आखिरी दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया।

लावण्या ने चौथे दौर में दो ओवर 74 का कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर एक ओवर 217 का रहा। उन्होंने इस स्कोर की बदौलत दुर्गा नित्तूर (75-70-77) और जैस्मीन शेखर (70-74-78) को पांच शॉट से हराकर प्रतियोगिता जीत ली।

# ईरान फुटबॉल टीम बोली- विश्व कप में भाग लेने से कोई नहीं रोक सकता

जेनेवा, एजेंसी

● अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान पर किया पलटवार

● ट्रंप ने बोले थे- ईरानी खिलाड़ियों की सुरक्षा नहीं कर सकता सह-मेजबान अमेरिका



ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा है कि उसे पुरुषों के फीफा विश्व कप से कोई भी बाहर नहीं कर सकता।

टीम ने बृहस्पतिवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट में तंज करते हुए यह भी कहा कि अगर सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जा सकती, तो शायद अमेरिका की टीम को ही टूर्नामेंट से बाहर कर देना चाहिए। यह प्रतिक्रिया ट्रंप की उस टिप्पणी के बाद आई, जिसमें उन्होंने संकेत दिया था कि सह-मेजबान अमेरिका ईरान के खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकता। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि मौजूदा युद्ध के बावजूद ईरान की टीम का विश्व कप में स्वागत है, लेकिन मुझे सच में नहीं लगता कि उनकी जान और सुरक्षा के लिहाज से उनका वहां होना उचित है।

ईरान को ग्रुप चरण के अपने तीनों मुकाबले अमेरिका में खेलने हैं। फीफा विश्व कप की मेजबानी अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा संयुक्त रूप से कर रहे हैं। इस युद्ध के कारण ईरान की विश्व कप में भागीदारी पर सवाल उठने लगे हैं।

देश के खेल मंत्री अहमद दोन्यामाली ने इस सप्ताह सरकारी टीवी से कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में खेलना संभव नहीं लग रहा। इंस्टाग्राम पर ईरान की टीम की प्रतिक्रिया से स्पष्ट हुआ कि वे टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के इच्छुक है। पोस्ट में इस बात पर भी जोर दिया गया कि टूर्नामेंट का संचालन फीफा करता है, न कि ट्रंप या अमेरिका।

पोस्ट में कहा गया विश्व कप एक ऐतिहासिक और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट है और इसका संचालन किसी एक व्यक्ति द्वारा नहीं, बल्कि फीफा के द्वारा होता है। निश्चित रूप से कोई भी ईरान की राष्ट्रीय टीम को विश्व कप से बाहर नहीं कर सकता। बाहर वही देश हो सकता है जो केवल मेजबान का दर्जा रखता हो लेकिन इस वैश्विक आयोजन में भाग लेने वाली टीमों को सुरक्षा देने की क्षमता नहीं रखता हो।

टूर्नामेंट कार्यक्रम के अनुसार ईरान को 15 जून को कैलिफोर्निया में न्यूजीलैंड के खिलाफ और 21 जून को बेल्जियम के खिलाफ खेलना है।

प्रेरणा

पैरालंपिक खेलों में ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स में दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट ने बताया सफलता का राज

# मैं सिर्फ टाइमिंग पर ध्यान देती हूं, पदक पर नहीं : प्रीति पाल

नई दिल्ली, एजेंसी





प्रीति पाल, जो पैरालंपिक खेलों में ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स में दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट हैं, ने अपनी सफलता का राज बताया है। उनका कहना है कि वह सिर्फ अपनी टाइमिंग बेहतर करने पर ध्यान देती हैं और मेडल जीतने के बारे में सोचकर खुद पर दबाव नहीं डालतीं। प्रीति ने 2024 पेरिस पैरालंपिक्स में दो ब्रॉन्ज मेडल जीते थे। एक महिलाओं की 100मी रेस में और दूसरा 200मी टी35 रेस इवेंट में।

बुधवार को चल रहे वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में महिलाओं की 100मी टी35/टी37 रेस में गोल्ड मेडल जीतने के बाद यूनीवार्ता से बात करते हुए प्रीति ने कहा यह वह मुकाबला है जहां हर कोई अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करता है। यहां बात मेडल की नहीं, बल्कि टाइमिंग की होती है। यहां मुकाबला करने आए सभी एथलीटों ने अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश की है। मुझे तो यह भी लगता है कि मैं ठीक वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाई जैसा मैं ट्रेनिंग के दौरान कर रही थी। वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 11 से 13 मार्च तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेला जा रहा है, जिसमें आठ देशों के एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। प्रीति ने रेस में गोल्ड मेडल जीतने के लिए 14.46 सेकंड का समय लिया। रूस की मार्गरीटा माताएवा 16.25 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि करीना माचुलस्काया ने 17.38 सेकंड के समय के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता।

एक पैरा एथलीट के तौर पर उन्हें जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा, उन पर बात करते हुए इस स्प्रिंटर ने कहा कि चोटें एथलीटों के लिए सबसे बड़ी रुकावटों में से एक बनी रहती हैं, खासकर तेज रफ्तार वाले स्पीड सेशंस के दौरान। कई दिक्कतें आई हैं, खासकर चोटें। चोटें तो हर एथलीट को लगती हैं। जब हम स्पीड सेशंस शुरू करते हैं, तो चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है। रिकवरी बहुत जरूरी हो जाती है। हमारे कोच हमें आइस बाथ (बर्फ़ के पानी में नहाना) दिलवाकर रिकवरी में मदद करते हैं, जिससे बहुत फ़ायदा होता है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि चोट-मुक्त रहने से एथलीट ट्रेनिंग, खान-पान और आराम पर बेहतर तरीके से ध्यान दे पाते हैं।

मुकाबले की अपनी तैयारियों के बारे में प्रीति ने बताया कि पिछले एक महीने से ट्रेनिंग के दौरान वह अपनी अब तक की सबसे अच्छी टाइमिंग हासिल कर रही थीं। 25 साल की इस एथलीट ने खिलाड़ियों को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए नेशनल ट्रेनिंग ग्रुप को श्रेय दिया।

### हमारी तैयारी बहुत अच्छी रही

यूपी की रहने वाली प्रीति ने कहा हमारी तैयारी बहुत अच्छी रही है। नेशनल टीम में हम एक ग्रुप के तौर पर ट्रेनिंग करते हैं और एक-दूसरे से सीखते हैं। हमारे साथ सिमरन शर्मा जैसी एथलीट हैं, जो अर्जुन अवॉर्ड विजेता और पैरालंपिक मेडलिस्ट हैं, और चिराग बरेठा हैं, जो पहले दुनिया में नंबर एक रैंक पर थे। साथ में प्रैक्टिस करने से हम सभी को बेहतर बनने में मदद मिलती है। आगे की ओर देखते हुए, इस पैरा स्प्रिंटर ने कहा कि वह आने वाले इवेंट में और भी दमदार प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। 200मी का इवेंट तीसरे दिन है, और मैं उसमें अच्छा करने की पूरी कोशिश करूंगी। मैं कोई बहाना नहीं बनाना चाहती, मैं बस अपने प्रदर्शन को और बेहतर बनाना चाहती हूं।